www.anantgyaan.in



हैप्पी दशहरा

# अनंत ज्ञान

विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 2 अक्तूबर 2025 | 17 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 275, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

सूर्योदय 6:14 सूर्यास्त 6:08

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 18 न्यू | 29 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,983.31 |
| निफ्टी | 24,836.30 |
| सोना | 1,17,332 |
| चांदी | 1,45,120 |

# आज देव-मानस मिलन की गवाह बनेगी रघुनाथ की नगरी

## भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा से शुरू होगा अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा, रथयात्रा में शामिल होंगे सैकड़ों देवी-देवता और लोग

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। देवभूमि में आज एक बार फिर भगवान रघुनाथ जी की नगरी देव-मानस के मिलन की गवाह बनेगी और भगवान रघुनाथ जी के सम्मान में और रथयात्रा के साथ ही देवमहामकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का देवपरंपरानुसार विधिवित आगाज होगा। इस रथ यात्रा में भाग लेने के लिए जनपद के सैकड़ों देवी-देवता व हजारों लोग ढालपुर मैदान पहुंच चुके हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा परंपरागत तरीके से रथ मैदान से ढालपुर मैदान की चानणी तक होगी तथा सैकड़ों देवी-देवता प्रभु रघुनाथ के साथ मिलने के बाद अपने-अपने अस्थायी स्थानों में सात दिनों के लिए विराजमान होंगे।

**राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे शुभारंभ सीएम सुक्खू समापन**

इसके पश्चात शाम के समय राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल प्रदर्शनी मैदान में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन करने के बाद सायंकाल अंतरराष्ट्रीय लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में सात दिनों तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन करेंगे। इसका समापन 8 अक्तूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लंका दहन के साथ करेंगे। इस दिन रघुनाथ जी की रथयात्रा होगी और लंका दहन के बाद सायंकाल लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन होगा।



अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा की फाइल फोटो।

अनंत ज्ञान खास खबर

### 1200 जवानों को सुरक्षा का जिम्मा

**इस** बार दशहरा उत्सव में 1200 जवानों के जिम्मे सुरक्षा व्यवस्था होगी। वहीं, पहली बार कुल्लू पुलिस आधुनिक तकनीक एआई से भी निगरानी करेगी। साथ ही पुलिस के विभिन्न दस्ते, डॉग स्क्वायड, 136 कैमरों से भी ट्रैफिक व अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से उत्सव स्थल को 14 सेक्टर में बांटा है।



**दशहरा** उत्सव के लिए इस बार 332 देवी-देवताओं को निमंत्रण भेजा गया है। इस बार आपदा के कारण जिला में भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में इस बार यह उत्सव आपदा प्रभावितों के लिए समर्पित होगा। उत्सव में अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर बॉलीवुड व अन्य कलाकारों को नहीं बुलाया गया है। कलाकारों पर खर्च होने वाली धनराशि को आपदा प्रभावितों को दिया जाएगा। सिर्फ हिमाचल के कलाकारों की प्रस्तुतियां इस बार देखने को मिलेंगी। 8 अक्तूबर को कार्निवाल का आयोजन होगा। 15 अक्तूबर को रोजगार मेले का भी आयोजन पहली बार किया जा रहा है। राज्यपाल उत्सव का आगाज करेंगे, जबकि सीएम समापन करेंगे।

**-सुंदर सिंह ठाकुर, अध्यक्ष दशहरा उत्सव समिति एवं विधायक कुल्लू**

## न्यूज शॉर्ट्स

### रेगुलेटरी कमीशन चेयरमैन पद की भर्ती प्रक्रिया रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के चेयरमैन पद पर भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। इस नियुक्ति को लेकर शुरू से ही कई सवाल उठ रहे थे। चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और योग्यता को लेकर आपत्तियां सामने आई थीं, जिसके चलते सरकार ने यह निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार, सरकार अब इस पद पर नई भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से शुरू करने की तैयारी कर रही है। यह फैसला ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रशासनिक और तकनीकी मामलों की गंभीरता को देखते हुए लिया गया है। जल्द ही नई अधिसूचना जारी कर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाने की संभावना है।

### मतदाता सूची का ड्राफ्ट 6 को होगा जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दिसंबर माह में होने वाले पंचायत और नगर निकाय चुनावों की तैयारियां चुनाव आयोग ने शुरू कर दी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार से मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत 6 अक्तूबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट सार्वजनिक किया जाएगा। जानकारी के अनुसार ड्राफ्ट जारी होने के बाद मतदाता अपने सुझाव और आपत्तियां 8 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक दर्ज करवा सकेंगे। चुनाव आयोग इन दावों और आपत्तियों की जांच कर 27 अक्तूबर से 3 नवंबर तक सुनवाई करेगा और इसके बाद 10 नवंबर तक निर्णय सुनाया जाएगा। आयोग ने सभी मतदाताओं से समय पर अपनी आपत्तियां दर्ज कराने का आग्रह किया है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बेंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने बुधवार को एक्स पर इसकी जानकारी दी। प्रियांक ने लिखा, 'मल्लिकार्जुन खड़गे को पेसमेकर लगाने की सलाह दी गई है और उन्हें पहले से प्लानिंग के तहत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है और वे बेहतर महसूस कर रहे हैं। आपकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं।' बेंगलुरु के एमएस रमैया अस्पताल में डॉक्टर उनकी देखभाल कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- टूर्नामेंट खेलने के लिए निकले खिलाड़ी पहुंचे थाने पेज 2
- पर्यटन नगरी में सड़कें टूटी; नहीं आ पा रहे पर्यटक, कारोबार ठप -पेज 5
- चिंतपूर्णी मंदिर के निकासी द्वार पर खाली दुकानों में भड़की आग -पेज 7
- कंडाघाट नगर पंचायत बहाल रहने का संकेत दे गया शांडिल का दौरा -पेज 12
- सीएम सुक्खू ने 14 अग्निशमन वाहनों को दिखाई हरी झंडी -पेज 13


# केंद्रीय कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

## डीए 3 प्रतिशत बढ़ा; 1 जुलाई से होगा लागू, 3 महीने का एरियर मिलेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने दशहरा और दिवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3% की बढ़ोतरी कर दी है। यह इजाफा एक जुलाई से लागू होगा। कर्मचारियों को 3 महीने का एरियर मिलेगा। यह फैसला बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया। अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55% से बढ़कर 58% हो जाएगा। इसका लाभ 49.2 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। इससे केंद्र सरकार के खजाने पर 10,084 करोड़ रुपए का भार आएगा।

बता दें कि सरकार ने मार्च महीने में महंगाई भत्ते में 2% की बढ़ोतरी की गई थी। तब यह 7 साल में सबसे कम इजाफा था। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3% से 4% के बीच होती है, लेकिन उस वक्त बढ़ोतरी सिर्फ 2% की थी। एक्सपर्ट मानते हैं कि इससे कर्मचारियों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे बाजार में मांग को बल मिलेगा और त्योहारों के दौरान आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। केंद्रीय कैबिनेट में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। इसमें से 7 गृह मंत्रालय के अंतर्गत आएंगे। वहीं, 50 विद्यालयों को राज्य सरकार संभालेगी। इनमें से 20 स्कूल उन जिलों में खोले जाएंगे जहां पहले से कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है। (अनंत ज्ञान)



**केंद्रीय कैबिनेट ने नए 57 केंद्रीय विद्यालयों को दी मंजूरी**

### रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया

**केंद्र** सरकार ने रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का फैसला भी लिया है। एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि कुसुम्भ के लिए 600 रुपए प्रति क्विंटल की गई है। तत्पश्चात मसूर के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल की गई है। रेपसीड और सरसों, चना, जौ और गेहूं के लिए क्रमशः 250 रुपए प्रति क्विंटल, 225 रुपए प्रति क्विंटल, 170 रुपए प्रति क्विंटल और 160 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

### आरबीआई ने 5.5% पर बरकरार रखा रेपो रेट

**एजेंसी, मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार दूसरी बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5% पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। इससे पहले अगस्त में हुई मीटिंग में भी इसमें बदलाव नहीं हुआ था। आरबीआई ने देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5% से बढ़ाकर 6.8% किया। यह फैसला मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की 29 सितंबर से 1 अक्तूबर तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कमेटी के सभी मेंबर्स ब्याज दरों में स्थिर रखने के पक्ष में थे। जीएसटी में कटौती के बाद महंगाई में कमी के चलते ये फैसला लिया गया। आरबीआई गवर्नर ने साफ किया कि यूपीआई लेनदेन पर अभी कोई चार्ज लगाने का प्रस्ताव नहीं है। सरकार और आरबीआई चाहते हैं कि डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा मिले, इसलिए यूपीआई को मुफ्त रखा जाएगा।

**जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5% से बढ़ाकर 6.8% किया**


**यूपीआई रहेगा मुफ्त, कोई चार्ज नहीं लगेगा**

# वृद्धजनों के लिए जल्द शुरू होगी रोगी मित्र योजना : सीएम सुक्खू

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शिमला के रिज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की कि वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच के लिए रोगी मित्र योजना शीघ्र ही शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में छह लाख इकहत्तर हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को बिना आय सीमा के प्रतिमाह एक हजार से 1700 रुपए तक की मासिक पेंशन दी जा रही है। इनमें साठ से उनहत्तर वर्ष के पुरुषों को एक हजार रुपए, महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए और सत्तर वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 1700 रुपए प्रतिमाह पेंशन मिल रही है।

वहीं, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के अंतर्गत प्रदेश की दो लाख सैंतीस हजार महिलाओं को भी प्रतिमाह पंद्रह सौ रुपए की पेंशन दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि ज्वालामुखी में सौ करोड़ रुपए की लागत से सुख आश्रय परिसर का निर्माण किया जा रहा है, जहां वृद्धजनों को घर जैसा माहौल और सभी सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद सामाजिक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसी दिशा में हिमाचल प्रदेश ने देश में पहला कानून बनाकर अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया है। सरकार उनकी सत्ताइस वर्ष की आयु तक देखभाल और शिक्षा का पूरा प्रबंध कर रही है।



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में किए कई सुधार

**मुख्यमंत्री** ने स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों की प्रगति पर भी प्रकाश डाला और कहा कि सरकार ने इन क्षेत्रों में कई सुधर किए हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों को अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित किया जा रहा है और चमियाना व टांडा मेडिकल कॉलेज में केवल तीस हजार रुपए में रोबोटिक सर्जरी शुरू की गई है, जबकि निजी अस्पतालों में इसकी लागत दो लाख रुपए तक है। शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण बदलाव लाने के लिए नीतिगत निर्णय लिए गए हैं और आने वाले समय में सौ विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर बनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से आए वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों की रैंप वॉक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

# अमेरिका में शटडाउन, लाखों कर्मियों की सैलरी पर संकट

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका में एक अक्तूबर से शटडाउन लागू हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सीनेट से फंडिंग बिल को पास नहीं करा पाए। इससे कई गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गए हैं, जिससे करीब 9 लाख सरकारी कर्मचारियों को बिना सैलरी छुट्टी पर भेजने की नौबत आ गई है। दरअसल, मंगलवार देर रात बिल पर वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में 55 और विरोध में 45 वोट पड़े। इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी।

100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। हालांकि, दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। वहीं, ट्रंप ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी 35 दिन का शटडाउन लगा था। (अनंत ज्ञान)

**ट्रंप सीनट में पास नहीं करा पाए फंडिंग बिल**

### शटडाउन?

अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है।

# आरएसएस के लिए राष्ट्र प्रथम : पीएम

## कहा- संघ के पास डेमोग्राफी में बदलाव रोकने का रोडमैप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधनमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह में बुधवार को कहा, 'संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता नहीं दिखाई। चाहे प्रतिबंध लगे, या साजिश हुई हो, सभी का मंत्र रहा है कि जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है।' मोदी ने कहा कि हमारे देश को घुसपैठियों से बड़ी चुनौती मिल रही है। डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। हमें इससे सतर्क रहना है। स्वयंसेवक होने के नाते मुझे खुशी है कि संघ ने इसके लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है। उन्होंने कहा कि आरएसएस की एक धारा, बंटती तो गई, लेकिन उनमें कभी विरोधाभास पैदा नहीं हुआ, क्योंकि हर धारा का उद्देश्य, भाव एक ही है, राष्ट्र प्रथम। उन्होंने आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। डाक टिकट पर राष्ट्र सेवा के 100 वर्ष (1925-2025) लिखा है। सिक्के पर एक तरफ 100 रुपए, सत्यमेव जयते और भारत/इंडिया लिखा है। दूसरी तरफ, भारत माता और संघ कार्यकर्ताओं की आकृति उकेरी गई है। साथ में लिखा है 'राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के 100 वर्ष (1925-2025)।'

उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक, जो लगातार देश सेवा में जुटे हैं, समाज को सशक्त कर रहे हैं, इसकी भी झलक इस डाक टिकट में है। मैं इसके लिए देश को बधाई देता हूं। (अनंत ज्ञान)

**संघ के योगदान वाला स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी किया जारी**

### पीएम ने हेडगेवार की कार्यशैली को सराहा



**पीएम** मोदी ने कहा कि अपने गठन के बाद से ही आरएसएस विराट उद्देश्य लेकर चला। उन्होंने कहा, 'हेडगेवार जी कहते थे, जैसा है वैसा लेना है, जैसा चाहिए वैसा बनाना है। लोकसंग्रह का तरीका समझना है तो कुम्हार को देखते हैं। जैसे ईंट पकाना है तो पहले मिट्टी लाता है, आकार देता है, खुद भी तपता है, ईंट भी तपाता है। ऐसे ही हेडगेवार बिलकुल सामान्य व्यक्ति को चुनकर देश के लिए तैयार करते थे।

# फिलीपींस में 6 .9 तीव्रता का भूकंप, 69 की मौत

**एजेंसी, मनीला**

फिलीपींस के केंद्रीय प्रांत में मंगलवार देर रात आए 6.9 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि घरों और इमारतों की दीवारें ढह गईं, जिसकी चपेट में आकर कम से कम 69 लोगों की मौत हुई है और 150 से ज्यादा घायल हो गए। भूकंप के बाद फिलीपींस के एक बड़े हिस्से में बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई और लोग अंधेरे में घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र 90 हजार की आबादी वाले सेबू प्रांत के तटीय शहर बोगो से करीब 19 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में जमीन के पांच किलोमीटर नीचे था। यहां कम से कम 14 लोगों की मौत हुई है और मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। बताया गया है कि बोगो में राहत-बचाव कर्मी लगातार मलबे में तब्दील हुए घरों से लोगों को निकालने की कोशिशों में जुटे हैं। यहां गांव के गांव भूस्खलन के चलते मिट्टी के ढेर में दब गए। अधिकारियों के मुताबिक, मेडेलिन में घरों की छत और दीवार गिरने से अलग-अलग परिवारों के 12 लोग मारे गए। इनमें से कई लोग देर रात को गहरी नींद में थे। वहीं, सैन रेमिजियो कस्बे में एक बास्केटबॉल मैच के दौरान भूकंप से बचने की कोशिश कर रहे पांच लोगों की जान गई। भूकंप से दमकल केंद्र, सड़कों, गिरजाघर और कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचा है। (अनंत ज्ञान)

**150 से ज्यादा लोग घायल, कई मकान और चर्च धराशायी**

# एचएएल को अमेरिका से मिला तेजस का चौथा इंजन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के लिए तेजस विमान बना रही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को चौथा इंजन मिल गया है। यह इंजन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने सौंपा है। नवंबर तक भारतीय वायुसेना को दो तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट मिल जाएंगे। फरवरी 2021 में सरकार ने जीई के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन जीई कंपनी अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक जीई सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। एलसीए मार्क-1ए तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एलसीए मार्क-1ए के 65% से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। (अनंत ज्ञान)



**वायुसेना को नवंबर में मिलेंगे 2 तेजस मार्क-1ए**

**उद्योग** प्लॉट आवंटन का काम पूरा, कलपुर्जों और दवाइयों के निर्माण का कार्य शुरू

# इंडस्ट्रियल हब के रूप में उभरेगा सोलन का वाकनाघाट

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** देश के सबसे बड़े औद्योगिक हब बीबीएन के बाद जिला सोलन का वाकनाघाट क्षेत्र उद्योगपतियों की पहली पसंद बना है। उद्योग विभाग ने प्रदेश के नए वाकनाघाट में प्लॉट आवंटन का कार्य पूरा कर लिया है। यहां पर दवाओं के साथ ही कलपुर्जों के निर्माण के यूनिट स्थापित किए जा रहे हैं। इससे प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

खास बात यह है कि बद्दी नालागढ़ के मुकाबले यहां का तापमान काफी अनुकूल है। बड़ी बात यह कि यह स्थान राजधानी शिमला और सोलन शहर के मध्य स्थित है। ऐसे में यहां उद्योगपतियों का आकर्षण बढ़ा है। विभाग की ओर से उद्योगपतियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए रास्ता भी ठीक करवा दिया है, ताकि कच्चा पक्का माल लाने और ले जाने में कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसी के साथ औद्योगिक क्षेत्र को अलग से पहचान दिलवाने के लिए कई प्रकार की सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं। बता दें कि पिछले काफी समय से वाकनाघाट में उद्योगों को बसाने की प्रक्रिया चली हुई थी। उद्योगों को लगाने के लिए प्रथम स्तर में 23 प्लॉट बनाए गए हैं। इसमें से लगभग सभी प्लॉट आवंटित हो चुके हैं।



अनंत ज्ञान स्पैशल

### सात उद्योग मालिकों ने खरीदे प्लॉट

**विभाग** की ओर से सभी कार्य पूर्ण होने के बाद वाकनाघाट में सात उद्योग मालिकों ने प्लॉट खरीदे हैं। इनमें से चार यूनिट में सामान का उत्पादन भी हाल ही में शुरू हो गया एक अन्य उद्योग ने यूनिट स्थापित कर दी है। बताया जा रहा है कि एक माह में यूनिट में उत्पादन कार्य शुरू हो जाएगा, जबकि अन्य यूनिट की ओर से स्थापना का कार्य चला हुआ है।



**वाकनाघाट** औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट का आवंटन कर दिया है। औद्योगिक इकाइयां स्थापित होना भी शुरू हो गई हैं। चार फर्मों ने अपनी उत्पादन का कार्य शुरू कर दिया है, जबकि अन्य फर्मों की ओर से भी यूनिट स्थापित की जा रही हैं। कुछ यूनिट आगामी दिनों में शुरू हो जाएंगी।

**-सुरेंद्र ठाकुर, महाप्रबंधक, उद्योग विभाग, सोलन**

# श्रीनगर में 15 युवा राष्ट्रगान के लिए खड़े नहीं हुए, अरेस्ट

**एजेंसी, श्रीनगर।** श्रीनगर में राष्ट्रगान के दौरान 15 युवा खड़े नहीं हुए। इन सभी युवाओं को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कश्मीर में लोगों को जबरन यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है। मुफ्ती ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है। दरअसल, मंगलवार शाम श्रीनगर के एक फुटबॉल मैदान में राष्ट्रगान बजने के दौरान बैठे रहने पर 15 युवाओं को पुलिस ने हिरासत में लिया था। महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को बगाट-ए-बरजुल्ला स्थित मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट स्कूल के मैदान का दौरा किया। मुफ्ती ने कहा कि पुलिस इस जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही है, जिससे स्थानीय लोगों और युवाओं को खेल का मैदान खोना पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

**भाजपा कश्मीर के लोगों को बंदूक की नोक पर मजबूर कर रही : मुफ्ती**

## न्यूज ब्रीफ

### टौणी देवी के अनुभागों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** विद्युत उपकेंद्र टौणी देवी में उपकरणों की आवश्यक मरम्मत के चलते 3 अक्तूबर को विद्युत उपमंडल टौणीदेवी के चारों अनुभागों टौणी देवी, टिक्करी, काले अंब और कोट में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल टौणीदेवी के सहायक अभियंता दीपक चैहान ने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### 30 तक बंद रहेगी झनिक्कर-बढार सड़क

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** लोक निर्माण विभाग के समीरपुर उपमंडल के अंतर्गत झनिक्कर-बढार सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 30 अक्तूबर तक बंद कर दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए भोरंज के एसडीएम शशि पाल शर्मा ने बताया कि झनिक्कर-बढार सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर यातायात 30 अक्तूबर तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक पंजोत-कंजयाण-डेरा परोल सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### त्रिशा पब्लिक स्कूल में मनाया दशहरा उत्सव



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा पब्लिक स्कूल में दशहरा उत्सव मनाया गया। इसके उपलक्ष में बुधवार को विद्यार्थियों ने डांडिया डांस, दशहरे से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में सभी बच्चों ने बड़े ही जोश से भाग लिया। इस उत्सव की मुख्यातिथि अनुकृति वशिष्ठ ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

### नई कांप्लेक्स प्रणाली का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड भोरंज ने शिक्षा विभाग की 23 सितंबर की नई कांप्लेक्स प्रणाली अधिसूचना का कड़ा विरोध किया है। संघ के प्रधान राजेंद्र कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यह शिक्षा और शिक्षक विरोधी फैसला है। उन्होंने बताया कि पहले प्राथमिक विद्यालयों के प्रशासनिक अधिकार केंद्रीय मुख्य शिक्षक और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के पास होते थे, लेकिन नई प्रणाली में ये अधिकार प्रधानाचार्यों को दे दिए गए हैं। यह बदलाव शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की स्वतंत्रता दोनों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मांग की है कि अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और प्रशासनिक शक्तियां पूर्ववत रखी जाएं।

### तकनीकी विवि के छात्रों ने किया औद्योगिक दौरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के बीटेक और एमसीए के विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ स्थित बेबो टेक्नोलॉजीज का औद्योगिक दौरा किया। इस दौरे का मकसद छात्रों को तकनीकी उद्योग के वास्तविक कामकाज और कॉर्पोरेट संस्कृति से परिचित कराना था। विद्यार्थियों ने सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, क्वालिटी एश्योरेंस और क्लाइंट रिलेशनशिप जैसे विभागों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कंपनी के विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा साइंस पर चल रही परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी अनामिका रांगड़ा तथा कंप्यूटर साइंस विभाग की प्राध्यापक शिवानी राणा भी इस दौरे में मौजूद रहीं। यह अनुभव छात्रों के लिए उनकी पढ़ाई को वास्तविक दुनिया से जोड़ने में सहायक रहा।

### 25 युवाओं में से 11 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस सेल, रोवर एंड रेंजर्स और एनएसएस इकाई के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रमेश ठाकुर, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बंगाणा, ऊना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सर्वोत्तम माध्यम है। शिविर में कला संकाय की छात्राएं शिवांगी और वीनस ने प्रेरणादायक भूमिका निभाई। कुल 25 युवाओं का परीक्षण हुआ, जिनमें से 11 ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। मुख्य अतिथि ने युवाओं को सेवा भावना से प्रेरित होकर समाज के लिए कार्य करने का संदेश दिया।

### दिवंगत बेटे की याद में लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** अपने दिवंगत बेटे की याद में उसकी मां सविता महाजन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। बीएमओ डॉ. राज कुमार ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी रक्तदान किया। सेवानिवृत्त शिक्षिका सविता महाजन ने बताया कि 1 अक्तूबर 2015 को उनके बेटे की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। उन्होंने उसी समय यह प्रण लिया था कि बेटे की याद में प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, तब से लेकर हर साल रक्तदान शिविर आयोजित होता है। दिशा फाउंडेशन के सहयोग से यह रक्तदान शिविर लगाया जाता है। बीएमओ डॉ. राज कुमार ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि रक्त बाजार में नहीं मिलता और जब रक्त की जरूरत पड़ती है तो आपके द्वारा दिया गया रक्त लोगों का जीवन बचाने के काम आता है, इसलिए जब भी समय मिले, रक्तदान जरूर करें।

### गांधी के तीन बंदरों पर नाटिका की प्रस्तुत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल ने दीप प्रज्वलित कर की। कक्षा पांचवी के छात्रों ने गांधी के तीन बुद्धिमान बंदरों पर नाटिका प्रस्तुत की, जबकि अन्य कक्षाओं के छात्रों ने देशभक्ति गीत और 'स्वच्छ भारत अभियान' पर नाटिका से कार्यक्रम को सजीव बनाया। मुख्याध्यापिका ने बच्चों को गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों से परिचित कराया। प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और सत्य, अहिंसा व अनुशासन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### कविता वाचन में शाद आलम ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर के विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में आयोजित वीर रस कविता वाचन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। वरिष्ठ वर्ग में शाद आलम ने प्रथम स्थान और कनिष्ठ वर्ग में अखिलेश राव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में दोनों वर्गों के प्रतिभागियों ने वीर रस की गूंज से माहौल को ऊर्जा से भर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा ने विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को सफलता का कारण बताया। मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। हिंदी विभाग के सभी अध्यापकों को भी इस उपलब्धि पर बधाई दी गई।

### छात्रों को सीए की भूमिका की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में करियर काउंसलिंग सेल के तत्वावधान में इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सीए पूजा मिन्हास ने विद्यार्थियों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी प्रोफेशन के महत्व, कोर्स संरचना, फीस और विभिन्न स्तरों के विषयों की जानकारी दी। प्राचार्य विभा ठाकुर की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में बताया गया कि ICAI एक प्रतिष्ठित संस्था है जो भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि सीए का करियर उद्योग, सरकारी सेवाओं, अकादमिक क्षेत्र और उद्यमिता सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सीए बनने के लिए कठिन परिश्रम और समर्पण आवश्यक है।

# टूर्नामेंट खेलने निकले खिलाड़ी पहुंचे थाने

## नरेली हाई स्कूल के छात्रों ने शारीरिक शिक्षक पर लगाए मारपीट के आरोप, करवाया मेडिकल

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** सरकारी स्कूल के 11 छात्र घर से तो टूर्नामेंट के लिए निकले थे, लेकिन अभिभावकों के साथ पहुंच गए पुलिस थाना। पुलिस थाना में पहुंचने के बाद शारीरिक शिक्षक के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज करवा दी। यह मामला राजकीय उच्च पाठशाला नरेली का है जिसमें पढ़ने वाले छात्रों ने शारीरिक शिक्षक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने भी शिकायत के आधार पर बच्चों का मेडिकल करवाया और इसकी रिपोर्ट उपनिदेशक को सौंप दी है।

दरअसल यह मामला मंगलवार का है जब टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन किया गया था तो वे बच्चे अंडर-19 खेलने की जिद करने लगे। जबकि उच्च पाठशाला की टीम अंडर-14 या अंडर-17 में खेल सकते हैं। भोरंज में बुधवार को शुरू हुए टूर्नामेंट में जो टीम चयनित की गई थी व स्कूल के पीईटी ने प्रशिक्षण भी दिया था। बच्चों ने अपनी शिकायत में बताया कि शारीरिक शिक्षक ने उनके साथ मारपीट की। जिसकी बच्चों ने बुधवार को पुलिस थाना पहुंच कर अभिभावकों के साथ अपनी शिकायत दर्ज करवा दी। बता दें कि बच्चों को बुधवार सुबह 6 स्कूल में आने के लिए कहा गया था जिससे वह भोरंज में बुधवार से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में भाग ले सके। बच्चे स्कूल में पहुंचे भी और 6.30 बजे भोरंज में टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बस में हमीरपुर आ गए। हमीरपुर आने के बाद वे सीधा पुलिस थाना पहुंचे व पीईटी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी। सबसे रोचक बात यह है कि बच्चों द्वारा की गई शिकायत का उनके अभिभावकों को भी जानकारी नहीं है। पुलिस थाना में आए अभिभावकों से बात की उन्होंने बताया कि हमें कुछ अभिभावकों ने पुलिस थाना में आने के लिए कहा है। हालांकि स्कूल के 11 छात्रों में से कुछ छात्रों ने अपनी शिकायत वापस ले ली है जबकि अन्य 9 छात्रों ने शिकायत वापस नहीं ली है जिसके चलते पीईटी के खिलाफ मामला दर्ज हो गया है।



### उपनिदेशक को दी जाएगी मेडिकल रिपोर्ट : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि 9 बच्चों का मेडिकल करवा दिया है इसकी रिपोर्ट बनाकर उपनिदेशक को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर ही अगला कदम उठाया जाएगा।

### राजनीतिक साजिश का आरोप, शारीरिक शिक्षक बोले- बेवजह फंसाया जा रहा

**उच्च** पाठशाला नरेली के शारीरिक शिक्षक राज कुमार ने बताया कि मैं तो इन्हें टूर्नामेंट के लिए स्कूल से लेकर आया, लेकिन यह तो थाना में पहुंच गए। उन्होंने बताया कि आज तक नहीं हुआ है क्योंकि मैं यहां पर पिछले 4 साल से बच्चों को प्रशिक्षण दे रहा हूं। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल होने की वजह से बच्चे अंडर-14 या अंडर-17 में जाने थे, लेकिन पिछले कल ही बच्चे कहने लगे कि हमें अंडर-19 में खो-खो में जाना है। बच्चों को इसके बारे में पता था कि किस वर्ग में खेलना है और इनके अभिभावकों को भी बुलाया गया था उन्हें भी यह सब पता था। उन्होंने बताया कि अंडर-19 में जाने की जिद कर रहे थे ऐसे में पैसे नहीं निकाल सकते थे। उन्होंने बच्चों को यह बताया कि 360 डाइट मनी जमा होती है और पूरी पेमेंट आपको मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि मुझे राजनीति कारणों से इस तरह की परेशान करने की सोची समझी साजिश है।

## आज तक नहीं मिला 2016 के वेतन आयोग का एरियर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों को 2016 के वेतन आयोग का लंबित एरियर आज तक नहीं मिला है, जिससे उन्हें हर माह 5 से 12 हजार रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। महंगाई भत्ते और वेतन आयोग के एरियर की कुल राशि प्रति कर्मचारी 5 से 10 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है।

केंद्र सरकार ने हाल ही में महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत किया है, जबकि हिमाचल में अभी भी 42 प्रतिशत ही दिया जा रहा है, जिससे 16 प्रतिशत का अंतर कर्मचारी असंतोष का कारण बना है। राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने सरकार से लंबित एरियर की किश्त तुरंत जारी करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भुगतान नहीं हुआ तो कर्मचारी न्यायालय का रुख करने को मजबूर होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पश्चिम बंगाल सरकार को भी लंबित डीए भुगतान करने का आदेश दिया था।

## बस्सी-तताहर सड़क का कार्य लटका, लोगों ने जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत बस्सी से तताहर सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। करीब एक वर्ष से इस सड़क को पक्का करने का काम अटका पड़ा है, जिसके चलते क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में निर्माण कंपनी, संबंधित विभाग तथा स्थानीय विधायक से कई बार निवेदन किया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक सड़क का कार्य पूरा नहीं हो पाया। सड़क निर्माण में हो रही देरी से भरेडी, बस्सी और चंदरूही जैसे मुख्य बाजारों के व्यापारियों व आम जनता को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक इस सड़क को यातायात के लिए बंद भी रखा गया था, लेकिन कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका। इसी समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों ने बुधवार को एसडीएम के न मिलने पर तहसीलदार भोरंज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि यदि शीघ्र सड़क का कार्य पूरा नहीं होता, तो लोग मजबूरन शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इसके तहत 3 अक्तूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक भरेड़ी चौक पर चक्का जाम करने का ऐलान किया गया है। ज्ञापन में प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि इस विरोध प्रदर्शन की अनुमति प्रदान की जाए और यदि आवश्यक हो तो शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया जाए। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण और कानून की मर्यादाओं के अंतर्गत होगा। इस मौके पर पपलाह के प्रधान अंकुश सैणी, गरसाहड़ के उपप्रधान विकास शर्मा, भुक्कड़ के प्रधान किशोर चंद, धिरड़ के प्रधान सुरेंद्र कुमार, अमरोह के उपप्रधान योग राज, धमरोल की प्रधान बीना देवी तथा कक्कड़ के प्रधान विनोद कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय पर सड़क का कार्य शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**भरेड़ी चौक पर कल किया जाएगा चक्का जाम**

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर किया बुजुर्गों का सम्मान

### विभागीय अधिकारियों ने दी वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने कहा कि यह दिन हमारे वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित है, जिनके परिश्रम एवं योगदान के कारण ही आज हम इस मुकाम पर पहुंचने में सक्षम हुए हैं। जिला कल्याण अधिकारी ने कहा कि यह दिवस वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देने और उनके कल्याण के लिए समर्पित है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं और उनके लिए कई विशेष सुविधाओं का प्रावधान भी किया है। वरिष्ठ नागरिकों को इनका लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर आयुष विभाग की चिकित्सक डॉ. सचिन धीमान, स्वास्थ्य विभाग से ब्लॉक समन्वयक सुलोचना, सेवानिवृत्त तहसील कल्याण अधिकारी राकेश पुरी और विभाग के अन्य अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित योजनाओं एवं विशेष सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान वयोवृद्ध नागरिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईटीआई हमीरपुर की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।



### झुर्रियों से भरे चेहरे जीवन के अनुभवों का खजाना समेटे हुए हैं वृद्धजन

**माय** भारत हमीरपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस वरिष्ठ ओल्ड ऐज होम (नागरिक सुविधा केन्द्र हमीरपुर )में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी दीपमाला, एडवोकेट अक्षय व अमित शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहां उपस्थित सभी वृद्धजनों ने अपने विचार साझा किए और बताया की झुर्रियों से भरे चेहरे जीवन के अनुभवों का खजाना समेटे होते हैं। वो हाथ जो आज कांप रहे हैं.कभी वो हमारा सबसे मजबूत सहारा रहे हैं। वो कंधे जो अब झुकने लगे है किसी समय उन्हीं पर सिर टिकाकर बेफिक्र सोया करते थे। अक्सर इस भागमभाग वाले जीवन हमारे बुजुर्ग सबसे ज्यादा अकेले और अनदेखे रह जाते हैं। साथ ही जिला युवा अधिकारी दीपमाला ने बताया कि हर साल अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सम्मान और देखभाल और प्यार उनकी सबसे पहली जरूरत है। उन्होंने कि आप सभी बुजुर्गों के पास अपने जीवन के अनुभवों का खजाना है। कार्यक्रम में शिव शक्ति युवक मंडल के अध्यक्ष अभिषेक चौधरी, अंजू ओल्ड ऐज होम के सभी स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार-परिवारवाद की फैक्टरी बनी सुक्खू सरकार : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला किया है। राणा ने कहा कि यह सरकार अब तक की सबसे भ्रष्ट, नाकाम और झूठी साबित हुई है। उनका कहना है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और परिवारवाद की फैक्ट्री खुल चुकी है, जिसका सबसे बड़ा खामियाजा आम जनता भुगत रही है। राणा ने आरोप लगाया कि कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक और पावर कॉरपोरेशन भ्रष्टाचार के बड़े अड्डे बन गए हैं, जहां लगातार घोटालों के खुलासे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सीमेंट की कीमतें बढ़ाकर आम जनता की जेब काटी है, जबकि मोदी सरकार ने कई जरूरी वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर राहत दी।

**कहा- पावर कॉरपोरेशन और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक में बड़े घोटाले**

राणा ने कड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के इशारे पर एक होटल को 44 करोड़ के बजाय मात्र 24 करोड़ रुपए में बेचा गया, जो प्रदेश के खजाने की लूट है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा में हजारों परिवारों को नुकसान हुआ, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी रही। पावर कॉरपोरेशन में करोड़ों के घोटालों का खुलासा करने वाले ईमानदार अफसर की हत्या को लेकर भी राणा ने सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि सुक्खू सरकार ने हिमाचल को कंगाली और तबाही की ओर धकेल दिया है और जनता इसका हिसाब जरूर लेगी।

## खेलों से मिलती है अनुशासन और आत्मविश्वास की शिक्षा: पठानिया

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

लड़कों की जिला स्तरीय अंडर-19 स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में आरंभ हो गई। कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो और बैडमिंटन स्पर्धा में 6 खंडों के लगभग 270 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते राम चंद्र पठानिया ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेल विद्यार्थियों में न केवल शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना जैसी जीवनोपयोगी शिक्षाएं भी प्रदान करते हैं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई और खेलों में संतुलन बनाकर आगे बढ़ें ताकि वे भविष्य में राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और इनकी डाइट मनी में रिकॉर्ड वृद्धि की गई है। राम चंद्र पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय सुधार किए हैं। इससे शिक्षा के स्तर में प्रदेश की रैंकिंग 21वें नंबर से अब तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल शिक्षा संसाधन, और खेल मैदानों का विस्तार जैसी कई योजनाएं लागू की जा रही हैं। विशेषकर ग्रामीण व दूरदराज के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही नई पीढ़ी को रोजगारोन्मुख शिक्षा से जोड़ने के प्रयास भी सराहनीय हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से स्थानीय विधायक सुरेश कुमार ने भोरंज विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास सुनिश्चित किया है। विधायक के प्रयासों से यह क्षेत्र एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। समारोह के विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल ने भी अपने विचार रखे।

प्रधानाचार्य अनिल डोगरा ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा खिलाड़ियों को अनुशासन और खेलभावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**भोरंज में जिला स्तरीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता शुरू**

## भोटा स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, भोटा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य सनम ने किया गया। स्वयंसेवियों ने बैज लगाकर प्रधानाचार्य का स्वागत किया। इसके पश्चात एनएसएस पीओ बबली ने टोपी पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर प्रधानाचाय को सम्मानित किया। पीओ आदर्श लखनपाल ने सभी स्वयं सेवियों को इस कैंप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा इसके आयोजन का लक्ष्य भविष्य के अच्छे स्वयं सेवी तैयार करना बताया। एन0 एस0 एस0 के आदर्श वाक्य मैं नहीं बल्कि तुम पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि वे कैंप के नियमों का सही ढंग से पालन करके इसके सफल आयोजन में अपना योगदान दें। इस उपलक्ष पर शकुंतला शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, बंदना, रीना, कंगना और प्रवीण जम्वाल सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## भगवान राम के जीवन पर लघु नाटिका की प्रस्तुत



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** गीतांजलि पब्लिक स्कूल धनेटा में दशहरा और गांधी जयंती का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने रावण दहन के दौरान भगवान राम के जीवन पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की और रावण के पुतले को अग्नि के हवाले कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष बीएल चड्ढा और वाइस चेयरमैन गार्गी चड्ढा ने छात्रों को भगवान राम के आदर्शों का पालन करने और बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा दी। गांधी जयंती पर भी छात्रों ने लघु नाटिका के माध्यम से महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन को प्रस्तुत किया।

## गांधी चौक पर देंगे राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर वीरवार सुबह हमीरपुर के गांधी चौक पर भी श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन और स्थानीय नगर निगम ने इसके लिए गांधी चैक पर सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं। नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करने के लिए वीरवार तड़के से ही लोगों के गांधी चौक पर पहुंचने की उम्मीद है। इनके अलावा प्रशासन की ओर से सुबह करीब 8 बजे महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं।

## स्पोर्ट्स व्हीलचेयर के लिए राशि देने पर आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के डायरेक्टर एवं जिला हमीरपुर दिव्यांग समीक्षा समिति के सदस्य राजन कुमार ने पूरी टीम की ओर से उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है। राजन कुमार ने बताया कि उनके निवेदन पर उपायुक्त द्वारा हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए 3 लाख रुपए की राशि स्पोर्ट्स व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने हेतु स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि यह केवल व्हीलचेयर नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के सपनों को नई उड़ान देने वाले पंख हैं। इस सहयोग से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ेगा तथा टीम और अधिक मजबूती के साथ मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेगी। राजन कुमार ने कहा कि उपायुक्त महोदय सदैव दिव्यांगजनों की आवाज बनकर उनके अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए सक्रिय रहते हैं। उनका यह योगदान न केवल खिलाड़ियों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगा, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मक संदेश भी देगा। आपको बता दें कि स्वयं 100: दिव्यांग होते हुए भी राजन कुमार हमेशा दिव्यांगजनों की समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

## नई प्रबंधन कमेटी का चुनाव 28 को

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के दी धनेटा कृषि सेवा सहकारी सभा की नई प्रबंधन कमेटी का चुनाव 28 अक्तूबर को होगा। सभा के सचिव सुशील कुमार ने बताया कि प्रबंधन कमेटी के चुनावों के लिए 10 अक्तूबर को सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। सचिव ने पात्र व इच्छुक उम्मीदवारों से नामांकन पत्र भरने की अपील की है। जिससे निष्पक्ष, स्वच्छ कमेटी का चुनाव किया जा सके।

**खेलकूद** टौणी देवी में 3 दिवसीय अंडर-19 जिला स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

## युवा खेलों से संवार सकते अपना जीवन: कैप्टन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में तीन दिवसीय अंडर-19 लड़कों के जिला स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यातिथि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने विधिवत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर, गुब्बारे उड़ाकर और बास्केट में बॉल डालकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस दौरान विद्यार्थियों ने पंजाबी गिद्धा, देशभक्ति गीत और नाटी प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, जिससे माहौल अत्यंत उत्साहपूर्ण हो गया।

मुख्यातिथि ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को संवारने वाली शक्ति हैं। खेलों से अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास और संघर्षशीलता जैसे गुण विकसित होते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए अभ्यास, आत्मनियंत्रण और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी। कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने कहा कि सफलता पाने वाले लोग साधारण कार्य को असाधारण तरीके से करने की आदत डालते हैं।

उन्होंने विद्यालय के खेल सुविधाओं के विकास के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कारगिल शहीद स्मारक, बैडमिंटन, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल कोर्ट से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरेगी। इस अवसर पर विधायक ने हाई मास्ट लाइट और ओपन जिम का भी उद्घाटन किया और इसे और आधुनिक बनाने का आश्वासन दिया।

प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने विधायक का मिड-डे मील कक्ष के लिए 90,000 रुपये मंजूर करवाने और हाई मास्ट लाइट लगाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि हाई मास्ट लाइट से मैदान रात में भी उपयोगी होगा और ओपन जिम स्वास्थ्य एवं फिटनेस के लिए लाभकारी रहेगा। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में एनसीसी यूनिट की स्थापना हो चुकी है, जिससे छात्रों को अनुशासन और नेतृत्व का अनुभव मिलेगा। टूर्नामेंट में जिले के 20 विद्यालयों के 201 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पहले मुकाबलों में टौणी देवी ने लुद्दर महादेव को और हिम अकादमी ने नादौन को पराजित किया। एडीपीओ राजिंदर शर्मा ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। उप शिक्षा निदेशक मोही राम, कोऑर्डिनेटर संजय ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष विकास शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



कैप्टन विधायक रणजीत ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया टूर्नामेंट का उद्घाटन।

- **जिले के 20 स्कूलों के 201 खिलाड़ियों ने लिया भाग**
- **टौणी देवी व हिम अकादमी ने पहले मुकाबले जीते**
- **विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया टूर्नामेंट का उद्घाटन**


Happy
Dussehra
2025



Budha Mal & Sons
नवरात्रि महा उत्सव
22nd September to 2nd October
The Great Budhamal Festival
Session-7 2025
Satish Karwal
Chairman
Budha Mal & Sons Jeweller
Manik Karwal
MD
Budha Mal & Sons Jeweller
सोने के आभूषणों की खरीददारी पर पाएं लाखों के उपहार
upto 40% off on Gold Making Charges
Get 30% +5% Extra off on Diamond Jewellery
पाइए 100% एक्सचेंज मूल्य अपने पुराने सोने के गहनों पर चाहे वे किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए हों
नवरात्रि से दीपावली तक महा जशन
*T&C Apply
A Satish Karwal Group
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें मो. 09816733344
Budha Mal Empire, Aima,
Near Yamini Hotel
Palampur, Distt. Kangra (H.P.)


विजयदशमी पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





आम आदमी पार्टी परिवार की ओर से
दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
कैप्टन विनोद कुमार
आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता
प्रभात कौंडल
आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता


आभार
विजय दशमी पर्व के शुभअवसर पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से समस्त प्रदेशवासियों एवं समस्त विज्ञापनदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं एवं विशेषांक को सफल बनाने के लिए हार्दिक आभार
नरेन्द्र डोगरा, संवाददाता अनंत ज्ञान
मो. 8894270655, 8219121095


चामुंडा स्टोन क्रशर
की तरफ से
विजयदशमी पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कुलप्रीत सिंह
प्रोप. (मिट्ठू)


कंवर दुर्गा चंद
राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर
के समस्त परिवार की ओर से राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Contact for admission in
PGDCA course
प्राचार्य प्रो. अरुण चन्द्र
NCC UNIT STARTED UNDER 5HP (I) COY DHARAMSHALA


राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अमन चौहान
एशियन पावरलिफ्टिंग गोल्ड मेडलिस्ट


विजयदशमी पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
माँ आशापुरी स्टोन क्रशर
जयसिंहपुर
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें
प्रोप. अनिल शर्मा


राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव समिति जयसिंहपुर
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुखविंद्र सिंह सुक्खु
माननीय मुख्यमंत्री हि.प्र.
मुकेश अग्निहोत्री
उप मुख्यमंत्री हि.प्र.
यादविन्द्र गोमा
आयुष, कानून, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, हि.प्र.
संजीव ठाकुर
(एस डी एम)
अभिषेक भास्कर
तहसीलदार
जारीकर्ताः संजीव ठाकुर (एस डी एम), अध्यक्ष, मेला कमेटी जयसिंहपुर, हि.प्र.


विजय दशमी महोत्सव की
लाईफगार्ड ब्रांड
(आग बुझाने वाले यंत्रों की कम्पनी)
की तरफ से बहुत बहुत बधाई।
यूनाइटेड फायर इक्वीपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी को आज दिल्ली में होटल ताज पैलेस में भारतीय मानक ब्यूरो दिल्ली भारत द्वारा मिला बेस्ट क्वालिटी अवार्ड World Statareds Day के उपलक्ष्य में।


ग्राम पंचायत हलेड़
की तरफ से
राज्यस्तरीय दशहरा उत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
सिकंदर कुमार
विकास खंड अधिकारी
लंबागांव
कमल जीत सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत हलेड़


विजयदशमी पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Discipline ! Struggle ! Goal !
B.K. Public
SR. SEC. SCHOOL
JAISINGHPUR DISTT. KANGRA (H.P.)
ADMISSION OPEN
Affiliated to HP Board of School Education, Dharamshala
Nursery to 10+2 (Science & Commerce)
Salient Features
NEP-2020 Based Curriculum. Highly Qualified & Experienced Faculty
Affordable Fee Structure. Special Focus on Slow Learners. Proper Care For Play Way Kids by trained Teacher with Attendant (Nanny). Excellent board Results. Short Span or time for Nursery Kids. Safe & Secure Environment for all the Bus Commuters. Special Discount for Weaker Sections (IRDP & BPL) Special Assistance fo JNVST (Navodaya) & Sainik School Entrance Examination. Sports Participation in different Games up to National Level. Focus on both Scholastic as well co-Scholastic Development of the Child.
30 Years of Legacy in Value Based Education.
B.S. GULERIA (Chairman) Contact: 9816166820
VIJAY GULERIA (M.D.) Contact: 8574700009


राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रविंद्र रवि धीमान
पूर्व विधायक जयसिंहपुर व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
देवेन्द्र सिंह राणा
भाजपा मंडल अध्यक्ष जयसिंहपुर
हनुमंत शर्मा
अध्यक्ष, आलमपुर मंडल जयसिंहपुर विस
ऊषा राणा
मंडल अध्यक्ष पंचरूखी ब्लॉक
शिवा कटोच
अध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा विधानसभा जयसिंहपुर

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी ने वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा और मार्गदर्शन वरिष्ठ नागरिकों से ही मिलता है। उनका अनुभव न केवल व्यक्तिगत जीवन, बल्कि पूरे समाज के लिए अमूल्य होता है। उन्होंने सभी बुजुर्गों को शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जयसिंहपुर कॉलेज के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय के खिलाड़ी हाल ही में आयोजित एचपीयू इंटर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लेकर लौटे हैं, जहां उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय की कबड्डी टीम ने प्रतियोगिता में प्री-क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया और कुल 64 टीमों में से शीर्ष 16 में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद ने खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### शाहपुर में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर कॉलेज में रेड रिब्बन क्लब एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्राओं ने ब्लड चेकअप करवाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है और ऐसे शिविर विद्यार्थियों में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। उन्होंने रेड रिब्बन क्लब और एनएसएस के प्रयासों की सराहना की।

### गरली में जिला स्तरीय खेल महोत्सव का आगाज

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में अंडर-19 तीन दिवसीय जिला स्तरीय छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कर्मचारी-कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र मनकोटिया ने शिरकत की। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि का शॉल, टोपी और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। प्रतियोगिता में करीब 550 छात्राओं ने भाग लेकर खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

### बुजुर्ग महिला की मौत पर धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिले के सीमावर्ती गांव खयाला की 65 वर्षीय रूपा कौर की आबकारी विभाग के वाहन की चपेट में आने मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब रूपा कौर तारागढ़ में निजी कार्य से गई थी और बाजीगर बस्ती के पास सड़क किनारे पेड़ के नीचे बैठी थीं। तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। परिवार का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई में लापरवाही बरत रही है। न्याय की मांग को लेकर किसान मजदूर संघर्ष समिति ने पुलिस थाना तारागढ़ के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। समिति ने चेतावनी दी कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता, धरना जारी रहेगा। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### 4 को बरवाला, झियोल में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर संतोष कुमार ने जानकारी दी कि विद्युत लाइनों के रखरखाव के लिए 4 अक्तूबर को 11 केवी बरवाला फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सुबह 9:30 बजे से सायं कार्य समाप्ति तक बरवाला, झियोल, आधुनिक स्कूल, छैंटी, फतेहपुर, बाघणी, सिद्धपुर आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

### कलयाड़ा में अंडर-19 मेजर गेम्स प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कलयाड़ा स्कूल में अंडर-19 मेजर गेम्स प्रतियोगिता का शुभारंभ शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने किया। उन्होंने कलयाड़ा स्कूल मैदान के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। पठानिया ने स्पेशल चाइल्ड अनु कुमारी को भी सम्मानित किया, जिन्होंने इटली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्पेशल फ्लोर हॉकी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। उच्च शिक्षा उपनिदेशक कमलेश कुमारी ने उपमुख्य सचेतक का आभार व्यक्त किया और खेलों में अधिक भागीदारी पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अजय कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### युवक से 64.32 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, रैहन।** जिला पुलिस नूरपुर ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रैहन छत्र रोड पर नाकाबंदी के दौरान रवि कुमार पुत्र किशोर कुमार, गांव झांझा, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा से 64.32 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी की कार (एचपी 88-7916) की तलाशी के दौरान यह बरामदगी हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी अशोक रत्न ने बताया कि रवि कुमार पर पहले भी एक नशा तस्करी का केस दर्ज है और वह कुख्यात तस्कर है।

### कांगड़ा जोन में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** लोक निर्माण विभाग के पंचम वृत्त में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी पब्लिक वर्क्स अभिषेक जैन ने कांगड़ा जोन में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य अभियंता कांगड़ा, अधीक्षण अभियंता डलहौजी, नूरपुर, पालमपुर और देहरा सहित सभी मंडलों के अभियंताओं ने भाग लिया। समीक्षा बैठक में नाबार्ड और पीएमजीएसवाई के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। बताया गया कि वर्ष 2025-26 में कैपिटल हेड में 203 करोड़ का प्रावधान है, जिसमें से अब तक 140 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं। कांगड़ा जिला में दो हेलिपैड निर्माण के लिए लगभग 28 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं।

### ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में विशेष स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में महिलाओं के लिए खून, शुगर, बीपी, एक्स-रे किए गए। वहीं, विधायक ने 35 लाख रुपए की लागत से बनी ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब का उद्घाटन किया, जिससे स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य जांचें संभव होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में इंदौरा सिविल अस्पताल को आदर्श संस्थान बनाया जा रहा है और नई बिल्डिंग का उद्घाटन जल्द होगा। कार्यक्रम में बीएमओ संदीप महाजन, डीएसपी संजीव कुमार, बीडीओ सुदर्शन सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# पर्यटन नगरी में सड़कें टूटी; नहीं आ पा रहे पर्यटक, कारोबार हुआ ठप

## दो माह से बंद पड़े बाइपास रोड और खड़ा डंडा रोड की नहीं हुई मरम्मतः बांवा

**दिल्ली-धर्मशाला चलने वाली बसों को मैक्लोडगंज पहुंचाने की हो व्यवस्था**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल मैक्लोडगंज को जोड़ने वाली सड़कें टूटी हुए हैं, जिस कारण पर्यटक नहीं पहुंच पा रहे हैं। दो माह से बंद पड़े बाइपास व खड़ा डंडा रोड की मरम्मत नहीं हो पाई है।

दिल्ली से धर्मशाला चलने वाली बसों को मैक्लोडगंज पहुंचाने की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे कि पर्यटक बड़े वाहनों में आ सकें। यदि समय रहते सड़कों की दशा नहीं सुधारी गई तो होटल कारोबार ठप होकर रह जाएगा। यह बात होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांवा ने प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कहने को तो मैक्लोडगंज पर्यटन नगरी है, लेकिन बड़े पर्यटक वाहन यहां नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिसका कारण दो माह से टूटी सड़कों के चलते रोड कनेक्टिविटी न होना है। फेस्टिवल सीजन शुरू हो चुका है, इसके बावजूद पर्यटक आमद नहीं बढ़ पाई है, वजह सड़क मार्ग बन रहा है। बारकोटा से सुधेड़ जाने वाला बाइपास मार्ग भी अखनखोला के पास भूस्खलन के कारण अवरुद्ध है। राजधानी दिल्ली और धर्मशाला के बीच चलने वाली डीलक्स और वोल्वो बसों को मैक्लोडगंज तक पहुंचने की अनुमति और सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। बांवा ने कहा कि हर साल सिर्फ पैचवर्क की मरम्मत की जाती है। उन्होंने कहा कि पर्यटक दूसरे गंतव्यों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे धर्मशाला का पर्यटन उद्योग ठप पड़ गया है। धर्मशाला के पर्यटन को बचाने के लिए तत्काल और स्थायी सड़क समाधान बेहद जरूरी है।



प्रेसवार्ता करते होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांवा।

### सांसद बोले, जल्द समाधान के होंगे प्रयास

**कांगड़ा** संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने पर्यटन कारोबारियों से उन्हें पेश आ रही समस्याओं को जाना। पत्रकारों से बातचीत में सांसद ने कहा कि सड़कें टूटने की वजह से मैक्लोडगंज तक बड़े वाहन नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसके चलते पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के होटल कारोबारियों को नुकसान झेलना पड़ रहा होगा। जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से बात करके इस संदर्भ में फीडबैक लिया जाएगा और जल्द से जल्द समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

### डीएलएड भाग-एक व दो की परीक्षाएं 27 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने डीएलएड प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा के अनुसार, डीएलएड भाग-1 और भाग-2 की नियमित व री-अपीयर, फेल परीक्षाएं अक्तूबर-नवंबर 2025 में आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। शुरू होने से आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। डीएलएड भाग-1 (बैच 2024-26 रेगुलर एवं 2023-25 री-अपीयर/फेल) की परीक्षा 27 अक्तूबर से 10 नवंबर तक और डीएलएड भाग-2 (बैच 2023-25 रेगुलर एवं 2022-24 री-अपीयर/फेल) की परीक्षा 11 नवंबर से 21 नवंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी।

### हैप्पी बर्थडे



परागपुर की शिवांशी बालिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### द्रोणाचार्य कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रैत में 'स्वच्छता पखवाड़ा 5.0' के तहत 'एक दिन, एक घंटा-एक साथ' विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की अगुवाई प्रबंध निदेशक गंधर्व सिंह पठानिया ने की। प्राचार्य डॉ. प्रवीन कुमार शर्मा एवं शिक्षा संकाय अध्यक्ष सुमित शर्मा की सक्रिय सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। रोटरेक्ट क्लब ऑफ द्रोणाचार्य एवं धौलाधार इको क्लब के सदस्यों ने छात्रों के साथ मिलकर परिसर की सफाई की। सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया। वक्ताओं ने स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन और स्वच्छता की शपथ दिलाकर किया गया।

### डॉ. अशोक ने संभाला कुलपति का कार्यभार



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** डॉ. अशोक कुमार पांडा ने बुधवार को चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने 1988 में ओडिशा पशु चिकित्सा महाविद्यालय भुवनेश्वर (ओडिशा) से स्नातक और 1990 में अखिल भारतीय लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संस्थान, कोलकाता विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद, वे 1991 में ओडिशा सरकार में पशु चिकित्सा विभाग में पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हुए और जुलाई 1992 में सहायक प्रोफेसर, जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग, डॉ. जीसी नेगी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय का पद पर कार्यरत हुए।

### धर्मशाला में कायाकल्प सम्मान समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कांगड़ा द्वारा क्षेत्रीय चिकित्सालय धर्मशाला में कायाकल्प सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों पर खरा उतरने पर धर्मशाला जोनल हॉस्पिटल और पालमपुर हॉस्पिटल को कायाकल्प सम्मान से नवाजा गया है। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के मार्गदर्शन में देश की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर सशक्त हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए नारे 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि नारी का स्वास्थ्य संपूर्ण समाज के स्वास्थ्य का आधार है। ऐसे ही कार्यक्रमों से महिलाएं स्वस्थ होंगी, तो देश भी स्वस्थ और सशक्त बनेगा।

### मेडिकल ऑफिसर एसो. ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन कांगड़ा शाखा ने सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगों को उठाया। जिलाध्यक्ष डॉ. उदय सिंह ने बताया कि एसोसिएशन ने कैडर बिफर्केशन का विरोध किया। 4-9-14 प्रमोशन नीति और डीसीपीएस से जुड़ी समस्याओं के समाधान, लंबित डीए की किस्तों का भुगतान, जॉब ट्रेनी पॉलिसी समाप्त करने, एनपीए की बहाली तथा सीएचसी में डॉक्टरों की भारी कमी को दूर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जॉब ट्रेनी पॉलिसी गैर-जरूरी है, क्योंकि मेडिकल ग्रेजुएट पहले ही इंटर्नशिप पूरी कर चुके होते हैं। एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह किया है कि शीघ्र सकारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो और डॉक्टरों के हितों की रक्षा हो सके।

### फिल्म फेस्टिवल की तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एडीएम शिल्पी बेक्टा ने बुधवार को धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के आयोजकों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ से फिल्म फेस्टिवल की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि 30 अक्तूबर से 2 नवंबर तक धर्मशाला में फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। एडीएम ने आयोजकों को फिल्म फेस्टिवल के आयोजन के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में फिल्म फेस्टिवल के आयोजन से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। फिल्म फेस्टिवल की प्रबंधक ऋतु सरीन ने कहा कि धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के नाम से विख्यात इस फिल्म फेस्टिवल का इस वर्ष 14वां एडिशन अप्पर धर्मशाला के नड्डी स्थित डल झील के समीप 'तिब्बतियन चिल्ड्रेंस विलेज' टीसीवी में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में इस दौरान चार स्क्रीनों के माध्यम से फिल्मों को दिखाया जाएगा।

### जल्द फाइबर प्रणाली से लैस होंगी कांगड़ा व चंबा जिले की सभी पंचायतें: विपिन मौर्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीएसएनएल धर्मशाला के वरिष्ठ महाप्रबंधक विपिन कुमार मौर्या ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कांगड़ा व चंबा जिले की सभी पंचायतें जल्द फाइबर प्रणाली से लैस होंगी। बीएसएनएल स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह पर विपिन ने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने के उद्देश्य से बीएसएनएल नए टावर स्थापित कर रहा है, जिसमें 4जी के दो चरण चल रहे हैं।

एक चरण 9.2 एवं दूसरा 4जी सेचुरेशन के तौर पर चल रहा है। एक चरण 9.2 के तहत 247 मोबाइल टावर स्थापित किए गए हैं, जो सफलतापूर्वक सेवाएं दे रहे हैं, जबकि 4जी सेचुरेशन प्रोजेक्ट डिजिटल भारत के अंतर्गत 148 मोबाइल टावर दूरदराज के क्षेत्रों में स्थापित किए जा रहे हैं। उक्त टावर ऐसे क्षेत्रों में लगाए जा रहे हैं जहां पहले किसी भी सेवा-प्रदाता का सिग्नल नहीं हैं। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत दूरदराज के ऐसे उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, जो इस सेवाओं से वंचित थे। इसके अतिरिक्त भारतनेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत समूचे कांगड़ा व चंबा जिला की सभी पंचायतों को फाइबर प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। स्थापना दिवस के जयंती समारोह के अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधरोपण भी किया।

### पूर्व विधायक ने सादगी से मनाया जन्मदिन



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**पूर्व** विधायक रविंद्र धीमान ने बुधवार को आलमपुर के जांगल में अपने पैतृक घर पर 63वां जन्मदिन बेहद सादगी और अपनापन दिखाते हुए मनाया। मौके पर क्षेत्र के तीनों मंडलों से कार्यकर्ता और समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। केक काटने और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देने के साथ समारोह की शुरुआत हुई। धीमान ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता का स्नेह उनके लिए सबसे बड़ा तोहफा है। सुबह से ही घर पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। यह कार्यक्रम सामाजिक मेलजोल और क्षेत्रीय जुड़ाव को मजबूत करने का अवसर भी साबित हुआ।

### जिले में ब्लैक स्पॉट्स को समयबद्ध करें दुरुस्तः उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए डीसी हेमराज बैरवा ने सभी ब्लैक स्पॉट्स को सुरक्षा मानकों के अनुरूप दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। एनआईसी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय रोड सेफ्टी बैठक में उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 200 ब्लैक स्पॉट्स चिह्नित किए गए हैं, जहां दो या अधिक लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। इन स्थानों की सूची उपमंडलाधिकारियों को भेजी जा रही है ताकि लोक निर्माण विभाग व एनएचएआई के सहयोग से जरूरी सुधार किए जा सकें। डीसी ने एनएच व हाईवे पर बार मार्किंग, साइन बोर्ड, सैंसर लगाने और सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। ओवरलोडिंग की समस्या पर भी गंभीरता से ध्यान देते हुए परिवहन विभाग को रूट्स की समीक्षा और ठोस कदम उठाने को कहा गया।

### 35 वरिष्ठ नागरिक किए सम्मानित



**शिवम, अनंत ज्ञान, परागपुर।** वरिष्ठ नागरिक मंच देहरा की ओर से अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस होटल अन्नपूर्णा में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल जसवंत सिंह सिपहिया ने की, जबकि सेवानिवृत्त डीआईजी जोगिंद्र सिंह चमियाल और मंच के संस्थापक रोशन लाल कंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच के चेयरमैन जेसी आजाद ने बताया कि इस दौरान मंच द्वारा 72 वर्ष से अधिक आयु के 35 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। 90 वर्ष से अधिक आयु के चंद लाल सूद व किशोरी लाल सूद भी उपस्थित रहे और सबका आशीर्वाद दिया। मंच के प्रधान जगदीश चंद आजाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेश उप्पल और सचिव ओंकार सिंह सिपहिया ने संस्था की गतिविधियों का विवरण रखा।

### अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में दशहरे की धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में दशहरा उत्सव, गांधी जयंती तथा स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की उपप्रधानाचार्या रविंदा कुमारी ने किया। इसके उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों ने रामलीला का मंचन किया, जिसमें विभिन्न घटनाओं की जीवंत झलकियां प्रस्तुत की गई। बच्चों के उत्कृष्ट अभिनय को देखकर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और सभी ने उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की।



विद्यार्थियों ने रामलीला का मंचन कर विभिन्न घटनाओं की जीवंत झलकियां प्रस्तुत कीं।

### वर्मा ज्वेलर्स की बिक्री एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वर्मा ज्वेलर्स सोलन की ओर से स्मार्ट सिटी धर्मशाला में बिक्री एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। एक से चार अक्तूबर तक धर्मशाला के सिविल लाइन में स्थित निजी होटल सेंटर प्वॉइंट के ग्रांड फ्लोर में गोल्ड, सिल्वर व डायमंड के आभूषणों को बिक्री एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। पिछले चार सालों में वर्मा ज्वेलर्स को अपनी बेहतरीन सेवाओं के लिए 13 नेशनल अवॉर्ड प्रदान किए गए हैं। यूनिक डिजाइन व गुणवत्ता के लिए भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। बुधवार को ही तीन नए राष्ट्रीय पुरस्कारों में वर्मा ज्वेलर्स को चुना गया है। वर्मा ज्वेलर्स सोलन के सेल्स हेड प्रिंस डोगरा ने बताया कि इस बार पहाड़न कलेक्शन भी जीवन में धर्मशाला में पहुंचे हैं। साथ ही जनजातीय आभूषण, कम सोने में बेहतरीन डिजाइन, शादियों के लिए नए डिजाइन भी उपभोक्ताओं के लिए प्रदान किए जा रहे हैं। ज्वेलर्स के शिश राम ने बताया कि इस बार स्पेशल ऑफर भी दिया जा रहा है। 50 हजार के सोने के आभूषण खरीददारी करने पर एक सौ मिलीग्राम का सोने का सिक्का प्रदान किया जा रहा है। इसमें डायमंड व चांदी खरीदने वालों को भी एक सौ मिलीग्राम का गोल्ड कोइन प्रदान किया जाएगा।

**50 हजार के सोने के आभूषण खरीद पर मिलेगा सोने का सिक्का**

# रामायण के हर पात्र में छिपा है जीवन का संदेशः पराशर



हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ में पहुंचे कैप्टन संजय पराशर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**रामायण** से जीवन को दिशा देने वाली शिक्षा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी त्रेता युग में थी। इसी संदेश को दोहराते हुए कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि रामायण भोग नहीं, त्याग की गाथा है।

अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया महावीर युवा शक्ति क्लब द्वारा नारी-चिंतपूर्णी स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैप्टन पराशर ने कहा कि रामायण के हर पात्र में कोई न कोई विशेषता है, जो जीवन जीने की कला सिखाती है। यदि भगवान श्रीराम के साथ माता सीता और लक्ष्मण ने वनवास का मार्ग अपनाया, तो उर्मिला का मौन त्याग भी उतना ही अद्वितीय और प्रेरणादायी था। हनुमान जी की सेवा भावना का कोई मुकाबला नहीं है। प्रभु श्रीराम आदर्श भाई, मर्यादा पुरुषोत्तम और न्यायप्रिय राजा थे। आज भी समाज में उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करके अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने वंश का राजा होने के बावजूद कभी भी अभिमान नहीं किया, अपितु सहनशीलता और विनम्रता के साथ अपना जीवन मानवता और समाज की एकता को समर्पित किया। उनका आचरण हमें यह सिखाता है कि कोई छोटा-बड़ा, ऊंच-नीच, शक्तिशाली या कमजोर नहीं होता है। प्रभु श्रीराम का जीवन इस बात का जीता-जागता प्रमाण है कि सच्चे मन से किया गया कोई भी कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता।

### क्लस्टर सिस्टम के विरोध में प्रदर्शन 5 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ क्लस्टर सिस्टम के विरोध में 5 अक्तूबर को जिलोभर में उपमंडल स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेगा। सीएम को भी संघ की ओर से मांगों को ज्ञापन भेजा जाएगा। यह निर्णय संघ के जिला कांगड़ा के पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने की। जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने शिक्षा विभाग की क्लस्टर प्रणाली का एक स्वर में विरोध किया। पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा विभाग के उच्च स्तर के अधिकारियों के द्वारा केंद्र मुख्य शिक्षकों व खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों के अधिकारों को छीनने का प्रयास किया जा रहा इस अधिसूचना के अनुसार, ज्यादातर प्रशासनिक शक्तियां प्रधानाचार्यों को दे दी गई हैं। ऐसे में संघ ने क्लस्टर सिस्टम के विरोध धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। धरना-प्रदर्शन 5 अक्तूबर को उपमंडल स्तर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा।


### प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा में मनाया दशहरा उत्सव



प्रिंसिपल रेणु और एमडी डॉ. रिचा महाजन ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा, चनौर में दशहरा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल रेणु परमार और एमडी डॉ. रिचा महाजन ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के अध्यक्ष भरत भूषण महाजन और डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रामलीला मंचन से हुई, जिसमें छात्रों ने भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान और रावण के किरदारों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इसके पश्चात रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया गया, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक था। जैसे ही भगवान राम ने तीर चलाया, तीनों पुतले अग्नि की लपटों में ध्वस्त हो गए, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। प्रिंसिपल रेणु परमार ने कहा कि दशहरा हमें जीवन में बुराइयों को त्यागने और सत्य व नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। स्कूल अध्यक्ष भरत भूषण महाजन ने बच्चों से अपील की कि वे इस पर्व को आत्मविकास और आत्मशुद्धि का माध्यम बनाएं।



## न्यूज ब्रीफ

### बरमाणा में रामलीला का मंचन, दर्शक भावविभोर



**रंजीत कुमार, अनंत ज्ञान, बरमाणा।** बरमाणा एसीसी खेल परिसर में चल रहे रामलीला महोत्सव के आठवें दिन धार्मिक व आध्यात्मिक मंचनों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन की शुरुआत रावण दरबार से हुई, जहाँ मेघनाथ ने हनुमान को बंदी बनाकर प्रस्तुत किया। हनुमान की पूंछ में आग लगाने व लंका दहन का दृश्य अत्यंत रोमांचक रहा। इसके बाद विभीषण के निष्कासन व श्रीराम की शरण में जाने का दृश्य वातावरण को भक्तिमय बना गया। रावण द्वारा कुंभकर्ण को जगाना और मेघनाथ की शिव स्तुति का भावनात्मक मंचन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा व डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल सुनील गांगटा रहे। प्रमुख पात्रों में चमन ठाकुर (श्रीराम), विक्रम (लक्ष्मण), करम सिंह (हनुमान), मनोज (रावण) सहित अन्य कलाकारों ने शानदार अभिनय किया। कार्यक्रम का संचालन कंशी राम व निर्देशन चमन ठाकुर ने किया, जिन्होंने जनता का आभार व्यक्त किया।

### दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय डंगार, बिलासपुर में आपदा में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संदीप शर्मा सहित समस्त प्रशासन, अध्यापक वर्ग, गैर-शिक्षक कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे। प्राचार्य ने बताया कि इस वर्ष भारी वर्षा से हिमाचल प्रदेश समेत देशभर में भारी जान-माल की क्षति हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए नवमी तिथि को हवन यज्ञ कर दिवंगत आत्माओं की शांति और विश्व कल्याण की कामना की गई। उन्होंने बताया कि हवन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसके धुएं से वातावरण में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया भी नष्ट होते हैं। सभी उपस्थितजनों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति की प्रार्थना की।

### रामलीला: लक्ष्मण ने किया मेघनाद का वध

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डियारा सेक्टर में चल रहे राम नाटक के नौवें दिन मंचित दृश्य दर्शकों के लिए भावनात्मक और प्रभावशाली रहे। प्रथम दृश्य में कुंभकरण वध को अनोखे मंचीय प्रभावों से प्रस्तुत किया गया, जहां उसकी भुजा, धड़ और सिर अलग-अलग दिशाओं में जाते दिखाए गए। दूसरे दृश्य में लक्ष्मण द्वारा मेघनाथ का वध दिखाया गया। पर्दे के पीछे कार्य कर रहे कलाकारों की प्रस्तुति ने पंडाल को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया। तीसरे दृश्य में मेघनाद की पत्नी सुलोचना का दर्द दिखाया गया, जब उनके कक्ष में मेघनाथ की कटी भुजा गिरती है। चौथे दृश्य में मंदोदरी द्वारा रावण को सीता जी को लौटाने का निवेदन और रावण का अडिग उत्तर दर्शाया गया। अंतिम दृश्य में राम शिविर में सुलोचना को मेघनाथ का सिर सौंपा गया। मुख्य अतिथि हरीश नड्डा ने समिति को 31,000 रुपए का दान दिया।

### बिलासपुर कॉलेज की महिला टीम को तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर कॉलेज की महिला वर्ग की टीम ने इंटर कॉलेज क्रास कंट्री प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि एक दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों को पछाड़ते हुए टीम ने यह उपलब्धि हासिल की। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य व एडवाइजरी कमेटी ने टीम का भव्य स्वागत किया, उन्हें मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। टीम इंचार्ज प्रो. पदम सिंह ने बताया कि लगभग 25 महाविद्यालयों की टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें हमारी टीम का तीसरे स्थान पर आना गर्व की बात है। इस अवसर पर डॉ. सुरजीत, प्रो. रंजीत, डॉ. श्रवण, डॉ. रितु शर्मा, डॉ. नम्रता पठानिया और संजीव सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## बिलासपुर एम्स ने तीन साल में हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां

# अब कैंसर व ट्रॉमा सुविधाएं होंगी शुरू

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने स्थापना-दिवस के मौके पर क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में नया अध्याय लिख दिया है।

संस्थान ने हाल ही में पहला रीनल-ट्रांसप्लांट कर अपनी क्लिनिकल क्षमताओं का प्रदर्शन किया और अब वह 332 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं के साथ कैंसर-केयर, ट्रॉमा और मल्टी स्पेशलिटी सेवाओं के विस्तार की ओर बढ़ रहा है। स्थापना के कुछ ही वर्षों में एम्स बिलासपुर ने रोगियों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप तेजी से खुद को तैयार किया है। हाल ही में यहां सफलतापूर्वक पहला रीनल-ट्रांसप्लांट हुआ, जिससे हिमाचल और आसपास के राज्यों के किडनी रोगियों को दिल्ली या चंडीगढ़ जाने से राहत मिली। विशेषज्ञों के अनुसार




यह उपलब्धि पहाड़ी इलाकों के लिए स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में ऐतिहासिक मील का पत्थर है। एम्स बिलासपुर 750-बेड की क्षमता के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। फिलहाल ओपीडी और आईपीडी दोनों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थानीय आंकड़ों से स्पष्ट है कि लोग अब इलाज के लिए बड़े शहरों की बजाय बिलासपुर को प्राथमिकता दे रहे हैं। यह बदलाव स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते विश्वास का संकेत है।

**एम्स बिलासपुर**

**स्थापना :** 2022
**मौजूदा क्षमताः** लगभग 750 बेड लक्ष्य की ओर
**प्रमुख माइलस्टोनः** पहला रीनल-ट्रांसप्लांट
**आगामी योजनाएंः** कैंसर-केयर, ट्रॉमा सेंटर, बोन-मैरो यूनिट
**प्रस्तावित निवेश :** 332 करोड़ रुपए

### 332 करोड़ रुपए का फिजिबिलिटी प्लान

संस्थान ने कैंसर-केयर इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रॉमा सेंटर और फेज-2 विस्तार जैसी परियोजनाओं को लेकर लगभग 332 करोड़ रुपए की विस्तृत योजना तैयार की है। इस योजना के क्रियान्वयन से न सिर्फ हिमाचल बल्कि पूरे उत्तरी भारत के लिए एम्स बिलासपुर एक प्रमुख स्वास्थ्य-हब के रूप में उभरेगा।

### स्थापना दिवस पर कल केंद्रीय मंत्री नड्डा होंगे शामिल

तीन अक्तूबर को एम्स के स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राज्य स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल्य शामिल होंगे। इस अवसर पर संस्थान न केवल अपनी उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करेगा, बल्कि आने वाले प्रोजेक्ट्स का रोडमैप भी साझा करेगा।

# एनटीपीसी कोलडैम में 38 लोगों ने किया रक्तदान




परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर एवं संगिनी संघ की अध्यक्ष रेखा ने भी रक्तदान किया।

**अनंत ज्ञान, बरमाणा**

**एनटीपीसी** कोलडैम स्थित धन्वंतरि अस्पताल में 1 अक्तूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित किया गया, जो भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है और जिसका उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के माध्यम से परिवारों को सशक्त बनाना है। शिविर में एनटीपीसी के कर्मचारी, सीआईएसएफ के जवान तथा आसपास की स्थानीय समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए और कुल 38 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं, परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर एवं संगिनी संघ की अध्यक्ष रेखा ठाकुर ने भी रक्तदान किया। रक्तदाताओं को उनके इस अमूल्य योगदान के लिए सम्मानस्वरूप विशेष टी-शर्ट भी प्रदान की गईं। रक्तदान शिविर से न केवल जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि इससे कर्मचारियों और समुदाय में मानवता, सहयोग तथा सेवा भावना का भी सशक्त संदेश गया। एनटीपीसी कोलडैम समाजहित और राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियानों में सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभा रहा है।

# एनएसयूआई ने छात्रों पर लाठीचार्ज का किया विरोध



एनएसयूआई ने केंद्र सरकार की नीतियों को छात्र विरोधी करार देते हुए विरोध जताया।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**एनएसयूआई** ने भाजपा सरकार की नीतियों को अलोकतांत्रिक और छात्र विरोधी करार देते हुए घुमारवीं में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रकट किया।

यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष नितिन चड्ढा की अगुवाई में हुआ, जिसमें कैंपस कार्यकारी अध्यक्ष शिवानी महाजन, बदल, साहिल सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां थामकर अपनी असहमति दर्ज करवाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मीडिया के माध्यम से धमकी देने वाले नेताओं पर शीघ्र और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि देश में लोकतांत्रिक मर्यादाओं और राजनीतिक शालीनता की रक्षा हो सके। कार्यकर्ताओं ने कहा कि देशभर में छात्रों पर हो रहे लाठीचार्ज की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ है। जिला अध्यक्ष नितिन चड्ढा ने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में हिटलर जैसी तानाशाही प्रवृत्तियां कतई स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यदि सरकार छात्रों और युवाओं की आवाजा को दबाने का प्रयास करेगी, तो एनएसयूआई लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करती रहेगी।

# घुमारवीं में 29 स्कूलों के 273 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

## तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी ने किया जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**नगर** एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में तीन दिवसीय अंडर-19 जिला स्तरीय छात्र खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना बेहद जरूरी है। इस प्रतियोगिता में जिले के 29 स्कूलों के कुल 273 विद्यार्थी हॉकी, टेबल टेनिस, हैंडबाल, बास्केटबाल, ताइक्वांडो, योग तथा चेस खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

धर्माणी ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वह अपने शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। स्कूली जीवन विद्यार्थियों के लिए सीखने का सर्वोत्तम समय होता है। इस अवधि में सीखी गई अच्छी बातें जीवन भर



अंडर-19 जिला स्तरीय छात्र खेलकूद प्रतियोगिता में 273 विद्यार्थी ले रहे हिस्सा।

साथ रहती हैं और व्यक्तित्व को निखारने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा कि नशा आज समाज में जहर की तरह फैल चुका है। इससे बचने का सबसे सशक्त माध्यम है कि विद्यार्थी स्वयं को पढ़ाई, खेलों और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में व्यस्त रखें। यदि किसी विद्यार्थी को साथी विद्यार्थी के चिट्टा इत्यादि नशे में संलिप्त होने की जानकारी मिलती है, तो तुरंत अभिभावकों के साथ-साथ अध्यापकों को जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय सीर उत्सव के दौरान भी चिट्टा नशे के खिलाफ जन जागरूकता लाने के लिए मैराथन तथा पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, खेल आयोजन समिति के प्रभारी पवन ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा रेणु कौशल, उपनिदेशक क्वालिटी शिक्षा रीता गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्षा रीता सहगल आदि मौजूद रहे।

### डीएवी स्कूल घुमारवीं ने राहत कोष में दिए 51 हजार

**डीएवी** स्कूल घुमारवीं ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 51 हजार रुपए का अंशदान किया। स्कूल की ओर से उपप्रधानाचार्य बबीता शर्मा ने मंत्री धर्माणी को 51 हजार रुपए का चेक भेंट किया।

### ‘व्यास प्योर’ गिफ्ट पैक का किया विमोचन

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बीडीओ कार्यालय परिसर घुमारवीं से स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित ‘व्यास प्योर’ गिफ्ट पैक का विमोचन किया। यह पहल महिला समूहों को विपणन मंच प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम कदम है। मंत्री ने पुदीना, मोरिंगा, कड़ी पत्ता पाउडर व डिहाइड्रेटेड उत्पादों को बाजार में उतारने पर जोर दिया। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए इस गिफ्ट पैक में हल्दी, हर्बल चाय, इंस्टेंट खीर व चटनी शामिल की गई है। यह पैक ‘हिमइरा’ प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस ब्रांड के माध्यम से न केवल महिला समूहों को अपने उत्पादों को बाजार में पहचान और प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें आर्थिक उन्नति का भी मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम में अनेक अधिकारी व स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव और ज्ञान करता समाज का मार्गदर्शन : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**अंतरराष्ट्रीय** वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जिला मुख्यालय बचत भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता डीसी राहुल कुमार ने की। इसमें 100 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। डीसी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक केवल उम्र के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि उनके अनुभव और ज्ञान समाज की दिशा तय करने में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे बुजुर्गों से जीवन के मूल्य और नैतिकताएं सीखें। वहीं, कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नागरिकों ने भी अपने जीवन के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर पेरेंट्स एंड डिपेंडेंट मेंटेनेंस एक्ट, 2001 और अन्य कानूनी प्रावधानों पर जागरूकता दी गई। जिला कल्याण अधिकारी आरसी बंसल ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण योजनाओं की जानकारी दी।

### वरिष्ठ नागरिकों ने राहत कोष में दिए 1,34,000 रुपए

**कार्यक्रम** में वरिष्ठ नागरिकों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, शॉल और टोपी देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ नागरिकों ने राहत कोष के लिए 1,34,000 रुपए का चेक डीसी को सौंपा।

### ग्राम सभाओं में आपदा प्रबंधन होगा विशेष एजेंडा : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में 2 अक्तूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में आपदा प्रबंधन विशेष एजेंडा होगा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने कह कि इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण को ग्राम स्तर पर एक जन-आंदोलन बनाना है। यह पहल राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान ‘समर्थ-2025’ का हिस्सा है, जो 13 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस संदर्भ में, सिरमौर जिले की पंचायतों में भी वीरवार को ग्राम सभाओं में इस दिवस का संदेश सुनाया जाएगा और लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाएगा। ग्राम सभाओं में जोखिम न्यूनीकरणः भूस्खलन से बचाव, असुरक्षित कटान के खतरों और वर्षा जल निकासी प्रणाली के विकास जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सड़क निर्माणः सुरक्षित एवं पारंपरिक निर्माण पद्धतियों को बढ़ावा देना, प्राकृतिक नालों में निर्माण पर रोक लगाना और अवैध कब्जे हटाने पर जोर दिया जाएगा।

# आउटसोर्स कर्मियों का बढ़ाया जाए मानदेय

## भारतीय जवान किसान पार्टी ने बैठक में उठाई मांग, कहा- सिर्फ वोट के लिए इस्तेमाल किया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**प्रदेश** भारतीय जवान किसान पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व प्रदेशाध्यक्ष वेटरन कैप्टन बालक राम शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण ने बिलासपुर में आयोजित वर्चुअल बैठक में आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय (वेतन) बढ़ाने की जोरदार मांग उठाई।

यह मुद्दा बैठक का मुख्य विषय था, जिसमें पार्टी ने इस संबंध में पहले भी कई बार आवाज उठाई है। बैठक में आउटसोर्सिंग से जुड़े विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें पार्टी नेताओं ने वर्तमान राजनीतिक दलों पर रोष भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों ने चुनाव के दौरान आउटसोर्स



कर्मचारियों को लुभावने वादे कर वोट हासिल किए, लेकिन सत्ता में आने के बाद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनाव के समय स्थायी नीति बनाने का वादा किया था, लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी वह वादा अधूरा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र समाधान नहीं निकला तो पार्टी आंदोलन के लिए मजबूर होगी। बैठक में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का भी हवाला दिया गया कि रोजगार के नाम पर लंबे समय तक किसी का शोषण नहीं किया जा सकता। प्रदेश हाईकोर्ट ने भी कंप्यूटर शिक्षकों और बागवानी विभाग के आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बैठक में महंगाई को ध्यान में रखते हुए मानदेय वृद्धि और पिछले विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री द्वारा की गई मानदेय वृद्धि की घोषणा का शीघ्र क्रियान्वयन और एरियर भुगतान की भी मांग की गई। भारतीय जवान किसान पार्टी ने स्पष्ट किया कि वे आउटसोर्स कर्मचारियों के हर संगठन और संघर्ष का पूरा समर्थन करेंगे।

### रामनवमी पर नयना देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, दुर्गा पाठ और हवन कुंड में डाली आहुतियां

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में रामनवमी के अवसर पर मंगलवार को भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने माता जी के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा-अर्चना कर अपने घर-परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और देर शाम तक दर्शन का सिलसिला जारी रहा। रामनवमी के विशेष अवसर पर मंदिर न्यास और पुजारी वर्ग की ओर से विशेष पूजा-पाठ का आयोजन किया गया। दुर्गा पाठ के दौरान प्राचीन परंपरा के अनुसार हवनकुंड में आहुतियां डाली गईं। मंदिर में गूंज रहे ‘जय माता दी’ के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भक्तों ने माता के दरबार में नवरात्र पूजन करते हुए परिवार के कल्याण और राष्ट्र की खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उचित प्रबंध किए। सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस एवं प्रशासन सतर्क रहा। श्रद्धालुओं को निर्धारित लाइनों में दर्शन करवाए गए ताकि भीड़ के बावजूद व्यवस्था बनी रहे। मंदिर के पुजारी प्रवेश शर्मा ने बताया कि रामनवमी पर माता के दरबार में विशेष श्रद्धा और उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां डालकर माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# 42 बुजुर्गों का जांचा ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन



‘अपना घर’ ओल्ड एज होम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**खंड** चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह बावा के निर्देशन में ‘अपना घर’ ओल्ड एज होम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वहीं, बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह बावा एवं वाइस चेयरमैन मंशाराम ने की। डॉ. बावा ने इस वर्ष की थीम ‘समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना’ पर प्रकाश डाला। सीएचओ संतोष और स्वास्थ्य कार्यकर्ता नीलम कुमारी ने उपस्थित 42 बुजुर्गों के रक्तचाप, ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन की निःशुल्क जांच की गई। सभी बुजुर्गों को पौष्टिक सूक्ष्म जलपान के रूप में फल, बॉर्नविटा, च्यवनप्राश, शहद और मूसली के पाउच वितरित किए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक संजीव धीमान, एसटीएस विशाल शर्मा और आशा कार्यकर्ता डोलमा सहित कुल 42 लोग उपस्थित रहे।

**समापन** कन्या पूजन के साथ शारदीय नवरात्र विधिवत संपन्न, सुख-समृद्धि का मांगा आशीर्वाद

# धौलरा मंदिर में मां सिद्धिदात्री की पूजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** के धौलरा मंदिर में चल रहे शारदोत्सव यानी दुर्गा पूजा में बुधवार को श्रीश्री शारदीय दुर्गा देवी की महानवमी विहित पूजा संपन्न हुई। मां दुर्गा का नवम रूप ‘सिद्धिदात्री’ का माना जाता है। नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा और कन्या पूजन के साथ ही नवरात्र का समापन हो गया।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी सपरिवार शारदोत्सव में पहुंच कर संध्याकालीन महानवमी की पूजा में शामिल हुए। वहीं, विधायक त्रिलोक जम्वाल सहित सैकड़ों भक्तों ने मां दुर्गा को पुष्पांजलि अर्पित की। मां की आरती व भोग के पश्चात हवन यज्ञ भी किया गया। इस महानवमी की पूजा को शिमला से आए पुजारी सुधांशु शेखर भट्टाचार्य जी महाराज ने



कन्या पूजन के बाद बच्चियों के साथ नृत्य करती दुर्गा पूजा समिति की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा।

विधिवत रूप से संपन्न करवाया। वहीं, शारदोत्सव की 9वीं सांस्कृतिक संध्या पर वॉयस ऑफ कहलूर के नाम से विख्यात लोकगायक प्रकाश चंद ने अपनी सुरीली आवाज में महामाई का गुणगान किया। पुराणों के अनुसार देवी सिद्धिदात्री के चार हाथ हैं, जिनमें माता शंख, गदा, कमल का फूल व चक्र धारण किए हुए है। सिद्धिदात्री स्वरूप में माता कमल पर विराजमान रहती है। इनके गले में सफेद फूलों की माला तथा माथे पर तेज रहता है। माता सिद्धिदात्री आठों प्रकार की सिद्धियों अणिमा, महिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, गरिमा, लघिमा, ईशित्व व वशित्व की स्वामिनी हैं।

### मल्लिका नड्डा ने दिव्यांग बच्चों के हुनर को सराहा

**दुर्गा** पूजा समिति ने नवमी के दिन दुर्गा पूजा समिति की संस्थापिका डा. मल्लिका नड्डा के मार्गदर्शन में समिति के सदस्यों ने कन्या पूजन भी किया। कन्याओं के चरण धुलाकर उनकी पूजा कर माता से सर्वसुख व समृद्धि का आशीर्वाद भी मांगा। वहीं, डॉ. मल्लिका नड्डा ने ‘बी लोकल फॉर लोकल’ का नारा देते हुए चेतना संस्थान के विकलांग बच्चों द्वारा बनाए गए दीपक, मोमबत्तियां और हस्तशिल्प उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिलासपुरवासियों को चाहिए कि वे स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए इन उत्पादों को प्राथमिकता दें। बच्चों ने दीपक और मोमबत्तियों के साथ-साथ गर्म सूट के कपड़े, मफलर और शॉल भी तैयार किए हैं, जो आकर्षक होने के साथ किफायती भी हैं।

# बरठीं में जिला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा शुरू



पूर्व कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर किया तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ।

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं में 3 दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हो गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कांग्रेस के पूर्व सचिव विवेक कुमार ने किया।

उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सहयोग की भावना को प्रबल करते हैं। खेलों को हमेशा जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। प्रतियोगिता में जिले के 10 जोनों से आए लगभग 520 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेंगे। खिलाड़ी कबड्डी, वॉलीबाल, खो-खो, बैडमिंटन, कुराश, जुड्डो, कुश्ती सहित कुल 7 खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर स्थानीय पाठशाला की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस अवसर पर एडीपीओ जगदेव मेहता सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जगदेव मैहता ने अपनी ओर 51 किलो दूध खिलाडियों को दिया। आयोजन समिति के साथ प्रधानाचार्य सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को समापन अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डीपीई अमर जीत, हरीश कुमार, विनय कुमार, नरेश कुमार, राज कुमार राणा, कपिल, दिनेश कुमार, संजय कालिया, पंकज कुमार, राम लाल संधू, सुनील कुमार, राजेश आदि उपस्थित थे।

**10 जोनों के लगभग 520 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम**

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर पंचायतों में आज आयोजित होंगी विशेष बैठकें

राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान

▶ 31 अक्तूबर तक चलेगा जन जागरूकता अभियान

ऊना। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) द्वारा राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान समर्थ 2025 का आयोजन 31 अक्तूबर तक किया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान के तहत जिला की सभी पंचायतों में 2 अक्तूबर को आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यकारी उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि इन विशेष ग्राम सभाओं में आपदा जोखिम कम करने से जुड़े विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी, जिनमें भूस्खलन से बचाव के उपाय, सुरक्षित एवं पारंपरिक भवन निर्माण पद्धतियों का बढ़ावा, पहाड़ियों को असुरक्षित रूप से काटने से बचाव, मलबे का सुरक्षित निपटान, उचित वर्षा जल निकासी प्रणाली का विकास, प्राकृतिक नालों/नदियों में निर्माण पर रोक, अतिक्रमण हटाकर जल निकासी चैनलों को सुरक्षित बनाना जैसे मुद्दे शामिल रहेंगे।

**आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर पंचायतों की विशेष जिम्मेदारी :** इस अभियान के तहत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित किया गया है कि वे अपनी आगामी बैठकों में आपदा प्रबंधन को विशेष एजेंडा विषय के रूप में शामिल करें। इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर तैयारी, जागरूकता और सामुदायिक कार्रवाई को मजबूत करना है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 41 के अनुसार, पंचायतों की जिम्मेदारी है कि वे आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें, आपदा से संबंधित संसाधनों का रखरखाव करें और निर्माण कार्यों में रोकथाम एवं जोखिम न्यूनीकरण के मानकों का पालन सुनिश्चित करें।

**समुदाय स्तर पर आपदा से निपटने के उपाय :** उन्होंने बताया कि समर्थ 2025 अभियान लोगों को सरल और जीवन-रक्षक उपाय अपनाने के लिए प्रेरित करता है। इनमें स्थानीय खतरों की पहचान और जोखिम कम करना, भूकंप प्रतिरोधी भवनों का निर्माण, पुराने घरों की सुरक्षा जांच और आवश्यक सुधार, आपातकालीन किट तैयार रखना (सूखा भोजन, दवाइयां, पानी, टॉर्च, रेडियो आदि), प्राथमिक चिकित्सा व खोज-बचाव प्रशिक्षण प्राप्त करना (डीडीएमए टोल फ्री 1077), शुरुआती चेतावनियों पर सतर्क रहना और तुरंत कार्रवाई करना और परिवार के लिए पहले से आपातकालीन योजना तैयार रखना शामिल हैं।

**स्वयंसेवी टास्क फोर्स और पंचायत इमरजेंसी रिस्पॉन्स सेंटर :** महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि एचपीएसडीएमए ने प्रत्येक पंचायत में 10–15 प्रशिक्षित युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स गठित करने की योजना शुरू की है। ये स्वयंसेवक पंचायत प्रधान के नेतृत्व में आपदा की स्थिति में तैयारी और प्रतिक्रिया सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, पंचायत स्तर पर इमरजेंसी रिस्पॉन्स सेंटर स्थापित करने की योजना भी जारी की गई है।

# अंब में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।

महाराणा प्रताप गवर्नमेंट कॉलेज अंब में एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत एक सप्ताह के अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर की सफाई, अंब बस स्टैंड की सफाई, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और रैलियों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाई।

एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता पखवाड़े के दौरान अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को उजागर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार ने कैडेट्स को सलाह दी कि वे स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। प्राचार्य ने एनसीसी कैडेट्स की सक्रियता और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद मिलती है।

# चिंतपूर्णी मंदिर के निकासी द्वार पर खाली दुकानों में भड़की आग

## फायर ब्रिगेड और सुरक्षा बलों ने आग बुझाकर बचाई अनहोनी

विकास शर्मा, अनंत ज्ञान



दुकान में आग की जांच करते फायर ब्रिगेड के कर्मी और सुरक्षा बलों के जवान।

चिंतपूर्णी। चिंतपूर्णी मंदिर के निकासी द्वार के पास स्थित खाली दुकानों में बुधवार को तीन बजे के करीब अचानक आग लग गई। मंदिर कर्मचारियों ने तुरंत प्रशासन को सूचित किया, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। होमगार्ड जवान और पूर्व सैनिकों ने मिलकर आग बुझाने में मदद की।

**श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी :** आग लगने से निकासी द्वार से लौट रहे श्रद्धालु थोड़ी देर के लिए घबरा गए। हालांकि, फायरकर्मियों ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। फायर प्रभारी साहिल ठाकुर ने बताया कि आग लंबी बंद पड़ी दुकानों में लगी थी, जो मंदिर विस्तार कार्य के चलते खाली थीं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मंदिर प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि वे सुरक्षा इंतजामों को और प्रभावी बनाएंगे। समय रहते आग पर काबू पाने से मंदिर परिसर और आसपास के स्थलों को सुरक्षित रखा गया। अगर आग बढ़ती तो बड़ी घटना घट सकती थी।

**सुरक्षा इंतजामों में सुधार :** मंदिर प्रबंधन ने आग की इस घटना से सीख लेते हुए सुरक्षा इंतजामों में सुधार करने का फैसला किया है।

मंदिर प्रशासन का कहना है कि वे आग जैसी घटनाओं से निपटने के लिए और अधिक तैयार रहेंगे। आग की इस घटना ने मंदिर प्रशासन को सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग कर दिया है।

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

# वरिंद्र शर्मा बोले–समाज की अमूल्य धरोहर हैं वरिष्ठ नागरिक

अनंत ज्ञान, ऊना।

अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से जिला कल्याण भवन ऊना में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की गई। समारोह की अध्यक्षता सहायक आयुक्त ऊना वरिंद्र शर्मा ने की। सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के जीवन अनुभव, संघर्ष और मार्गदर्शन से ही आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा मिलती है, इसलिए सभी बुजुर्गों के प्रति आदर, सहयोग और संवेदनशीलता बनाए रखें।

कार्यक्रम के दौरान जिला कल्याण अधिकारी ऊना आवास पंडित ने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की तथा कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की मुख्यधारा में सक्रिय रूप से जुड़े रहें और उन्हें सभी सुविधाओं का लाभ मिले। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने प्राथमिकता आधार पर चिकित्सा सुविधाओं और रेलवे बुकिंग को लेकर सहायक आयुक्त के समक्ष अपनी बात रखी।

**इन्हें किया सम्मानित**

अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य पर ऊना जिले के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इनमें 95 वर्षीय किशन चंद, 87 वर्षीय बख्तावर सिंह, 85 वर्षीय शिव किशोर वासुदेव, 83 वर्षीय तिलक राज, 80 वर्षीय सुभाष चंद, 78 वर्षीय मस्त राम और दौलत राम शामिल रहे।

**जीवन के अनुभव किए साझा :** समारोह के दौरान उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन के विभिन्न उतार-चढ़ाव, संघर्ष और अनुभवों को साझा किया। उन्होंने समाज में युवाओं को गजल, चुटकले और कविताओं के जरिए प्रेरणादायक संदेश भी दिए।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित, तहसील कल्याण अधिकारी ऊना जतिंद्र कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी बंगाणा विवेक कुमार, जिला के वरिष्ठ नागरिक फार्म के प्रधान जीआर वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# डुहल भंटवाला पंचायत में चोरी का प्रयास विफल

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के चिंतपूर्णी बाजार से कुछ दूरी पर स्थित डुहल भंटवाला पंचायत के वार्ड नंबर 1 अमोकाला प्रीतम में सुरेश कुमार पुत्र आज्ञाराम के घर में रात 2.30 बजे चोरी का प्रयास विफल हो गया। चोरों ने पहले ग्राउंड फ्लोर पर खिड़की काटकर घुसने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इसके बाद वे पहली मंजिल पर जाकर मकान के अंदर घुसे और सारे सामान को निकालकर फेंक दिया।



खिड़की की जाली को तोड़ने का किया प्रयास।

चोर नगदी और आभूषण ढूंढते रहे, लेकिन नीचे वाली मंजिल में सोए हुए परिवार के सदस्य को इस बारे में कोई पता नहीं लग सका। सुबह उठकर जब सुरेश कुमार ने देखा तो वह हैरान परेशान हो गए। इसके बाद उन्होंने सामान चेक किया कि कोई कीमती सामान तो चोरी नहीं हुआ है। पंचायत प्रधान राजेश शर्मा ने बताया कि परिवार के सदस्यों ने पुष्टि की है कि उनकी कोई भी चीज चोरी नहीं हुई है, इसलिए कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया है।

# ऊना के बरनोह में है प्रदेश का पहला मुर्रा प्रजनन डेयरी फार्म

अनंत ज्ञान, ऊना

▶ प्रारंभिक संचालन के लिए लाई गईं 9 शुद्ध नस्ल की भैंसें

हिमाचल सरकार पशुपालकों को शुद्ध नस्ल के पशु उपलब्ध करवाने और डेयरी क्षेत्र को आधुनिक व रोजगारपरक बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। इसी मकसद से ऊना जिले के बरनोह में प्रदेश का पहला मुर्रा नस्ल प्रजनन एवं डेयरी फार्म स्थापित किया गया है। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से बने इस फार्म में प्रारंभिक संचालन के लिए 9 शुद्ध नस्ल की मुर्रा भैंसें लाई गई हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हमेशा इस पर जोर देते हैं कि पशुपालक प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। सरकार उन्हें उच्च नस्ल के पशुओं और आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाने तथा युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दृष्टि से यह फार्म पशुपालकों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है।

**शुद्ध नस्ल की भैंसे होंगी तैयार :** बरनोह मुर्रा प्रजनन फार्म के सहायक निदेशक राकेश भट्टी ने बताया कि फार्म का उद्देश्य शुद्ध नस्ल की भैंसों का प्रजनन करना है। यहां शुद्ध मुर्रा नस्ल के कटड़े भी तैयार किए जाएंगे और फार्म से प्राप्त उच्च गुणवत्ता का वीर्य संग्रहित कर विभागीय सीमन केंद्रों के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान हेतु पूरे प्रदेश में वितरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक संचालन के लिए यहां 9 मुर्रा भैंसें उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित नेशनल डेयरी डेवलपमेंट सेंटर से लाई गई हैं। चयन प्रक्रिया में भैंसों की पीढ़ीवार उत्पादन क्षमता और चिकित्सीय जांच को प्राथमिकता दी गई। भट्टी ने बताया कि लाई गई सभी भैंसे गाभिन हैं और अगले 2–3 महीने में प्रजनन के साथ-साथ फार्म में भैंसों की संख्या बढ़ेगी और दूध का उत्पादन भी आरंभ हो जाएगा। आने वाले समय में फार्म में पशुओं की संख्या 50 तक बढ़ाई जाएगी। गौर हो कि मुर्रा नस्ल की भैंस औसतन 15–20 लीटर दूध देती हैं। प्रारंभिक चरण में उत्पादन का दूध स्थानीय डेयरी केंद्रों को उपलब्ध करवाया जाएगा और भविष्य में उत्पादन बढ़ने पर मिल्कफेड को भी आपूर्ति की जाएगी।

**5.06 करोड़ की लागत से बना है आधुनिक ढांचा**

राकेश भट्टी ने बताया कि इस मुर्रा प्रजनन केंद्र के निर्माण पर कुल 5.06 करोड़ रुपए व्यय हुए हैं, जो केंद्र और राज्य सरकार की साझी भागीदारी से संभव हुआ है। इसमें से 4.40 करोड़ रुपए आधारभूत ढांचे पर और 66 लाख रुपए आधुनिक मशीनरी व पशुओं की देखरेख पर खर्च किए गए हैं। अच्छी नस्ल की भैंसों की खरीद के लिए सरकार ने 36 लाख रुपए का प्रावधान किया है, जिनमें से 15.49 लाख रुपए अब तक 9 मुर्रा भैंसों पर खर्च किए जा चुके हैं।

**प्रशिक्षण से बढ़ेगी आमदनी :** सहायक निदेशक ने बताया कि बरनोह फार्म में पशुपालकों को एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जो डेयरी यूनिट चलाने और ऋण सुविधा प्राप्त करने में सहायक होगा। प्रशिक्षण में दूध उत्पादन, पशुपालन प्रबंधन, दूध विपणन और पनीर, खोया, घी जैसे उत्पाद बनाने की आधुनिक तकनीक सिखाई जाएगी।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में मील का पत्थर :** उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के विजन के अनुरूप जिले में पशुपालकों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास निरंतर जारी हैं। बरनोह मुर्रा प्रजनन केंद्र इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और न केवल ऊना बल्कि आसपास के जिलों के पशुपालकों को भी लाभान्वित करेगा।

# न्यूज ब्रीफ

## साई स्माइल ट्रस्ट आज मेधावियों को करेगा सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** साई स्माइल ट्रस्ट 2 अक्तूबर को अरलू में क्षेत्र के 82 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा। इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन रछपाल सिंह राणा द्वारा उनके स्व. पिता बाबू राम की याद में किया जा रहा है। समारोह में ऊना जिले के जिलाधीश जतिन लाल मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। यह समारोह उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु तीन वर्ष से लगातार आयोजित किया जा रहा है।

## बंगाणा कॉलेज में रैबीज से बचाव के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में विश्व रैबीज जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत रैबीज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को रैबीज के कारण, लक्षण और बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि रैबीज एक जानलेवा रोग है, जो संक्रमित जानवर के काटने से फैलता है, जिसका समय पर टीकाकरण से बचाव संभव है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सिकंदर नेगी ने डा. राजेश कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. श्रेया ठाकुर, प्रो. कमलेश कुमार, विद्यार्थी और एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत बुधवार को सरकारी स्कूल सलूणी में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई और उन्हें स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील, हेल्थ सुपरवाइजर तेज राम, हेल्थ वर्कर दिशा तथा आशा वर्कर्स उपस्थित रहे। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य से जुड़े सवाल पूछे। अधिकारियों ने बच्चों को संतुलित आहार, व्यायाम और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की आदत डालने का संदेश दिया। ग्रामवासी व अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों और समाज दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे।

## पेंशनर्स वेलफेयर एसो. भरमौर की बैठक 5 को

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन भरमौर इकाई की मासिक बैठक का आयोजन 5 अक्तूबर को चौरासी होटल भरमौर में किया जाएगा। इकाई के महासचिव कृष्ण ठाकुर ने बताया की आपदा की स्थिति व भारी बारिश के चलते पिछली बैठक का आयोजन नहीं हो पाया था। उन्होंने बताया की इस बैठक में गत वर्ष की पवित्र मणिमहेश यात्रा प्रबंधन में कमियां व क्षेत्र की हर समस्या पर मंथन किया जाएगा व गत वर्ष बागवानों की दयनीय हालत पर भी चर्चा की जाएगी व प्रस्ताव पारित कर भरमौर प्रशासन के द्वारा प्रदेश सरकार को भी अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता चैन सिंह ठाकुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष करेंगे।

## ककीरा व नैनीखड में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भटियात विधानसभा क्षेत्र की ककीरा और नैनीखड पंचायत में प्रदेश सरकार के विशेष प्रचार अभियान के तहत आर्ट एंड कल्चर सहारन के कलाकारों द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए लोगों को इससे दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तेलका व सालवां के जंगलवाड़ में रामलीला मंचन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने गत रात्र तेलका और सालवां के जंगलवाड़ में आयोजित भव्य रामलीला मंचन में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की आराधना की और रामलीला समिति के कलाकारों व आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। विधायक ठाकुर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर धर्म की अधर्म पर विजय के संदेश को आत्मसात करना ही सच्ची आराधना है। उन्होंने यह भी कहा कि रामलीला का दर्शन और अनुकरण करने मात्र से ही जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और पापों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत लीला का आनंद लिया।

## बदहाल सड़क की सुध न लेने से ग्रामीण परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** लूना छतराड़ी बस योग्य सड़क खराब होने के 1 महीने बीत जाने के बाद भी बस योग्य बहाल नहीं हो पाया है। इसके चलते क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक अगस्त महीने में हुई भारी बारिश के चलते यह सड़क कई जगह क्षतिग्रस्त हुई थी। हालांकि विभाग ने मशीनरी भेजकर इसे अस्थायी तौर पर हल्की गाड़ियों के लिए बहाल कर दिया था लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी विभाग दोबारा इस सड़क की सुध नहीं ले रहा है। इसके लेकर लोगों ने खासी नाराजगी जाहिर की है। पिछले 1 महीने से लोगों को मजबूरी में छोटी गाड़ियों में अधिक पैसा खर्च करके जाना पड़ रहा है। सड़क खराब होने के चलते लगभग तीन पंचायत के लोगों को पिछले 1 महीने से बस की सुविधा नहीं मिल रही है। गौरतलब है यहां पर ऐतिहासिक माता शिव शक्ति का मंदिर है। यहां पर हर रोज दर्जनों लोग माता के दर्शन करने जाते हैं। नवरात्र के दिनों में बस योग्य सड़क ना होने के चलते यहां पर पर्यटक व श्रद्धालु भी नहीं पहुंच पाए हैं। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने बुधवार को एक ज्ञापन रवि पुजारी की अगुवाई में एडीएम को भी सौंपा है। लोगों ने विभाग की सुस्त कार्य प्रणाली पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि विभाग की नाकामी के चलते लोगों को पिछले 1 महीने से बस नसीब नहीं हो पा रही है। सड़क ठीक न होने के चलते सितंबर महीने में हुए यहां पर जिला स्तरीय मेले में दूसरे जिलों के दुकानदार वह लोग भी नहीं पहुंच पाए थे। लोगों ने विभाग से तुरंत से तुरंत यहां पर युद्धस्तर पर सड़क को दुरुस्त करने की मांग की है।

# चंबा में 'समर्थ-2025' आपदा जागरूकता अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) के निर्देशानुसार चंबा जिले में 1 से 31 अक्तूबर तक 'समर्थ-2025' जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस (13 अक्तूबर) से जुड़ा है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि ग्राम सभाओं में स्थानीय खतरों, भूस्खलन शमन, सुरक्षित निर्माण, मलबा निपटान, अग्नि सुरक्षा व चेतावनी प्रणालियों पर चर्चा होगी। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत पीआरआई सदस्यों को प्रशिक्षण व संसाधन प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रत्येक पंचायत में 10–15 युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स बनाई जाएगी जो आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र (PERC) के तहत कार्य करेगी। जनता से अफवाहों से बचने व टोल फ्री नंबर 1077 या 9816698166 पर संपर्क करने की अपील की गई है।

# साहो अस्पताल को मिला आदर्श अस्पताल का दर्जा

अनंत ज्ञान, चंबा

▶ विधायक नीरज नैय्यर ने सीएम सुक्खू का जताया आभार

चंबा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) साहो को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा आदर्श अस्पताल के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए विधायक चंबा सदर नीरज नैय्यर ने मुख्यमंत्री के प्रति दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया है।



विधायक नीरज नैय्यर ने बताया कि साहो अस्पताल, चंबा मेडिकल कॉलेज के बाद जिले का दूसरा प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र होगा, जहां बहुत जल्द 6 स्पेशलिस्ट डॉक्टर और 4 MBBS डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे, साथ ही अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसमें अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन मशीन की स्थापना शीघ्र की जाएगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को अब जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहो में रात्रिकालीन सेवाएं शुरू करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए 3 नर्सों की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके अतिरिक्त ICHC साहो में नई एक्स-रे मशीन भी स्थापित कर दी गई है, जो जल्द ही जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध होगी।

विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि सरकार और प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवाओं को और सुगम एवं सुलभ बनाया जाए ताकि लोगों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने जनता से आशीर्वाद और सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि यह सब प्रयास जनता के जीवन को आसान और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# विज्ञान मेले में बच्चों की इनोवेटिव सोच ने बटोरी सराहना

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरमौर में बुधवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। भरमौर, खणी, सठली और गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरमौर के बच्चों ने विज्ञान आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। खास आकर्षण रहा टीएमडी (ट्यूनड मास डैम्पर) तकनीक पर आधारित एक मॉडल, जिसे भूकंप के दौरान नुकसान को कम करने के उद्देश्य से विकसित किया गया।

खंड विकास अधिकारी गोपाल सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की और बच्चों के नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से ही भविष्य के वैज्ञानिक तैयार होते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस उम्र में की गई सीख भविष्य में बड़े आविष्कारों का आधार बन सकती है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अरुणा चाडक, खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी विश्वजीत तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरमौर के छात्र हरिहरन और स्नेहिल द्वारा बनाए गए मॉडल को जिला स्तर के लिए चयनित किया गया, जिससे स्कूल में खुशी का माहौल रहा।

# निजी घर में चल रही पढ़ाई विभाग नहीं ले रहा कोई सुध

हसन शेख, अनंत ज्ञान

**चुराह।** चंबा जिले के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक विद्यालय कंचेला शिक्षा खंड तीसा आपदा का शिकार हुआ था। इसके चलते कार्यरत स्टाफ ने वाहन पर बच्चों को शिफ्ट करके किसी निजी मकान में पढ़ाई शुरू करवाई थी, लेकिन अभी तक वाहन का विभाग द्वारा न तो निजी घर का कोई किराया निर्धारित करवाया, न ही स्कूल की कोई सुध ली गई।



स्कूल की खस्ताहाल दीवार।

ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर कहा कि अगर विभाग द्वारा यहां पर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो बच्चों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा और स्कूल में चल रहे स्कूली कामकाज में भी काफी दिक्कतें आ रही हैं, वहीं SMC के अध्यक्ष मीर खान ने बताया कि हमने इसके बारे में विभाग को भी पहले भी सूचित कर दिया था और बार-बार सूचित कर भी रहे हैं, लेकिन काम को अंजाम नहीं दिया जा रहा है। अगर विभाग द्वारा इस काम को करवाने में तेजह नहीं लाई गई तो हम कोई और कदम उठाना पड़ेगा, जिसका जिम्मेदार खुद शिक्षा विभाग होगा।

वहीं, शिक्षा खंड अधिकारी तीसा हरचंद ने बताया कि हमने विभाग को और आला अधिकारियों के समक्ष यह सारा मामला रख दिया है, जैसे ही उसके बारे में कुछ कार्रवाई होती है, हम वहां पर उसी आधार पर स्कूल को चलाने का कार्य करेंगे।

# डीसी मुकेश रेपसवाल ने वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, चंबा

अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर चंबा के बचत भवन में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को मफलर व टोपी भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि वे समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव से नई पीढ़ी को दिशा मिलती है।

उपायुक्त ने विभागों को निर्देश दिए कि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में आयुष ओपीडी शुरू करने, चौगान में शाम के समय खेल गतिविधियों पर प्रतिबंध, और पार्किंग व्यवस्था सुधारने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर एसके गुप्ता सहित सात वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, छात्राएं व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। छात्राओं को उनके प्रेरणादायक भाषणों के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।



अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते डीसी।

**दौरा** बंगाणा बाजार में अनुराग ठाकुर का भव्य स्वागत, व्यापारियों ने जताया आभार

# व्यापारियों को मोदी सरकार ने दी जीएसटी में राहत

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** नवरात्र के शुभ अवसर पर केंद्र की मोदी सरकार ने देश के मध्यम वर्गीय दुकानदारों और छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत प्रदान की है। सरकार ने कई आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं और दैनिक उपयोग की सामग्री पर जीएसटी की स्लैब कम कर दी है, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं को भी लाभ मिलेगा। इस फैसले से विशेषकर त्योहारों के मौसम में बाजार में रौनक लौटने की उम्मीद जताई जा रही है।




अनुराग ठाकुर का देवेंद्र कुमार भुट्टो के नेतृत्व में बैंड-बाजों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता, सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बंगाणा बाजार का दौरा किया। बंगाणा पहुंचने पर उनका स्थानीय दुकानदारों, व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो के नेतृत्व में बैंड-बाजों के साथ जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई और व्यापारी वर्ग ने मोदी सरकार के इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो अपने समर्थकों सहित इस अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने अनुराग ठाकुर का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हमेशा छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता देती आई है।

भुट्टो ने कहा कि जीएसटी स्लैब में कमी से न केवल व्यापारियों की दिक्कतें कम होंगी, बल्कि उपभोक्ताओं तक भी इसका सीधा लाभ पहुंचेगा। सांसद अनुराग ठाकुर ने दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि देश का मध्यम वर्ग मजबूत हो और व्यापारी वर्ग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि जीएसटी की जटिलताओं को कम करना और टैक्स स्लैब घटाना सरकार की दूरदर्शी नीतियों का हिस्सा है।

ठाकुर ने कहा कि छोटे दुकानदार देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और सरकार उनकी हर समस्या को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद ठाकुर ने यह भी स्पष्ट किया कि जीएसटी में कमी से कारोबारियों को राहत मिलेगी, टैक्स का बोझ कम होगा और बाजार में वस्तुओं के दाम भी घटेंगे। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय यह कदम लाखों परिवारों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। दुकानदारों ने भी इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनके व्यापार में सुगमता आएगी और उपभोक्ताओं को बेहतर मूल्य पर सामान उपलब्ध होगा। उन्होंने अनुराग ठाकुर और मोदी सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह कदम आने वाले समय में छोटे व्यवसायों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम में अनुराग ठाकुर ने स्थानीय व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि भाजपा सरकार आने वाले समय में और भी जनहितैषी फैसले लेगी। इस अवसर पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, महामंत्री लखविंदर लक्की, सूरम सिंह, विजय शर्मा, महिंद्र सिंह राणा, सुषमा ठाकुर, सुदर्शन शर्मा के अलावा पदाधिकारी, अनेक व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधि, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि तथा भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

"दो धर्मों का कभी झगड़ा नहीं होता, सब धर्मों का अधर्म से ही झगड़ा होता है।" -विनोबा भावे

## संपादकीय

# बुजुर्गों का सम्मान

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस इस बार भी पूरे संसार में हर्षोल्लास से मनाया गया। बुजुर्गों के लिए कुछ खास करने की कई योजनाएं बनीं, लेकिन इन योजनाओं का औचित्य तभी सार्थक होगा जब उनको सही तरीके से अमलीजामा पहनाया भी जाए। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस उस जिम्मेदारी को याद दिलाने का अवसर है जो समाज को अपने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति निभानी चाहिए। हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने भी इस दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, जिनमें रोगी मित्र योजना की घोषणा महत्वपूर्ण पहल मानी जा सकती है। यह योजना वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच के लिए सहायक सिद्ध हो सकती है, खासकर तब, जब प्रदेश के कई दुर्गम क्षेत्रों में बुजुर्ग स्वास्थ्य सेवाओं की प्राथमिक पहुंच से दूर हैं, परंतु विपक्ष को यह पहल एक बार फिर 'मित्रों की सरकार' का ताना कसने का मौका दे गई।

विपक्ष को योजना के उद्देश्य और संभावित लाभों पर ध्यान देने के बजाय उसका नाम ज्यादा खटक रहा है। सवाल यह नहीं कि योजना का नाम 'मित्र' क्यों है? असली मुद्दा यह है कि क्या योजना का लाभ जरूरतमंद बुजुर्गों तक पहुंचेगा या नहीं? हिमाचल सरकार की वृद्धजन हितैषी सोच को अगर महज इसलिए नकार दिया जाए कि हर योजना के नाम के साथ 'मित्र' जुड़ा है, तो यह केवल राजनीतिक अपरिपक्वता ही नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता भी है। मित्र शब्द में अपनापन है, सहायता का भाव है और शायद यही भाव सरकार योजनाओं में समाहित करना चाहती है। अगर सरकार वन मित्र, पशु मित्र, बिजली मित्र और अब रोगी मित्र जैसे सहायक कर्मियों की नियुक्ति कर रही है तो यह व्यवस्था को मजबूत करने की कोशिश है, न कि केवल अपने लोगों को नियुक्त करने की कवायद, जैसा कि विपक्ष प्रचारित कर रहा है।

वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 6.71 लाख वृद्धों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है, जिसमें उन्हें प्रति माह 1,000 से 1,700 रुपए तक की राशि मिल रही है, वह भी बिना आय सीमा के। यह कदम उन बुजुर्गों के लिए राहत है जो किसी पेंशन, पारिवारिक सहयोग या नियमित आमदनी से वंचित हैं, परंतु केवल पेंशन देना ही पर्याप्त नहीं है। वृद्धजनों की सबसे बड़ी जरूरत है-स्वास्थ्य सेवाओं तक सहज पहुंच। उम्र के साथ शारीरिक दुर्बलता, मानसिक अकेलापन और सामाजिक उपेक्षा तीनों उनकी पीड़ा को बढ़ा देते हैं। ऐसे में 'रोगी मित्र' जैसे प्रयास न केवल एक सेवा व्यवस्था को मानवीय आधार देते हैं, बल्कि बुजुर्गों को यह भी एहसास कराते हैं कि राज्य उनके साथ है।

विरोधियों के लिए अगर हर योजना मित्रों की सरकार का प्रतीक बन गई है, तो सवाल ये भी उठता है कि क्या उन्होंने सत्ता में रहते हुए ऐसे मित्र बनाए थे? अगर सरकार किसी योजना के जरिए जमीनी स्तर पर सहायता पहुंचाने की सोच रही है तो विपक्ष को उसका नाम गिनने से ज्यादा जरूरी है उसके परिणामों पर सवाल उठाना। यह तय करना कि योजना लाभकारी है या नहीं, उसके आधार पर आलोचना करना बेहतर होगा बजाय तंज कसने के। अब सवाल उठता है कि केवल सरकार पर निर्भर रहकर हम बुजुर्गों की पूरी सेवा व्यवस्था खड़ी कर सकते हैं? जवाब है-नहीं। समाज, समुदाय और स्वयंसेवी संगठनों को भी आगे आना होगा। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, नियमित घरेलू चिकित्सा जांच, मोबाइल हेल्थ यूनिट्स की संख्या बढ़ाना, बुजुर्गों के लिए मनोरंजन और मानसिक स्वास्थ्य केंद्र खोलना, डिजिटल साक्षरता के कार्यक्रम-ये वो कदम हैं जो बुजुर्गों के जीवन को और गरिमामय बना सकते हैं। एक और बड़ी जरूरत है-देखभालकर्ताओं को प्रशिक्षित करना, क्योंकि आज की दौड़ती दुनिया में बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं और उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता होती है जो न केवल उनका इलाज करवाए, बल्कि उन्हें मानसिक सहारा भी दे।


बुजुर्गों के लिए सार्वजनिक परिवहन में प्राथमिकता, बैंकिंग कार्यालयों में अलग काउंटर और डिजिटल सेवाओं में बुजुर्ग-हितैषी इंटरफेस जैसी चीजें छोटी दिख सकती हैं, लेकिन इनका असर गहरा होता है। इसके अलावा सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि जो पेंशन दी जा रही है, वह समय पर पहुंचे और कहीं भी पेंशन वितरण में तकनीकी या प्रशासनिक अड़चनें न आएं। साथ ही, जिन बुजुर्गों के पास कोई पहचान या दस्तावेज नहीं हैं, उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की विशेष मुहिम चलनी चाहिए।

बहरहाल, सरकार का प्रयास नेक है, चाहे उसका नाम कुछ भी हो। अगर राज्य की कोई योजना बुजुर्गों के जीवन में थोड़ी भी सहूलियत ला रही है, तो उसे मजाक का पात्र नहीं बनाना चाहिए। विरोध करना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन विरोध केवल विरोध के लिए हो और बुजुर्गों की सेवा जैसी संवेदनशील योजना को भी नहीं बख्शा जाए, तो यह केवल राजनीतिक नहीं, नैतिक गिरावट भी है। बुजुर्गों को केवल पेंशन नहीं, पूरा सम्मान चाहिए। अगर मित्र उन्हें वह सम्मान देने में मदद करता है, तो सच्चा मित्र वही है,जो वक्त पर काम आए, चाहे उसका नाम कुछ भी हो। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के राष्ट्रपिता

महात्मा गांधी को ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का नेता और 'राष्ट्रपिता' माना जाता है। इनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था।



महात्मा गांधी
जन्म : 2 अक्टूबर, 1869
मृत्यु : 30 जनवरी, 1948

राजनीतिक और सामाजिक प्रगति की प्राप्ति हेतु अपने अहिंसक विरोध के सिद्धांत के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। मोहनदास करमचंद गांधी भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनीतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। 'साबरमती आश्रम' से उनका अटूट रिश्ता था। इस आश्रम से महात्मा गांधी आजीवन जुड़े रहे, इसीलिए उन्हें 'साबरमती का संत' की उपाधि भी मिली। महात्मा गांधी का जन्म गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था। उनके माता-पिता कट्टर हिंदू थे। इनके पिता का नाम करमचंद गांधी था। मोहनदास की माता का नाम पुतलीबाई था जो करमचंद गांधी की चौथी पत्नी थीं। अंततः 21 दिसंबर सन 1938 को इससे प्रतिबंध हटा लिया गया। 'हिंद स्वराज' का हिंदी और संस्कृत सहित कई भाषाओं में अनुवाद उपलब्ध है। ■



कविता

### दशहरा तुम खूब मनाओ

केशव शर्मा रसिक, शिक्षाविद, घुमारवीं (बिलासपुर)

पहले मन के इन दस विकारों को मिटाओ,
फिर मिल-जुलकर दशहरा तुम खूब मनाओ।
हर रोज मन के इस रावण पर अंकुश लगाओ,
अपनी कमजोरियों को भी तुम ताकत बनाओ।
पहले अपने अंदर के इस रावण को हराओ,
क्रोध, ईर्ष्या और लालच से खुद को बचाओ।
सच्चाई और करुणा का दीप तुम जलाओ,
फिर दशहरा मनाने का असली सुख पाओ।
अंदर के अहंकार की लंका को जलाओ,
मन में तुम अच्छाई की सेना को बसाओ।
झूठ और कपट के अंधकार को मिटाओ,
सत्य व प्रेम का चहुंओर परचम फहराओ।
भीतर के इन रावणों को जब तुम हराओगे,
तभी तुम जीवन में राम को अपना पाओगे।
दशहरे को तभी तुम सार्थक भी बना पाओगे,
जब भीतर के रावण को मन से तुम हटाओगे।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघः सेवा, समर्पण और संगठन के 100 वर्ष

2 अक्तूबर 2025 का दिन भारतीय इतिहास में एक विशेष महत्व रखता है। 1925 में नागपुर की भूमि पर विजयादशमी के पावन अवसर पर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने एक ऐसा बीज बोया, जिसकी कल्पना उन्होंने भारतीय समाज के पुनर्निर्माण के लिए की थी। वह बीज था- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। उस समय शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कुछ गिने-चुने स्वयंसेवकों से आरंभ हुआ यह छोटा संगठन एक दिन सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा तय कर, विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन जाएगा। संघ की स्थापना का मूल भाव स्पष्ट था- राष्ट्र को केवल राजनीतिक स्वतंत्रता से ही सशक्त नहीं बनाया जा सकता। यदि समाज जाति-पंथ और संकीर्णताओं में बंटा रहेगा, तो आजादी अधूरी रहेगी। राष्ट्र की शक्ति को एक सूत्र में पिरोना, अनुशासन, चरित्र और संगठन पर आधारित समाज का निर्माण करना ही डॉ. हेडगेवार का ध्येय था। यही कारण है कि उन्होंने शाखा जैसी सरल, परंतु गहन पद्धति विकसित की, जहां खेलों, व्यायाम, गीतों और चर्चाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों के भीतर राष्ट्रभक्ति और आत्मबल का संस्कार होता है।



सौरभ धीमान
नालागढ़

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

स्वतंत्रता संग्राम के वर्षों में भी संघ का योगदान केवल विचार तक सीमित नहीं रहा। अनेक स्वयंसेवक भूमिगत आंदोलनों से जुड़े, कई ने कारावास भोगा। हालांकि संघ का प्रमुख लक्ष्य दीर्घकालीन संगठन-निर्माण था, फिर भी जब-जब राष्ट्र संकट में पड़ा, संघ के स्वयंसेवक आगे बढ़कर कार्य करते रहे। 1947 में देश की आजादी के साथ आई विभाजन की विभीषिका ने लाखों परिवारों को उजाड़ दिया। उस कठिन समय में शरणार्थियों की सेवा, पुनर्वास और सुरक्षा का विशाल कार्य संघ ने बिना भेदभाव के किया। यही सेवा-भाव आज भी संघ के प्रकल्पों की प्रेरणा बना हुआ है। स्वतंत्रता के बाद का दौर संघ के लिए सरल नहीं रहा। कई बार राजनीतिक परिस्थितियों के कारण प्रतिबंध लगाए गए, विरोध झेला गया, आलोचना का सामना करना पड़ा, किंतु इन सबके बीच संघ ने अपने मूल ध्येय को कभी नहीं छोड़ा। 1975 में लगाए गए आपातकाल के समय जब पूरे देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कुचल दी गई थी, तब संघ के स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए निर्णायक भूमिका निभाई।

हजारों स्वयंसेवक जेलों में बंद किए गए, पर उन्होंने अपने आदर्शों से समझौता नहीं किया। इसी काल ने यह सिद्ध किया कि संघ का ध्येय केवल सांस्कृतिक नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा से भी जुड़ा हुआ है। इसके बाद 1980-90 का कालखंड संघ की विचारधारा से जुड़े जनांदोलनों के लिए महत्वपूर्ण रहा। राम जन्मभूमि आंदोलन ने न केवल भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना को जगाया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि संघ से प्रेरित संगठन समाज की आस्था और विश्वास के मुद्दों पर भी सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। इस आंदोलन के माध्यम से संगठन ने यह सिद्ध किया कि राष्ट्र के सांस्कृतिक प्रतीक और आध्यात्मिक धरोहरें समाज की आत्मा का हिस्सा हैं और उनकी पुनर्स्थापना से ही राष्ट्रीय आत्मविश्वास मजबूत होता है। समय के साथ संघ ने शिक्षा, श्रमिक संगठन, महिला सशक्तिकरण, आदिवासी उत्थान, ग्राम विकास और सेवा-प्रकल्पों के रूप में अनगिनत आयाम खड़े किए।



विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, विश्व हिंदू परिषद, सेवा भारती और वनवासी कल्याण आश्रम जैसे अनेक संगठन इसी प्रेरणा के फलस्वरूप समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हुए। यह विस्तार केवल संगठनात्मक नहीं था, बल्कि विचार का भी था। संघ ने यह दिखाया कि उसका कार्य किसी एक वर्ग या जाति तक सीमित नहीं है। शिक्षा से लेकर विज्ञान तक, संस्कृति से लेकर राजनीति तक, सेवा से लेकर नेतृत्व तक-हर क्षेत्र में संघ प्रेरित स्वयंसेवक सक्रिय दिखाई देते हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि आज भारत के केंद्र में सत्तारूढ़ दल और विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी भी अपनी मूल प्रेरणा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ही ग्रहण करती है। संगठन और विचार के जिस संस्कार को संघ ने गढ़ा, वही आगे चलकर भाजपा की कार्यशैली और विचारधारा का आधार बना।

इस प्रकार संघ का प्रभाव केवल सामाजिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने भारतीय राजनीति की धारा को भी गहराई से प्रभावित किया। यदि इस सौ वर्षीय यात्रा का सार निकाला जाए तो वह यही होगा कि संघ ने भारत को एक संगठित, आत्मविश्वासी और जागरूक समाज देने का कार्य किया है। यह संगठन उस विचार का प्रतीक है कि राष्ट्र केवल भौगोलिक सीमाओं से नहीं, बल्कि समाज की एकता और संस्कारों से जीवित रहता है। आज जब भारत विश्व मंच पर नए आत्मविश्वास के साथ खड़ा है, तब यह कहना उचित है कि इसमें संघ की दीर्घकालीन तपस्या और संगठन-शक्ति का भी योगदान है। एक छोटे से बीज से निकला यह पौधा आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जिसकी छाया में सेवा, संगठन और राष्ट्रभक्ति के असंख्य उपक्रम पल्लवित हो रहे हैं।

डॉ. हेडगेवार का जो सपना सौ वर्ष पहले अंकुरित हुआ था, वह आज एक यथार्थ बनकर हमारे सामने है। आने वाले समय में यह वटवृक्ष और भी सशक्त होकर न केवल राष्ट्र के पुनर्निर्माण में, बल्कि विश्वमानव कल्याण में भी अपनी भूमिका निभाएगा। संघ का सौवां वर्ष केवल एक ऐतिहासिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भविष्य की एक पुकार भी है। यह पुकार है-सेवा, संगठन और राष्ट्रभक्ति की ज्योति को और अधिक प्रज्वलित करने की। जब तक भारत का समाज संगठित और सशक्त रहेगा, तब तक उसका योगदान केवल अपने देश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संघ एक ऐसा वटवृक्ष जिसकी जड़ों में शाखाओं का योगदान

संघ एक ऐसा वटवृक्ष है जिसकी जड़ों की गहराई में उसकी शाखाओं का योगदान समाहित है। 2 अक्तूबर को विजयदशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो जाएंगे। इस संदर्भ में जब मैं लेख लिखने बैठा तो पहले मन में 'संघ की सफलता के सूत्र' शीर्षक आया, लेकिन तुरंत समझ आया कि संघ की कोई सफलता नहीं है, क्योंकि संघ की अपनी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। न ही उसकी कोई अंतिम मंजिल है। संघ एक प्राणवायु की तरह है जिसकी निरंतर आवश्यकता बनी रहती है, कोई पड़ाव या सफलता उसकी पहचान नहीं। इसलिए संघ में जो गीत है— 'चरेवेति चरैवेति', अर्थात 'चलते रहो, चलते रहो'-वह ही इस संगठन का मंत्र है। संघ का ध्येय समाज का एकीकरण और राष्ट्र का परम वैभव है। ये दोनों काम सतत चलते रहने वाले हैं, कभी पूर्ण अवस्था में स्थिर नहीं होंगे।



अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

समाज का संपूर्ण संगठन हो भी जाए, तो सावधानी न बरती जाए तो दुर्घटना हो सकती है। इसलिए हम इस अवसर पर संघ की सफलता की बात नहीं करेंगे, बल्कि उन कारणों पर चर्चा करेंगे जिनके चलते संघ का विराट स्वरूप स्थापित हुआ। केशव से मोहन तक संघ ने हिंदू समाज के लिए सारथी की भूमिका निभाई है। संघ के अधिकांश सरसंघचालकों के नामों में भगवान श्रीकृष्ण के नाम शामिल हैं-केशव, माधव, मोहन, जो संगठन की दिव्यता का प्रतीक हैं। 'संघे शक्ति कलियुगे' की प्रसिद्ध उक्ति संघ पर पूरी तरह लागू होती है। संघ के सौ वर्षों की यात्रा के विस्तार के तीन प्रमुख कारक हैं। पहला कारण है संघ का वैचारिक अधिष्ठान, जो तत्व आधारित, राष्ट्रीय हितार्थ एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप है। इसी पवित्र वैचारिक आधार से संघ को प्रचारकों के रूप में समर्पित मानवीय संसाधन प्राप्त होते रहे हैं।



प्रचारक संघ का चुंबकीय व्यक्तित्व है, जो त्याग, ध्येय, निष्ठा एवं निष्काम जीवन की मिसाल है। प्रचारक अपने गृहस्थ जीवन को त्यागकर पूरे जीवन को राष्ट्र को समर्पित करता है। प्रचारक जीवन संन्यास की प्राचीन भारतीय परंपरा का आधुनिक स्वरूप है। यह त्याग ही संघ की स्वीकार्यता और विस्तार का आधार है। दूसरा कारण है पद सोपान की सर्वोच्चता का अभाव एवं सामूहिकता का भाव। सामान्यतः किसी संगठन में पद को लेकर प्रतिस्पर्धा होती है, जो विघटन का कारण बनती है, लेकिन संघ में ऐसा नहीं है।

यहां कार्यशील व्यक्ति अपना कुछ नहीं मानता, सब कुछ राष्ट्र का समझता है। 'इंद न मम इंद् राष्ट्रयः' की भावना संघ को विघटन से बचाती है। संघ के सौ वर्षों में केवल छह सरसंघचालक हुए हैं, जो निर्विवाद रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे। संघ के स्वयंसेवकों को कोई वित्तीय लाभ नहीं मिलता; वे संयमित और सरल जीवन जीते हैं।

डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि संघ में कुछ भी पाने को नहीं मिलेगा, बल्कि जो कुछ है वह भी देश के लिए देना होगा। यही त्याग संघ को स्वयंसेवी संगठन बनाता है। तीसरा कारण है संघ का समरसता का भाव। संघ महासागर के समान है जिसमें विभिन्न नदियां, जलधाराएं अपनी-अपनी वेग से आती हैं, लेकिन महासागर में समा कर एकाकार हो जाती हैं। संघ की शाखाएं जितनी बढ़ेंगी, उसकी जड़े उतनी गहरी होंगी। यह संगठन विविध मतों, विचारों और भावनाओं को समेटकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर है। इस प्रकार संघ अपनी सौवीं वर्षगांठ पर आत्ममुग्ध नहीं होकर सिंहावलोकन कर आगे की यात्रा के लिए तैयार है। यह यात्रा संघ की शाखाओं के विस्तार और जीवंतता पर आधारित है, क्योंकि संघ एक ऐसा वटवृक्ष है जो अपनी जड़ों की गहराई में शाखाओं के योगदान से ही जीवंत रहता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आशीर्वाद हैं बुजुर्ग; बोझ नहीं, परिवार का सुंदर गुलदस्ता मानिए

वरिष्ठ नागरिक दिवस 21 अगस्त और अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस 1 अक्टूबर हमें बुजुर्गों के प्रति सम्मान की याद दिलाते हैं, मगर यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या सम्मान केवल इन दो दिनों तक सीमित रहना चाहिए या फिर पूरी उम्र तक दिया जाना चाहिए? हिमाचल प्रदेश में 2024 तक बुजुर्गों की संख्या कुल आबादी का लगभग 13% है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। यदि प्रदेश की वर्तमान जनसंख्या लगभग 78 लाख मानें, तो लगभग 6 लाख महिलाएं और पुरुष वरिष्ठ नागरिकों की श्रेणी में आते हैं।



योगेंद्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सरकार और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा 9 वृद्धाश्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग 250 वृद्ध निवास करते हैं। इस आंकड़े से स्पष्ट है कि हिमाचल के अधिकांश बुजुर्ग आज भी परिवारों या स्वयं की व्यवस्था से जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार 94% महिलाएं अपने परिवारों के साथ, 2% पति के साथ, 3% अकेली और 1% रिश्तेदारों के साथ रहती हैं। यहां महिलाओं का विशेष उल्लेख इसलिए जरूरी है, क्योंकि वे आर्थिक रूप से दूसरों पर निर्भर रहती हैं और इस कारण शारीरिक व मानसिक शोषण की अधिक शिकार होती हैं।

सरकार बुजुर्गों को पेंशन और अन्य सुविधाएं तो देती है, परंतु वह जीवन निर्वाह के लिए पर्याप्त नहीं है। उनके कल्याण के लिए 2007 में भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम बना है, परंतु अधिकांश बुजुर्ग इस कानून पर भरोसा नहीं करते। उनका मानना है कि बच्चों के साथ किसी तरह का 'कानूनी बंटवारा' करना रिश्तों की गरिमा को ठेस पहुंचाना है। वे आपसी झगड़ों को शोषण नहीं, सामान्य पारिवारिक बहस मानते हैं और अक्सर चुप रहकर समझौता करते हैं।



दूसरी ओर, कई बार बुजुर्ग स्वयं भी परिवार में अपने अधिकार का ऐसा भाव रखते हैं कि जब अपेक्षित सम्मान नहीं मिलता तो वे खुद को उपेक्षित महसूस करने लगते हैं। कुछ परिवारों में बच्चों द्वारा मां-बाप को महीनों में बांट देने जैसी घटनाएं सामने आती हैं, जो दुखद और सामाजिक रूप से शर्मनाक हैं। कई बुजुर्ग आत्मनिर्भर होते हुए भी अकेले रहना पसंद करते हैं, वहीं कुछ को मजबूरी में अकेलापन झेलना पड़ता है, क्योंकि उनके बच्चे नौकरी या व्यापार के कारण बाहर रहते हैं। कभी-कभी रिश्तेदार भी बच्चों या बुजुर्गों को ऐसा भड़काते हैं जिससे परिवार का वातावरण बिगड़ जाता है।

कुछ बच्चे बुजुर्गों के सामने तो दिखावा करते हैं, लेकिन पीठ पीछे उनका तिरस्कार करते हैं। जो बुजुर्ग आर्थिक रूप से निर्भर हैं, उन्हें सबसे ज्यादा उपेक्षा का सामना करना पड़ता है।

जहां बुजुर्गों की अनदेखी होती है, वहां परिवार में कलह का माहौल बना रहता है, जो हमारे समाज पर एक धब्बा है। पहले बुजुर्गों के आसपास बच्चे खेलते रहते थे, आज वह दृश्य विरला हो गया है। आज की पीढ़ी को चाहिए कि वह रिश्तों को संवेदना और समझदारी से निभाए।

बुजुर्गों को भी चाहिए कि वे अधिक अपेक्षाएं न पालें, बल्कि आपसी सामंजस्य से पारिवारिक आनंद लें। बुजुर्गों की जरूरतों का ख्याल रखना नई पीढ़ी की जिम्मेदारी है। जब बुजुर्ग और युवा एक-दूसरे की मजबूरी समझकर साथ रहते हैं, तो परिवार वास्तव में एक सुंदर गुलदस्ता बन जाता है। बुजुर्गों के साथ रहना सुकून देता है। वे बोझ नहीं, बल्कि परिवार का आधार होते हैं। उनका तिरस्कार हमारी संस्कृति नहीं है, उनकी सेवा हमारा धर्म है। अंत में मैं सभी बुजुर्गों को श्रद्धा व सम्मानपूर्वक नमन करता हूँ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत रत्न शास्त्रीः सादगी और ईमानदारी के आदर्श पुरुष

2 अक्तूबर का दिन दो महान हस्तियों की जयंती का दिन है, अर्थात इस दिन राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व देश के द्वितीय प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़ी ही धूम धाम के साथ मनाई जाती है। दोनों ही सीधे सादे, सत्य और अहिंसा के पुजारी, गरीबों के मसीहा और सच्चे क्रांतिकारी व पक्के देश भक्त थे। अपने इस आलेख में स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की चर्चा करने जा रहा हूं। जिनका जन्म दो अक्टूबर के दिन माता श्रीमती राम दुलारी व पिता श्री शरद प्रसाद श्रीवास्तव के यहां बनारस के निकट मुगल सराय नामक स्थान में वर्ष 1904 को हुआ था।



डॉ. कमल के. प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पिता शरद प्रसाद श्रीवास्तव पाठशाला में अध्यापक के रूप में कार्यरत थे, लेकिन बालक लाल बहादुर जब मात्र डेढ़ बरस का ही था तो उनके पिता चल बसे। पिता के इस तरह से चले जाने के पश्चात बालक लाल बहादुर ,जिसे घर पर नन्हें कह कर संबोधित करते थे, अपनी माता व भाइयों के साथ अपने ननिहाल चले गए।

जब पाठशाला जाने के योग्य हुए तो अपनी पढ़ाई के लिए बनारस में अपने चाचा के यहां आ गए, क्योंकि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए बालक लाल बहादुर (नन्हें)नंगे पांव ही पाठशाला जाया करते थे और गांधी जी के भाषण सुनने में बहुत रुचि रखते थे जब कि उस समय उनकी आयु यही कोई 10 ,11 बरस की ही थी। बाद में तो नन्हें गांधी से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने का मन ही बना लिया और 16 वर्ष की आयु में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में भी शामिल हो गए थे। जब कि उनके घर वाले अपनी आर्थिक स्थिति के कारण ऐसा नहीं चाहते थे ,पर नन्हें कहां मानने वाले थे। किसी तरह काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि ले कर पढ़ाई छोड़ने का निर्णय कर लिया ,जब कि सभी घर वाले इस तरह पढ़ाई छोड़ने की विरुद्ध थे। 1927 में शास्त्री का विवाह मिर्जापुर की रहने वाली लड़की ललिता से बड़ी ही सादगी के साथ करा दिया गया। 1930 में जिस समय महात्मा गांधी द्वारा नमक के टैक्स के विरुद्ध डांडी यात्रा आंदोलन शुरू किया तो लाल बहादुर शास्त्री भी उसमें शामिल हो गए ।



लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विशेष

बाद में लगातार गांधी के साथ कई एक विद्रोही गतिविधियों में शामिल होते रहे, जिनके फलस्वरूप शास्त्री को लगभग सात वर्षों तक जेल में रहना पड़ा था। शास्त्री की क्रांतिकारी व सामाजिक गतिविधियों को देखते हुवे वर्ष 1946 में कांग्रेस सरकार द्वारा उन्हें उत्तर प्रदेश के लिए संसदीय सचिव नियुक्त कर दिया गया था। फिर शीघ्र बाद ही उन्हें गृहमंत्री नियुक्त कर दिया गया था। ०वर्ष 1951 में केद्रीमंत्री मंडल में रहते हुए उन्होंने कई एक विभागों का प्रभारी भी बनाया गया था, जिनमें रेल मंत्री, परिवहन व संचार मंत्री, वाणिज्य व उद्योग मंत्री,गृह मंत्री के साथ ही साथ जिस समय पंडित जवाहरलाल नेहरू कुछ अस्वस्थ अनुभव कर रहे थे तो तब उन्हें बिना विभाग के मंत्री भी बनाया गया था। रेल मंत्री रहते हुए जब बड़ी रेल दुर्घटना हो गई थी तो शास्त्री ने नैतिकता के आधार पर खुद ही अपना इस्तीफा दे दिया था, हृदय गति रुक जाने से शास्त्री जी मृत्यु (रैहस्यम परिस्थितियों में) बताई गई। बाद में मरणोपरांत 1966 में शास्त्री जी को उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके देहावासन वाले दिन (11जनवरी ) को स्मृति दिवस के रूप में याद किया जाता है। शास्त्री को उनकी जयंती पर शत शत नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पोस्टर मेकिंग में अंकिता ने मारी बाजी

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग नारला में समर्थ 2025 आपदा जोखिम न्यूनीकरण अभियान के अंतर्गत रचनात्मक कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कल्याण चंद मढोत्रा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां न केवल रचनात्मकता बढ़ाती हैं, बल्कि आपदा प्रबंधन के महत्व को भी समझाती हैं। प्रतियोगिता में छात्रों ने 'आपदा तैयारी और सुरक्षा जागरूकता' विषय पर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, रेखाचित्र और चित्रकला की श्रेणियों में भाग लिया। स्लोगन लेखन में ईशा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने प्रथम, कार्तिक ने द्वितीय, और पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में अंकिता प्रथम, ईशा द्वितीय, और प्रदीप तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. ममता परमार, प्रो. अजय कुमार और प्रो. कंचना देवी ने प्रतिभागियों के कार्यों की सराहना करते हुए रचनात्मक सुझाव भी दिए। प्राचार्य ने कहा कि ये गतिविधियां छात्रों को प्राकृतिक आपदाओं के समय सही प्रतिक्रिया देने और समाज में सुरक्षा जागरूकता फैलाने के लिए तैयार करती हैं।

### कुलपति प्रो. ललित को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी को 'नवोन्मेषी डिजिटल प्रौद्योगिकियां एवं सतत समाज विकास हेतु अनुप्रयोग सम्मान' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 68वें वार्षिक आईईटीई अधिवेशन के दौरान सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़ में दिया गया, जिसे संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने प्रदान किया। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे हिमाचल के लिए गौरव की बात है। कुलपति के विश्वविद्यालय लौटने पर शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने पारंपरिक हिमाचली अंदाज में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. राजेश कुमार शर्मा एवं अधिष्ठाता योजना एवं विकास डॉ. सनील ठाकुर ने उन्हें पुष्पगुच्छ, टोपी और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

### गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान में जुटे प्रशिक्षु

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला, सुंदरनगर ने आईटीआई सुंदरनगर के प्रशिक्षुओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान आयोजित किया। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रयोगशाला के प्रभारी वैज्ञानिक अधिकारी चमन लाल ठाकुर एवं आईटीआई के प्रिंसिपल विजय चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अभियान में संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों के साथ लगभग 25 प्रशिक्षु शामिल हुए। स्वच्छता यात्रा प्रयोगशाला परिसर से शुरू होकर भारतीय मौसम कार्यालय सुंदरनगर तक निकाली गई। इस दौरान प्रतिभागियों ने लगभग 30 किलो प्लास्टिक कचरा एकत्र कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### इंडस ग्लोबल स्कूल में मनाया दशहरा उत्सव



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** इंडस ग्लोबल स्कूल में विजयदशमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्या सोनिया पवार ने बच्चों को विजयदशमी की मुबारक दी तथा उसके महत्व के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। रावण के पुतले को जलाकर यह संदेश दिया गया कि अच्छाई की हमेशा जीत होती है और बुराई की हार। विद्यालय में प्रतिवर्ष इस आयोजन के पीछे का उद्देश्य छात्रों को भारत की गौरवान्वित संस्कृति से जोड़े रखना और उनमें नैतिक गुणों का विकास करना है।

### दुकान से बाहर सामान सजाया तो होगा जब्त

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम क्षेत्राधिकार से निरंतर यह शिकायतें प्राप्त हो रही है कि बहुत से दुकानदार अपने सामान को दुकानों के बाहर, सड़क पर अथवा सार्वजनिक स्थानों पर रख देते है। इस कारण आम जनमानस को आवाजाही में असुविधा का सामना करना पड़ता है। इन शिकायतों पर गंभीर संज्ञान लेते हुए नगर निगम द्वारा 3 अक्तूबर से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान यदि किसी भी दुकानदार का सामान दुकान की निर्धारित सीमा से बाहर पाया जाता है तो दुकानदार का सामान जब्त कर भारी जुर्माना वसूला जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिकों का सराहनीय योगदानः डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वरिष्ठ नागरिक भवन (मांडव चैरिटेबल ट्रस्ट), मंडी में अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन रहे। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को समाज की अमूल्य धरोहर बताया और प्रशासन, स्वयंसेवी संस्थाओं व आम जनता द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में किए गए निरंतर प्रयासों की सराहना की। जिला कल्याण अधिकारी समीर ने सरकार की वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न खंडों और प्रदेश की 19 इकाइयों से वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 19 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित भी किया गया।

### 81 वर्षीय त्रहडू राम को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत पस्सल में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के वृद्धजनों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि उपस्थित लोगों में सबसे वृद्ध 81 वर्षीय त्रहडू राम को उपहार देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। तहसील कल्याण अधिकारी चंदनवीर ने कार्यक्रम में भाग लेकर वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन, वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र, स्वास्थ्य सुविधा और अन्य सहायतात्मक योजनाओं के लाभ स्पष्ट रूप से बताए। चंदनवीर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की रीढ़ हैं और उनकी गरिमा बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।

### वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सुंदरनगर के महादेव सामुदायिक भवन में अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अमर नेगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की रीढ़ होते हैं, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी को सही दिशा मिलती है। इस अवसर पर विभाग द्वारा उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को उपहार स्वरूप सम्मान भी भेंट किए गए। कार्यक्रम में तहसील कल्याण अधिकारी धर्मशीला ने वरिष्ठजनों की समाज निर्माण में भूमिका को रेखांकित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत महादेव नीलकमल, वार्ड सदस्य सहित कई व्यक्ति भी मौजूद रहे।

### भक्ति से बड़ा कोई बल नहीं होताः परमार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के छत्तर गांव में छत्तर युवक मंडल द्वारा नवरात्रों के अवसर पर भव्य भजन संध्याओं का आयोजन किया गया। दुर्गा अष्टमी पर आयोजित इस कार्यक्रम में गुरु शरण परमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। युवक मंडल के पदाधिकारियों ने माता की चुनरी और स्मृतिचिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। परमार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि श्रद्धा और भक्ति से बड़ा कोई बल नहीं होता। उन्होंने कहा कि जगरातों की शुरुआत के बाद से वर्षा थम गई है, जो मां दुर्गा की कृपा का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कुंडूनी गांव के प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### लडभड़ोल में अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लडभड़ोल में 66वीं जिला मंडी अंडर-19 बालक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 1 से 3 अक्तूबर तक आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में जोगिंद्रनगर विकास मंच के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कमांडेंट जेपी राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रतियोगिता में मंडी के 18 खंडों से 667 खिलाड़ी और 200 से अधिक अध्यापक भाग ले रहे हैं। राणा ने कहा कि खेल अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना सिखाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विजेता बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विकास मंच द्वारा खिलाड़ियों के नाश्ते के लिए 31,000 रुपए और मंडी का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों को 5,100 रुपए प्रति टीम देने की घोषणा की गई।

# चंडीगढ़-मनाली एनएच पर पंडोह के पास जागर नाले में गिरा डंगा

## हल्की बारिश में ही ढह गया करोड़ों का डंगा, फोरलेन निर्माण कंपनी पर सवालिया निशान

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली एनएच पर पंडोह के जागर नाले में नवनिर्मित पुल के पास सड़क मार्ग के लिए लगा बड़ा डंगा सोमवार को हल्की सी बारिश में ही धड़ाम हो गया। गनीमत रही कि इसकी चपेट में जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।

बता दें कि यह डंगा नाले से 100 फुट की हाईट पर सड़क की प्रोटेक्शन के लिए लगाया गया था। जिसकी लंबाई लगभग 100 मीटर थी। दुःख की बात है कि करोड़ों की लागत से निर्मित यह डंगा मुश्किल से 4-5 दिन तक ही टिक सका। जबकि स्थानीय लोगों सुरत राम, भीखम राम, देवेंद्र कुमार, मस्त राम आदि ने निर्माण कंपनी केएमसी को निर्माण के दौरान ही इस डंगे की गुणवत्ता अच्छी ना होने पर इसके जल्दी ही गिरने की चेतावनी दे थी और हुआ भी वही। इन लोगों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस टूटे डंगे की कंक्रीट के टुकड़े नाले के पानी का बहाव उनके घरों की ओर कर सकते हैं। जिससे उनके घरों व जमीन को नुकसान हो सकता है। उनकी मांग है कि इन टुकड़ों को हटाया जाए तथा फिर से डंगे के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।



टूटे डंगे से घरों को बना खतरा, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार।

बता दें कि इस डंगे के गिरने से जागर पुल को किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है मगर पुल के साथ दूसरी ओर लगे डंगे में भी दरारें आ गई है। जो कभी भी गिर सकता है। सनद रहे कि दो माह पूर्व इसी सड़क मार्ग पर सामंबल पुल का छज्जा गिरने से हड़कंप मच गया था। नौ मील के पास एक माह पूर्व सड़क में बड़ा खड्डा पड़ने से सड़क मार्ग की एक लेन बंद पड़ी है। इन सब घटनाओं से फोरलेन निर्माण केएमसी कंपनी सवालों के घेरे में घिरती जा रही है। मगर ना तो जिला प्रशासन और न ही एनएचआई इनके खिलाफ कोई कार्रवाई करती हैं। इस बारे में के एमसी कंपनी जीएम सत्या ने बताया कि मैं अभी बाहर हूं। मैं कुछ नहीं बता सकता।

प्रधान जागर भूषण ने बताया कि उन्होंने कंपनी से इस टूटी कंक्रीट को हटाने की बात की है। कंपनी ने थोड़ा समय मांगा है। उन्होंने बताया कि केएमसी कंपनी घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करती है। जो आने वाले समय में भी खतरनाक साबित हो सकता है।

## सुंदरनगर पुलिस ने 20 ग्राम हेरोइन व 18 हजार नकदी सहित एक दबोचा



सुंदरनगर पुलिस टीम के साथ 20 ग्राम हेरोइन व नकदी के साथ पकड़ा आरोपी।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

पुलिस थाना सुंदरनगर टीम ने पंजाब के मोगा के रहने वाले 45 वर्षीय आरोपी से 20 ग्राम हेरोइन व 18 हजार नकदी बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुलिस थाना सुंदरनगर पुलिस टीम एएसआई दौलत कटारिया के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी, कांस्टेबल कुलदीप और सतीश कुमार द्वारा पुंघ में नाकाबंदी पर मंडी की ओर से आने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मंडी की ओर से बाइक नंबर पीबी-29एई-5196 को चेकिंग के लिए रोका गया व चालक दस्तावेज दिखाने के लिए टालमटोल करने लग गया। इस पर पुलिस टीम ने बाइक की चेकिंग के दौरान आरोपी से 20 ग्राम हेरोइन व 18 हजार रुपए की नकदी बरामद की। आरोपी की शिनाख्त लखवीर सिंह खोखर (45) पुत्र मोहिंदर सिंह निवासी घर क्रमांक- 50 नजदीक पुराण दी चक्की प्रीतनगर जिला मोगा पंजाब के तौर पर हुई है। पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से गहन पूछताछ अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस का जारी अभियान लगातार जारी है।

## व्यर्थ में पानी बहाने से बढ़ रहा पेयजल बिल नहीं सुधरे तो कटेगा कनेक्शन: रोहित गुप्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जलशक्ति विभाग ने उपभोक्ताओं से पेयजल के समुचित उपयोग एवं बिलों की अदायगी समय पर करने का आग्रह किया है। व्यर्थ में पेयजल बहाने वालों के विरुद्ध विभाग ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

जलशक्ति उपमंडल मंडी नंबर एक के सहायक अभियंता रोहित गुप्ता ने बताया कि मंडी शहर में पेयजल की समुचित आपूर्ति विभाग की ओर से सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि विभागीय निरीक्षण में पाया गया है कि कुछ पेयजल उपभोक्ताओं के निजी पेयजल भंडारण टैंकों से व्यर्थ ही जल बहता रहता है। उन्होंने बताया कि टंकियां ओवरफ्लो होने से पेयजल की बर्बादी तो होती ही है व इससे संबंधित उपभोक्ताओं को पेयजल का बढ़ा हुआ बिल भी चुकाना पड़ता है। ऐसे उपभोक्ताओं से आग्रह है कि वे पानी व्यर्थ न बहने दें, अन्यथा उनका कनेक्शन भी काटा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि कुछेक स्थानों पर अनाधिकृत रूप से पेयजल का उपयोग करने की सूचनाएं भी प्राप्त हुई हैं। उन्होंने ऐसे लोगों से आग्रह किया कि वे अविलंब नियमित जल कनेक्शन के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करें। किसी भी तरह का अनधिकृत जल कनेक्शन मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि कोई उपभोक्ता घरेलू जल कनेक्शन का ढाबा, दुकान या कार्यालय इत्यादि में व्यावसायिक उपयोग करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**सभी उपभोक्ता समय पर करें बिलों का भुगतान**

रोहित गुप्ता ने आग्रह किया है कि उपमंडल मंडी नंबर एक के तहत आने वाले सभी उपभोक्ता समय पर अपने बिलों का भुगतान करना सुनिश्चित करें। लंबित पेयजल बिल एक सप्ताह में अदा न करने पर बिना किसी पूर्व सूचना के उनका पेयजल कनेक्शन काट दिया जाएगा। पेयजल से संबंधित शिकायत के लिए उपभोक्ता 01905-222855, सीवरेज संबंधित शिकायत के लिए 01905-222955 तथा पेयजल व सीवरेज बिल से संबंधित जानकारी के लिए 01905-222173 पर संपर्क कर सकते हैं।

### जोगिंद्रनगर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं

## चोरों ने आरठी गांव में ढाई तोला सोना और 30,000 नकदी चुराई

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शुरू की जांच**

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। ताजा मामला बुधवार को आरठी गांव से सामने आया है, जहां चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों के कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी में ढाई तोला सोना व 30,000 नकद शामिल है।

मिली जानकारी के अनुसार, आरठी गांव निवासी सुभाष शर्मा व उनका परिवार पिछले तीन दिनों से घर पर मौजूद नहीं था। बुधवार को जब वे घर लौटे तो मुख्य दरवाजा खुला हुआ मिला। अंदर प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि कमरों का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। अलमारी व बेड बॉक्स तोड़कर चोरों ने नकदी और सोना चुरा लिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना जोगिंद्रनगर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी विकासखंड चौंतड़ा के धनैटर गांव में चोरी की वारदात सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। लोग अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित हैं और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में रोष और भय व्याप्त है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग उठाई है।

## सीमा को जिला भाजपा महिला मोर्चा की कमान

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** प्रदेश भाजपा अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में जुट गई है। इसी कड़ी में बल्ह विधानसभा क्षेत्र से संबंधित तेजतर्रार भाजपा नेत्री



सीमा शर्मा को भाजपा संगठनात्मक जिला मंडी महिला मोर्चा अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। सीमा शर्मा की जिला में सक्रिय राजनीति, संगठन में दीर्घकालिक अनुभव और महिलाओं में उनकी विशेष पकड़ को देखते हुए पार्टी हाइकमान ने उन्हें जिला मंडी में नारी शक्ति को जोडऩे की कमान सौंपी है। पार्टी हाई कमान ने उन्हें लगातार दूसरी बार इस पद से नबाजा है, वहीं सीमा शर्मा ने अपनी इस नियुक्ति के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष डेजी ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष निहालचंद शर्मा, विधायक इंद्र सिंह गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया है।

## एनएचएआई ने मंडी-पठानकोट एनएच में भरे गड्ढे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग 154 पर सुखबाग और चौंतड़ा के बीच सड़क में पड़े गड्ढों को बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विभाग द्वारा भर दिया गया। प्राधिकरण का कहना था कि बरसात के कारण सड़क में गड्ढों को भरने का काम स्थगित किया गया था और अब यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। साइट इंजीनियर अंकित गिल ने बताया कि 3 अक्तूबर के बाद चौंतड़ा से पधर तक सड़क में पड़े गड्ढों को भरने का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बरसात के दौरान सड़क पर जहां-जहां डंगे क्षतिग्रस्त हुए हैं और जहां नुकसान हुआ है, वहां निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की है। सड़क पर मरम्मत कार्य से न केवल हादसों का खतरा कम होगा, बल्कि वाहन चालकों और यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होगी।

## रोहांडा स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोहांडा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारंभ बुधवार को समाजसेवी नीलिमा कुमारी के मुख्यातिथ्य में हुआ। अपने विद्यालय में वर्षों बाद लौटने पर उन्होंने भावुक होकर पुराने दिनों को याद किया और स्कूल की प्रगति देख प्रसन्नता जताई। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और नारों के साथ मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। शिविर में 34 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं और आगामी सात दिनों में प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान, बौद्धिक सत्र व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार और देवेंद्र ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन व नेतृत्व जैसे गुणों का विकास करना है। प्रधानाचार्य हरदेव कौंडल ने स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

## पौंटा की अभिलाषा बनेगी वेटरनरी डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल के पौंटा क्षेत्र की होनहार छात्रा अभिलाषा ठाकुर का चयन वेटरनरी कॉलेज पालमपुर के लिए हुआ है। अभिलाषा वेटरनरी डॉक्टर बनकर अपने परिजनों का नाम रोशन करेंगी। सरकाघाट क्षेत्र के पौंटा साथ लगते चुहकू गांव की होनहार छात्र अभिलाषा ठाकुर ने नीट परीक्षा में 471 अंक प्राप्त करने के बाद वेटरनरी चिकित्सक बनने के लिए सीट पक्की कर ली है। अभिलाषा ठाकुर का चयन वेटरनरी कॉलेज पालमपुर के लिए हुआ है।

अभिलाषा के पिता रसील चंद शिक्षा विभाग में कार्यरत है और उनकी माता आशा कुमारी एक सफल गृहणी है। पिता रसील चंद ने बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इस कामयाबी का श्रेय अभिलाषा के शिक्षकों को दिया है। अभिलाषा ठाकुर ने दसवीं कक्षा की पढ़ाई सीबीएसई बोर्ड के तहत आरके इंटरनेशनल स्कूल नौबाही से पूरी की है। इसके उपरांत अभिलाषा ठाकुर ने जमा दो की पढ़ाई केंद्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर से पूरी की है।

## 15 तक क्रियाशील हों सभी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिटें : अपूर्व देवगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**उपायुक्त ने आज जिलेभर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के दिए निर्देश**

जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की गवर्निंग बॉडी की बैठक बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम मंडी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मंडी एवं अध्यक्ष जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अपूर्व देवगन ने की।

उपायुक्त ने सभी खंड विकास अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि 15 अक्तूबर तक जिले के सभी विकास खंडों में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिटें पूरी तरह क्रियाशील कर दी जाएं और इन केन्द्रों में प्लास्टिक कचरे की प्रोसेसिंग शुरू हो जाए। उन्होंने बताया कि जिले के 14 विकास खंडों में से 8 खंडों में ये यूनिटें पहले ही कार्यशील हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि डोर टू डोर प्लास्टिक कचरे के संग्रहण के लिए बनाए गए क्लस्टरों का पुनर्गठन किया जाएगा और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर प्लास्टिक संग्रहण सुनिश्चित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि कुछ स्थानों पर नए 'कचरा हॉट स्पॉट' विकसित हो गए हैं, जिन पर विशेष ध्यान देते हुए 2 अक्तूबर को जिलेभर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि प्लास्टिक कचरे के लिए 'हब एंड स्पोक मॉडल' को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक ने बताया कि वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार मंडी जिले की सभी 555 ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयां स्थापित करने, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने और पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिपाली शर्मा, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मंडी के क्षेत्रीय अधिकारी विनय कुमार तथा सभी खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## महासंघ ने समयबद्ध पदोन्नति की मांग की

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि विभिन्न विभागों में लंबित पड़ी पदोन्नतियों की प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। महासंघ ने हाल ही में वन विभाग में वन रक्षकों को रेंज अधिकारी के पद पर पदोन्नत करने के निर्णय का स्वागत किया है, लेकिन अन्य विभागों में पदोन्नति में हो रही देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष चमन लाल कलवान, उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, महासचिव उमेश कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि विशेषकर शिक्षा विभाग की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नवंबर में संभावित पंचायत चुनावों के चलते प्रदेश में आचार संहिता लागू हो जाएगी, इसलिए उससे पूर्व ही सभी विभागों की पदोन्नति प्रक्रिया पूरी की जाए। महासंघ ने मांग की कि सरकार सभी लंबित फाइलों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करे, सभी स्तरों पर पदोन्नति आदेश जारी करे और प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

## तीसरी संध्या में सजीव प्रस्तुतियों से बांधा समां

**प्रशांत मोहन,अनंत ज्ञान, कोटली।** पांच दिवसीय रामलीला उत्सव की तीसरी संध्या के अवसर पर बहुत ही सजीव तरीके से स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। इस मौके



पर सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक कृष्ण चंद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपनी ओर से 11,111 रुपए की राशि भेंट की। आयोजन स्थल पर कमेटी की ओर से उनका ढोल नगाड़ों एवं फूलमालाओं के साथ स्वागत व शॉल टोपी एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य अरुण कुमार, पुलिस चौकी कोटली के प्रभारी बृजभूषण शर्मा, सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक रामलाल ठाकुर इत्यादि गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा रामलीला से जुड़े पूर्व कलाकारों रामकृष्ण तथा भूरी सिंह को सम्मानित किया। जगजीत राम, अनुराग लक्ष्मण, नरेश रावण, पंकज हनुमान, बलीभद्र सुग्रीव, साक्षी सीता के किरदार में नजर आए।

## वरिष्ठ पत्रकार के निधन से शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** वरिष्ठ पत्रकार और जोगिंद्रनगर प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य वेद बंटा का आकस्मिक निधन हो गया। उनके इस अचानक चले जाने से न केवल जोगिंद्रनगर प्रेस क्लब बल्कि सम्पूर्ण पत्रकारिता जगत गहरे शोक में डूब गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाब सिंह ठाकुर, विधायक प्रकाश राणा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल, कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर और व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर ने भी उनके निधन पर गहरा शोक जताया और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## प्रेस क्लब मंडी व सुंदरनगर ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जोगिंद्रनगर के वरिष्ठ पत्रकार वेद बंटा का निधन हो गया है। प्रेस क्लब मंडी व सुंदरनगर ने गहरा दुख व्यक्त कर 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दी। मंडी प्रेस क्लब के प्रधान सुभाष ठाकुर, उप प्रधान मोनिका ठाकुर, महासचिव हंसराज सैनी, कोषाध्यक्ष भगत सिंह सहित सभी पत्रकारों व प्रेस क्लब सुंदरनगर के प्रधान सुरेंद्र शर्मा, महासचिव बलविंदर सोढ़ी, उप्रपधान रोशन लाल शर्मा, अदीप सोनी सहित सभी सदस्यों ने बंटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**कार्यक्रम** | इतिहास विभाग और इंटेक मंडी चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

# पंचवक्त्र तक विरासत अध्ययन यात्रा पर निकले छात्र

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग व भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान से एमओयू अंतर्गत विरासत अध्ययन यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को मंडी नगर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य ललित कुमार अवस्थी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में इस प्रकार की यात्राओं को विद्यार्थियों के शैक्षणिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत आवश्यक बताया तथा मंडी की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश मल्होत्रा, समन्वयक भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) मंडी चैप्टर ने की। उन्होंने मंडी की ऐतिहासिक इमारतों और मंदिरों के संरक्षण के लिए समाज और युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी को अनिवार्य बताया।



बरसेले से पंचवक्त्र तक विरासत अध्ययन यात्रा पर निकले सरदार पटेल विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के विद्यार्थी।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अनिल शर्मा लेखक एवं जिला ब्यूरो प्रमुख अनंत ज्ञान समाचार पत्र मंडी ने मंडी की सांस्कृतिक विरासत और स्थापत्य कला के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने ऐतिहासिक भवनों, मंदिरों और मंडी के स्थापत्य वैभव का विद्यार्थियों से विस्तार से परिचय दिया। अनिल शर्मा सह-समन्वयक, भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) मंडी चैप्टर ने बताया कि इस प्रकार की अध्ययन यात्राएं न केवल छात्रों को कक्षा से बाहर सीखने का अवसर प्रदान करती हैं बल्कि उनके भीतर अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति गर्व और संरक्षण की भावना भी जागृत करती हैं।

कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. राकेश कुमार शर्मा विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विरासत अध्ययन यात्रा के दौरान विद्यार्थियों और शोधार्थियों को मंडी के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया, जिनमें बरसेले, बिज्जै वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऐतिहासिक भवन तथा प्राचीन एवं प्रसिद्ध पंचवक्त्र महादेव मंदिर विशेष रूप से शामिल रहे। विशेषज्ञों ने इन स्थलों की ऐतिहासिक, स्थापत्य एवं सांस्कृतिक

**अनिल शर्मा लेखक ने छात्रों को कराया मंडी की विरासत से परिचय**

पृष्ठभूमि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर इंटेक के समन्वयक नरेश मल्होत्रा, सह समन्वयक अनिल शर्मा, जयश्री कपूर प्राचार्य बिज्जै स्कूल मंडी, अजय सहगल, राजीव कुमार सहायक आचार्य राजेश शर्मा, कृष्ण कुमार, शोधार्थी डोल्मा, राजु व सूर्य प्रकाश, इतिहास सोसायटी अध्यक्ष सानु कुमार, मीडिया क्लब अध्यक्ष दीपक दीपांशु, युवराज, स्मृति, आंशिक, डिंपल कुमारी, लखविंदर, भूपेंद्र, विद्यार्थी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शक्ति युवा गुटकर-2 बनी विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सत बालाकामेश्वर 2025-26 टूर्नामेंट का आयोजन पड्डल ग्राउंड मंडी में बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में 30 टीमों ने भाग लिया और दर्शकों को कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फाइनल मुकाबला शक्ति युवा गुटकर-1 और शक्ति युवा गुटकर-2 के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए शक्ति युवा गुटकर-2 ने खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में



भाजपा जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया और खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की। निहालचंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने का सबसे सशक्त माध्यम है।





# देवमहाकुंभ
# अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा





**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

कमलेश वर्मा ( परी)
प्रभारी कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
मो. 97360-75360,86298-97600

"With Best Complements on Dushehra occasion, 2025"
From:-
**HARISONS HYDEL CONSTRUCTION CO. PVT. LTD.**
H.O. Akhara Bazar Kullu (H.P.)-175101
**BRAHMGANGA HYDRO ELECTRIC PROJECT (5MW)**
**MANIKARAN, DISTT. KULLU (H.P.)- 175105.**
Email: hhcpl_kullu@yahoo.co.in, Mob: 98160-24893
*CLEAN ENERGY, GREEN ENERGY*





*Heartiest Congratulations on the occasion of Dussehra Festival 2025*
*From*
**GCL GROUP**
**USAKA HYDRO POWERS (P) LTD.**
**GAUR HYDRO POWER (P) LTD.**
V.P.O. Badal (Khalara Nallah)
Tehsil & Distt. Kullu (H.P.)

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
**Brilliant Global School**
**Admissions Open for 2026-27**
Enrolling Pre-Nursery to Grade 7
**Transportation available from**
- Aut
- Diyar Road
- Bhuntar
- Manikaran
- Kharal Valley Road
- LagValley Road
- Naggar
- Patlikuhal
- Shirar
- Kais
- Free transportation for kindergarten students
- Daily milk and nutritious refreshments provided to all students



Opposite Session House, Shastri Nagar, Kullu
Contact: 8193000022 / 01902-222202

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव

## अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



**श्री शिव प्रताप शुक्ल**
माननीय राज्यपाल हि.प्र.



**श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू**
माननीय मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश



**श्री सुन्दर सिंह ठाकुर**
विधायक विधानसभा क्षेत्र कुल्लू एवं अध्यक्ष दशहरा उत्सव समिति

देव महा समागम कुल्लू दशहरा उत्सव के अवसर पर
**माननीय राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ल**
के पधारने पर हार्दिक अभिनंदन

**मुख्य आकर्षण**

- सांस्कृतिक संध्याएं
- कुल्लू कार्निवाल
- खेलकूद प्रतियोगिताएँ
- लालड़ी लोक नृत्य



डॉ. कार्तिकियन गोकुलचंद्रन, भा.प्र.से.
पुलिस अधीक्षक, कुल्लू



सुश्री तोरुल एस. रवीश, भा.प्र.से.
उपायुक्त कुल्लू एवं उपाध्यक्ष
कुल्लू दशहरा उत्सव समिति



गोपाल कृष्ण महंत
अध्यक्ष नगर परिषद, कुल्लू

आयोजक – दशहरा उत्सव समिति, कुल्लू (हि.प्र.)

# विश्व के सबसे बड़े देवमहाकुंभ के लिए रघुनाथ जी की नगरी तैयार

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

देवभूमि कुल्लू में सात दिनों तक चलने वाले विश्व के सबसे बड़े देव महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव का वीरवार को कुल्लू के अधिष्ठाता देवता रघुनाथ जी की ऐतिहासिक रथ यात्रा के साथ आगाज होगा। कड़ी सुरक्षा के बीच यह रथ यात्रा परंपरागत तरीके से रथ मैदान से ढालपुर मैदान की चानणी तक होगी तथा सैकड़ों देवी-देवता रघुनाथ के साथ मिलने के बाद अपने-अपने अस्थायी स्थानों में सात दिनों के लिए विराजमान होंगे।

विश्व विख्यात देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के लिए रघुनाथ जी की नगरी तैयार है और अधिकतर देवी-देवता बुधवार को कुल्लू पहुंच गए हैं। वीरवार को सभी देवी-देवताओं के आगमन के साथ ही अठारह करडू की सौह में स्वर्ग जैसा नजारा देखने को मिलेगा। वहीं, बुधवार से ढालपुर सहित अन्य सभी उत्सव स्थल वाद्ययंत्रों की धून से गूंज उठी है और चारों ओर जयकार की ध्वनि सुनाई दे रही है। देवी-देवताओं के आगमन के साथ ही वीरवार को दशहरा उत्सव का आगाज होगा और सात दिनों तक देवी-देवताओं के अस्थायी शिविरों में देश सहित विदेशी भक्तों का सुबह से लेकर रात तक तांता लगा रहेगा।

देवी-देवताओं के सैकड़ों कारकून व देवलू भी अपने-अपने देवी-देवता की सात दिनों तक चाकरी करेंगे और लोग अपने-अपने देवताओं के शिविरों में परिवार की सुख-शांति के लिए देवरथों के आगे नतमस्तक होंगे। लिहाजा, वीरवार को दशहरा उत्सव के आगाज के साथ ही जहां कलाकेंद्र में अंतरराष्ट्रीय लोकनृत्य का शुभारंभ होगा, वहीं देव संस्कृति के अनुसार हर दिन निकलने वाली नृसिंह की जलेब आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा छठे दिन मुहल्ले का आयोजन होगा, जबकि राजा की चानणी में चंद्राउली नृत्य भक्तों को आकर्षित करेगा।



विश्व के सबसे बड़े देव महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव का वीरवार को कुल्लू के अधिष्ठाता देवता रघुनाथ जी की ऐतिहासिक रथ यात्रा के साथ होगा आगाज।

## 8 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवाल

8 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवाल का आयोजन इस बार भी होगा। इसमें 800 महिला मंडल की महिलाएं जहां कुल्लवी संस्कृति का रंग बिखेरेंगी। वहीं, अन्य झांकियों के माध्यम से भी सरकार की योजनाओं व अन्य जानकारी बारे लोगों को अवगत करवाया जाएगा। उत्सव में पहली बार युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन भी किया जा रहा है। यह मेला 15 अक्तूबर को कुल्लू के रथ मैदान में आयोजित होगा।

## 180 से अधिक सफाई कर्मचारी संभालेंगे स्वच्छता व्यवस्था

**नगर** परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी अंतराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि शहर में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रह सकें। उन्होंने बताया कि इस बार 180 के करीब सफाई कर्मचारी सफाई व्यवस्था के लिए तैनात किए गए हैं।

## आपदा में उत्सव की ओर थीम पर आयोजित होगा दशहरा

**अंतरराष्ट्रीय** कुल्लू दशहरा उत्सव की तैयारी को लेकर दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष का कुल्लू दशहरा उत्सव आपदा से प्रभावित लोगों को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य के लिए समर्पित है। उन्होंने जानकारी दी की इस वर्ष दशहरा उत्सव में कुछ गतिविधियों को कम कर दिया गया है, ताकि इससे जो धन की बचत होगी उसे आपदा प्रभावितों की मदद के लिए प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों के लिए यह संभावित धनराशि करोड़ की संख्या में रहेगी, जो कि आपदा प्रभावितों के लिए एक बहुत बड़ा योगदान रहेगा। देवताओं के लिए जगह-जगह इंतजाम किए गए हैं। इस उत्सव के दौरान जो सांस्कृतिक संध्या होंगी, उनमें बहुत से कलाकारों ने स्वेच्छा से निशुल्क अथवा कम से कम मेहनताने को लेकर अपनी प्रस्तुति देने अपनी इच्छा जाहिर की है। उन्होंने ऐसे सभी कलाकारों का धन्यवाद किया। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष प्रदर्शनी स्थल को भी बदलकर प्रदर्शनी मैदान से कलाकेंद्र की पार्किंग में स्थानांतरित किया गया है तथा देवताओं के लिए समस्त उचित व्यवस्था की गई है। बेहतर प्रबंधन की दृष्टि से उत्सव स्थल को 14 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जिसमें पुलिस के 1200 जवान दिन-रात जन सुरक्षा में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इस वर्ष गत वर्ष की अपेक्षा अधिक आय सृजित हुई है तथा सभी दुकानों एवं स्टालों के आवंटन का 80 फीसदी आवंटन कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि इस आयोजन में 25 विभागों की प्रदर्शनियां मेले के दौरान लगेगी तथा 25 सहायता समूहों के स्टॉल लगेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सेकेंड स्टेज नहीं लगेगा तथा अंतरराष्ट्रीय दलों को भी इस बार शामिल नहीं किया गया है, ताकि एक ऐसा संदेश दिया जा सके कि आपदा प्रभावितों के सहयोग के लिए हम स्थानीय कलाकारों को ही अधिक मौका दें। उन्होंने कहा कि भूतनाथ पुल से दोनों तरफ का ट्रैफिक हल्के वाहनों के लिए चालू कर दिया गया है साथ ही भूतनाथ की पार्किंग, जिसमें 700 गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था है। इस अवसर पर डीसी व दशहरा उत्सव समिति की उपाध्यक्ष तोरूल एस रवीश, पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, देवता रघुनाथ के प्रतिनिधि दानविंदर सिंह, कारदार संघ के अध्यक्ष लोत राम ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर उपस्थित थे।

# दशहरा उत्सव विशेष बस सेवा को विधायक ने दिखाई हरी झंडी



सुंदर सिंह ठाकुर, डीसी व एसपी कुल्लू दशहरा की तैयारियों का जायजा लेते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की तैयारी को लेकर दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर व उपाध्यक्ष व डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने कुल्लू दशहरा 2025 की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने रथ मैदान, मेला प्रदर्शनी मैदान तथा लालचंद प्रार्थी कला केंद्र सहित प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक कार्यों को आज शाम तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दशहरा उत्सव के लिए लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए आज से शुरू की गई विशेष बस सेवा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने बताया कि दशहरा उत्सव के लिए देवताओं का आगमन आरंभ हो चुका है। देवताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की तैयारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव को आपदा प्रभावित जनों के लिए सहयोग रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारी गण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दैवीय शक्तियों व कारकूनों, देवलुओं सहित कुल्लू रवाना हुई माता हिडिंबा

## आज अंतरराष्ट्रीय दशहरा की बढ़ाएंगी शान, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत, पर्यटन नगरी मनाली हुई भक्तिमय

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की शान बढ़ाने को मनाली घाटी की आराध्यदेवी एवं कुल्लू राजवंश की दादी माता हिडिंबा दैवीय शक्तियों के साथ अपने कारकूनों व देवलुओं सहित कुल्लू रवाना हो गईं।

माता के मंदिर परिसर ढूंगरी से पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक श्रद्धालुओं ने माता हिडिंबा से सुख व समृद्धि का आशीर्वाद लिया। भक्तों ने जगह-जगह माता का स्वागत किया। तीन-चार स्थानों में माता के भक्तों ने देवलुओं, कारकूनों को प्रसाद भी बांटा। बुधवार सुबह ही माता हिडिंबा का ढुंगरी प्रांगण देव वाद्ययंत्रों की धुन से गूंज उठा। कारकून व देवलू माल रोड होते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के कैंपस में पहुंचे। माता हिडिंबा के माल रोड पहुंचते ही लोगों सहित पर्यटकों ने इन लम्हों को कमरे में कैद किया। पीडब्ल्यूडी विभाग मनाली के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा व एसडीओ आकाश सूद ने माता हिडिंबा का स्वागत किया और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। सनद रहे कि लोक निर्माण विभाग मनाली 1976 से माता के दशहरे में जाने के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद व जलपान ग्रहण करवाता रहा है। मनाली निवासी श्रद्धालु रीना ने बताया कि माता के दर्शनों के लिए यहां पहुंची हूं और माता दशहरे के लिए रवाना हो रही हैं। माता हिडिंबा के गूर देवी चंद ने बताया कि जब तक देवी माता हिडिंबा कुल्लू दशहरे में नहीं पहुंचती, तो तब तक कुल्लू दशहरा शुरू नहीं होता। उन्होंने कहा कि माता हिडिंबा के पहुंचने पर ही दशहरे का शुभारंभ होता है।



मनाली घाटी की आराध्यदेवी एवं कुल्लू राजवंश की दादी माता हिडिंबा अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए अपने लाव लश्कर के साथ प्रस्थान करती हुईं।

## दुनियाभर में प्रसिद्ध है माता हिडिंबा मंदिर

**महाभारत** के महाबली भीम की पत्नी और कुल्लू राजवंश की कुलदेवी माता हिडिंबा का मंदिर देश व दुनिया में प्रसिद्ध है। हर साल लाखों देशी-विदेशी पर्यटक माता हिडिंबा से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लेते हैं। यहां पर भीम के पुत्र घटोत्कच का भी मंदिर है।

## माता के पहुंचने पर ही होती है दशहरे की शुरुआत

**माता** हिडिंबा के गूर देवी चंद ने बताया दशहरा उत्सव की शुरूआत माता हिडिंबा की उपस्थिति में ही होती है। उन्होंने बताया कि माता हिडिंबा के कारकून प्राचीनकाल से चली आ रही परंपरा के अनुसार माता सहित रात्रि विश्राम रामशिला में करेंगे। सुबह भगवान रघुनाथ के छड़ी माता हिडिंबा को लेने रामशिला के हनुमान मंदिर आएंगे। हिडिंबा माता के कुल्लू पहुंचते ही अंतरराष्ट्रीय दशहरे की शुरुआत हो जाएगी।

# वामतट की जनता को गुमराह करने के लिए किए कई सर्वे, धरातल पर कुछ नहीं : जोशी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

- जल्द वाम तट मार्ग की दशा को सुधारा जाए
- एक माह भारी वाहन चलने के कारण डंगे भी बैठ गए

हिमाचल प्रदेश पत्रकार संसद जिला कुल्लू के अध्यक्ष व हिमाचल प्रदेश इंटक के प्रदेश प्रवक्ता डीआर जोशी ने एनएचएआई को आड़े हाथों लिया है।

प्रेस को जारी बयान में जोशी ने कहा कि वामतट की जनता को गुमराह करने के लिए कई सर्वे किए गए, लेकिन उन्होंने फाइलों को दबाकर आम जन से धोखा किया है। जोशी ने कहा कि आज हाइवे की पुरानी सड़क तो दिख रही है, लेकिन एनएचएआई द्वारा बनाई डबल लेन सड़क का कहीं भी नामोनिशान नहीं है। उन्होंने कहा कि बुरे वक्त में वाम तट मार्ग ही लोगों का सहारा बना है तथा लेह व लाहौल-स्पीति के लिए लाइफ लाइन की भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वामतट मार्ग की महत्ता को समझा होता तो इस तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि वाम तट मार्ग पर दवाब अधिक है साथ ही लोगों को धूल मिट्टी जैसी दिक्कत की परेशानी झेलनी पड़ रही है। जोशी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू व स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ से आग्रह किया कि जल्द वाम तट मार्ग की दशा को सुधारा जाए। उन्होंने कहा कि एक महीना भारी वाहन चलने के कारण डंगे भी बैठ गए हैं।

सड़क की हालत भी पहले से अधिक दयनीय हो गई है। इससे अनहोनी की आशंका भी बढ़ी है। जोशी ने मांग की है कि जल्द वाम तट मार्ग की हालत सुधारी जाए और डबल लेन बनाने की दिशा में जल्द काम किया जाए।

# कुल्लू की सीमाएं सील, 14 सेक्टरों में बांटा क्षेत्र



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

- 1200 पुलिस फोर्स सहित 136 सीसीटीवी कैमरे और एआई से रहेगी नजर

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के लिए जिला कुल्लू की सीमाएं पूरी तरह सील कर दी गई हैं।

कुल्लू शहर के चारों और पुलिस ने 24 घंटे नाके लगा दिए हैं। इसके अतिरिक्त 1200 पुलिस व होमगार्ड जवान मेले की सुरक्षा व्यवस्था को संभालेंगे। उत्सव स्थलों को 14 सेक्टरों में बांटा गया है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि 1200 पुलिस कर्मी जहां चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे। वहीं, सादी बर्दी में भी पुलिस जवान तैनात होंगे। इसके अलावा वाच टॉवर व एआई तकनीक से भी दशहरा में निगरानी रखी जाएगी। 136 सीसीटीवी कैमरा बजौरा से कुल्लू तक लगाए गए हैं। इसके अलावा बम डिस्पोजल दस्ता, डॉग स्कवैड, सहित स्पाई गोगल, बॉडी कैमरे आदि पुलिस जवानों और लोगों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इनमें बजौरा, कटौला, भुंतर और रामशिला में लगे नाकों पर भी सीसीटीवी की व्यवस्था की गई तथा शहर में घुसने वाली हर गाड़ी और व्यक्ति की जानकारी पुलिस को रहेगी। इसके अलावा कमांडो शोभायात्रा के दिन के अलावा कलाकेंद्र में तैनात रहेंगे। इसके अलावा ड्रोन भी मेला मैदान पर नजर रखेंगे। इनकी रेंज पांच किलोमीटर तक रहेगी। दशहरा के चलते आए भिखारियों पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि कुल्लू दशहरा के लिए चलने वाली बसें मेला मैदान पर रूकेंगी। बच्चों के खोने के मामलों पर नजर रखने के लिए मिसिंग चाइल्ड स्कवैड भी बनाई गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि दशहरे के दौरान अपने वाहनों में आने के बजाय बसों आदि का ही प्रयोग करें।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की पूर्व संध्या पर देवता अनंत बालू नाग महाराज और देवता लोमश ऋषि के अस्थायी शिविर में पौड़ी बनाने के लिए जगह कम होने पर विवाद हुआ। इसके बाद लोमश ऋषि अपनी नाराजगी जताने डीसी कार्यालय पहुंचे। डीसी ने उनसे बात करके मामला सुलझाने की बात कही, जिसके बाद लोमश ऋषि वापस अपने स्थल लौटे।

# बंजार क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर्व की धूम

## काली माता मंदिर शलेरा में भजन संध्या, भक्तों ने खूब लगाए जयकारे

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू उपमंडल बंजार के ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र पर्व की धूम देखने को मिल रही है। नवरात्र के इस पावन अवसर पर ग्राम पंचायत चनौन के काली माता मंदिर शलेरा में हर संध्या में मां के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

भजन संध्या की शुरुआत पवना शर्मा और प्रियंका शर्मा ने गणपति वंदना से की। इसके बाद उभरते लोक गायक कमलेश सराजी और हरबंश नेगी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। लोक गायक छापे राम ने भी अपनी मधुर आवाज से मां का गुणगान किया। बंजार के प्रसिद्ध लोक गायक राकेश शर्मा व मंडी जिले के मशहूर भजन गायक देविंद्र कुमार ने मंच संभालते ही भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देविंद्र कुमार ने तेरे मंदिरा जो जाना जैसे लोकप्रिय भजनों से कार्यक्रम की शुरुआत की, वहीं रामा री लीला, देव जहला, तेरा दीदार जैसे भजनों ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

राकेश शर्मा ने छम-छम नाचे वीर हनुमाना, मेरा भोला, छाप तिलक सब छीनी रे और भोले बाबा से जिनका संबंध है जैसे भजनों से खूब तालियां बटोरी। इस कार्यक्रम में भगवती म्यूजिकल बैंड काईस, देवी सिंह, सीएस भारती और हरबंश नेगी की प्रस्तुतियों ने भी खूब तालियां बटोरीं। रात्रि को हुई इस भजन संध्या में हिमाचल शिक्षक महासंघ जिला कुल्लू के



अध्यक्ष टीआर जोशी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भक्तों को धर्म, आस्था, परंपरा और संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। विशेषातिथि के रूप में व्यवसायी डोला सिंह भी शामिल रहे। कार्यक्रम के आयोजन में काली माता मंदिर कमेटी शलेरा के देव राज, गुड्डी देवी, टिकम कार्तिक, सवित्रा देवी, राकेश कुमार और पूरे शलेरा गांव वासियों का विशेष योगदान रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्रामवासियों के सहयोग से शलेरा गांव में काली दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। नवरात्र पर्व के अवसर पर हर साल सैकड़ों भक्त यहां दर्शन व पूजन के लिए पहुंच कर सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते हैं।

**समान** अंडर-19 जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# वॉलीबाल प्रतियोगिता में मनाली प्रथम

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, भुंतर में 28 सितंबर को शुरू हुई अंडर-19 छात्र जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस तीन दिवसीय खेल महाकुंभ में जिले के छह जोन से लगभग 325 विद्यार्थी-खिलाड़ियों ने कबड्डी, वॉलीबाल, एथलेटिक्स और अन्य स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह और पुरस्कार वितरण भव्य समापन समारोह की अध्यक्षता सिद्धार्थ कुमार, निदेशक, हवाई अड्डा, भुंतर (कुल्लू-मनाली) ने की।

मुख्यातिथि कादंब ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। अपने समापन उद्बोधन में मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमें जीवन में संघर्ष, जीत और हार को समान भाव से स्वीकार करने की कला सिखाते हैं। आप सभी ने जिस अनुशासन व खेल भावना का परिचय दिया है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न खेलों में जोरदार मुकाबले किए। अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे। इसमें आनी जोन प्रथम, दूसरा स्थान बंजार जोन का रहा। वहीं, वॉलीबाल में प्रथम मनाली जोन, दूसरा स्थान निरमंड जोन, कबड्डी प्रथम मनाली जोन, दूसरा स्थान कुल्लू जोन रहा। अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य तिलक राज ने मुख्यातिथि सिद्धार्थ कुमार कादंब, सभी जोन के प्रबंधकों, शिक्षकगणों व उपस्थित गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने जिला स्तरीय आयोजन को सफल बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की और सभी खिलाड़ियों को उनकी खेल भावना के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यगण, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य सहित अन्य गणमान्य।

# बारालाचा दर्रा व दीपकताल में साफ सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन व साडा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बारालाचा दर्रा व दीपकताल में एक विशेष स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अभियान का नेतृत्व डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने किया।

इस अभियान में जिला प्रशासन के साथ हीलिंग हिमालयास व साहस एनजीओ, सीमा सड़क संगठन के ओसी लेफ्टिनेंट कर्नल तेजस मोरे व सदस्य तथा साडा के अंतर्गत काम करने वाले वास्की ट्रेडर्स के अरुण व उनके सहयोगियों ने इस सफाई अभियान में हिस्सा लिया। पुलिस अधीक्षक शिवानी महला, सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाना, वन मंडलाधिकारी इंद्रजीत सिंह सीरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल, जिला पंचायत अधिकारी सचिन, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय डोगरा, उपनिदेशक बागवानी मीनाक्षी शर्मा, जिला कृषि अधिकारी मुंशी राम ठाकुर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी नरेश ठाकुर, एसडीओ आईपीएच संजीव बोध सहित जिले के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारी भी इस अभियान में सक्रिय रूप से मौजूद रहे और उन्होंने भरपूर योगदान दिया।



बारालाचा दर्रा में स्वच्छता अभियान के तहत एकत्र किया गया कूड़ा-कचरा।

इस सफाई अभियान में जिले के विभिन्न महिला मंडलों के सदस्यों ने विशेष रूप से भाग लिया। इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखते हुए पर्यावरण को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त रखना था। इस अभियान के अंतर्गत कूड़ा-कचरा एकत्रित कर उचित स्थानों पर निस्तारण किया गया। इसें लगभग 55 बैग कूड़े के एकत्रित किए गए, जिनका भार 2.50 क्विंटल था। इस अभियान के अंतर्गत पर्यटकों व स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के नियमित स्वच्छता अभियानों को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्थन व सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर अन्य विभागाध्यक्षों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने भी स्वच्छता के महत्व पर विचार व्यक्त किए और सभी नागरिकों से स्वच्छता में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की गई।

# ग्राम स्तर पर आपदा प्रबंधन को बढ़ावा देने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान सामर्थ्य का आयोजन 1 से 31 अक्तूबर तक किया जा रहा है। ये जानकारी देते हुए डीसी व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन कमेटी लाहौल-स्पीति ने बताया कि यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के साथ जुड़ा हुआ है, जिसे प्रतिवर्ष 13 अक्तूबर को वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है।

एचपीएसडीएमए वर्ष 2011 से इस दिवस को सामर्थ्य पहल के अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में जन-जागरूकता गतिविधियों और कार्यक्रमों द्वारा चिह्नित करता आ रहा है। इस वर्ष अभियान के अंतर्गत सभी ग्राम सभाओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी आगामी बैठकों में आपदा प्रबंधन को एक विशेष कार्यसूची के रूप में सम्मिलित करें, ताकि यह विषय ग्राम स्तर पर सामुदायिक पहल के रूप में स्थापित हो और स्थानीय तैयारी तथा सहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 (धारा 41, अध्याय-6 – स्थानीय प्राधिकारी) के अनुसार पंचायतों को यह सुनिश्चित करना है कि उनके अधिकारी व कर्मचारी आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित हों, पंचायत स्तर पर आपदा संसाधनों का निर्माण व रखरखाव किया जाए, सभी निर्माण गतिविधियां रोकथाम व शमन मानकों के अनुरूप हों तथा प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास व पुनर्निर्माण कार्य राज्य व जिला योजनाओं के अनुरूप किए जाएं। पंचायत प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा भी की गई है कि वे सिविल डिफेंस अधिनियम 1968 (संशोधन 2009 एवं अधिसूचना 2010) के तहत दी गई भूमिकाओं का निर्वहन करें। पंचायत प्रधान को ग्राम स्तर पर सिविल डिफेंस वार्डन की जिम्मेदारी दी गई है। ग्राम सभा बैठकों में इस अवसर पर भूस्खलन रोकथाम उपाय, सुरक्षित व पारंपरिक निर्माण पद्धतियों का संवर्धन, असुरक्षित पहाड़ी कटान की रोकथाम, मलबे का वैज्ञानिक निस्तारण, वर्षा जल निकासी तंत्र का विकास, प्राकृतिक जलधाराओं में निर्माण पर रोक तथा जल निकासी मार्गों पर अतिक्रमण हटाने जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। ग्रामीण समुदाय को यह भी बताया जाएगा कि वे व्यक्तिगत व पारिवारिक स्तर पर जोखिम घटाने के लिए कौन से कदम उठा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### वाकनाघाट में मिला आंशिक रूप से सड़ा हुआ शव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना कंडाघाट के तहत वाकनाघाट इलाके में सड़क किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे, कानपुर, उत्तर प्रदेश निवासी प्रेम नारायण (58 वर्ष) का आंशिक रूप से सड़ा हुआ शव मिला। वह एक ट्रांसपोर्टर के यहां मुनीम के रूप में काम करते थे। उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले कंडाघाट पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक एफएसएल टीम ने घटनास्थल का दौरा किया है। हालांकि, अभी तक मौत की परिस्थितियों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। पोस्टमार्टम किया जा रहा है व जांच जारी है। विवरण यथासमय साझा किया जाएगा।

### भाबड़ घास की नीलामी 3 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान, नाहन।** वन मंडलाधिकारी, नाहन ने बताया कि नाहन वन मंडल कार्यालय के अधिनस्थ, त्रिलोकपुर व नाहन रेंज के कुछ आरक्षित वनों में भाबड़ घास की नीलामी 3 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे वनमंडल अधिकारी नाहन के कार्यालय में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 25 सितंबर, को भी यह नीलामी रखी गई थी, जिसमें कोई भी बोलीदाता नहीं आया, इसलिए अब 3 अक्तूबर को पुनः यह नीलामी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक बोली दाता बोली देने से पहले मौके पर जाकर इसका निरीक्षण कर ले। नीलामी की सभी शर्तों का ब्यौरा भी मौके पर पढ़कर सुनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त बोली दाता अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस के समय वन मंडलाधिकारी नाहन के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक बोलीदाता की पात्रता के लिए मुबलिक 5000 रुपए बोली से पहले मौके पर जमा करवाने होंगे। यह राशि नीलामी समाप्त होने पर बोली दाताओं को वापस कर दी जाएगी तथा सफल बोलीदाता से मौके पर पूरी कीमत एकमुश्त विक्रय कर सहित पूरी राशि के साथ वसूल की जाएगी।

### स्ट्रे डॉग मैनेजमेंट अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** यमुना शरद महोत्सव के अंतर्गत स्ट्रे डॉग मैनेजमेंट अभियान का शुभारंभ पांवटा साहिब के पशु चिकित्सालय से किया गया। इस अवसर पर एसडीएम गुंजित चीमा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सड़क पर आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करना और उन्हें सुरक्षित व संरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में स्थानीय अधिकारी, पशु चिकित्सक अमित महाजन और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। अभियान के तहत आवारा कुत्तों का टीकाकरण, नसबंदी और उनकी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे समुदाय के लिए एक सकारात्मक कदम बताया।

### वार्डों के निर्वाचक नामावली को लेकर आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (नगर निगम) व उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने हिमाचल प्रदेश नगर निगम निर्वाचन नियम, 2012 के नियम 19 अध्याय 4 में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार नगर निगम सोलन के वार्ड संख्या 1 से 17 की निर्वाचक नामावली को तैयार व अद्यतन करने के लिए नगर निगम सोलन के अतिरिक्त आयुक्त को पुनरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि नियुक्त पुनरीक्षण अधिकारी हिमाचल प्रदेश नगर निगम निर्वाचन नियम, 2012 में निहित प्रावधानों का अक्षरशः पालन करें तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार उचित प्रक्रिया का पालन कर संपूर्ण कार्य संपन्न करें।

### रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय में अनेक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। पखवाड़े की शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई। इसमें अध्यापक व विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने भाषण, चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान दंत चिकित्सक डॉ. दीपशिखा ने व्यक्तिगत स्वच्छता पर उपयोगी जानकारी दी और दांतों की देखभाल के लिए व्यावहारिक सुझाव साझा किए। पखवाड़े के अंतर्गत सभी बच्चों की लंबाई, भार और एचवी जांच भी की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। हरित विद्यालय अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। विद्यार्थियों ने शौचालयों, प्रयोगशालाओं और खेल मैदान की सफाई की तथा श्रम साधना के अंतर्गत क्यारियां बनाईं।

### एचडीएफसी बैंक की प्रमुख अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने आरबीआई की मौद्रिक नीति को बताया संतुलित



**अनंत ज्ञान, शिमला।** जीएसटी कटौती से मिल रहे समर्थन के साथ-साथ बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच, आरबीआई ने नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखते हुए एक संतुलित नीति पेश की। हालांकि केंद्रीय बैंक ने इस नीति में आगे के आंकड़ों की स्पष्टता की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्ण रुख अपनाया, लेकिन यह भी माना कि घरेलू मुद्रास्फीति में निरंतर नरमी को देखते हुए नीतिगत दरों में और ढील की गुंजाइश बनी है। दिसंबर में दरों में कटौती अभी तय नहीं है और यह टैरिफ के नतीजों और इस त्योहारी सीज़न में घरेलू खपत में तेजी और वृद्धि पर निर्भर करेगा। एचडीएफसी बैंक की प्रमुख अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कहर कि आने वाले महीनों में टैरिफ के मोर्चे पर किसी समाधान या आगे की वृद्धि के अभाव में, हमें वित्त वर्ष 26 में टर्मिनल नीतिगत दर 5% तक पहुंचने का रास्ता दिखाई दे रहा है। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 26 में जीडीपी वृद्धि 6.6% और मुद्रास्फीति औसतन 2.5% रहेगी।

### किन्नर मंदिर में 108 कन्याओं का किया पूजन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के बापूधाम स्थित जय माता किन्नर मंदिर में महानवमी पर श्रद्धा और उल्लास से कार्यक्रम आयोजित हुआ। महामंडलेश्वर मां कमलीनंद गिरि जी महाराज की अगुवाई में 108 कन्याओं व लगभग 50 बालकों का पूजन किया गया। 50+ सुहागिनों को सुहाग चूड़ा और लेडीज सूट भेंट किए गए। 108 कलशों से माता का अभिषेक, गो पूजा, अन्न-फल से बनी तिरुपति बालाजी प्रतिमा की पूजा और शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति भी संपन्न हुई।

### बीएसएनएल का इंटेलिजेंट स्वदेशी 4जी नेटवर्क शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (TCS) (बीएसई: 532540, एनएसई: TCS), भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड (बीएसई: 540595, एनएसई: तेजसनेट) ने साथ मिलकर आज भारत टेलीकॉम स्टैक का अनावरण किया। यह पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और विकसित किया हुआ एक आधुनिक, सुरक्षित समाधान है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल रूप से जुड़े और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण से प्रेरित है। इस लॉन्च के साथ, भारत दुनिया का पांचवां ऐसा देश बन गया है, जिसने 4जी और उससे आगे के लिए एक आत्मनिर्भर, स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक बनाया है। एक मिशन मोड कार्यक्रम के रूप में, टीसीएस ने डेटा सेंटर स्थापित किया, सी-डॉट के ईपीसी कोर एप्लिकेशन, तेजस के बेस स्टेशनों और 100,000 से अधिक साइटों पर रेडियो बुनियादी ढांचे को स्थापित और शुरू किया। 24/7 रियल टाइम नेटवर्क प्रबंधन के लिए टीसीएस के कॉग्निटिव नेटवर्क ऑपरेशन्स (टीसीएस सीएनओपीएसञ्जरू) प्लेटफॉर्म का लाभ उठाकर इसके कार्यान्वयन का नेतृत्व किया। टीसीएस में टेलीकॉम स्ट्रैटेजिक इनिशिएटिव्ज़ के सलाहकार और तेजस नेटवकर्स के अध्यक्ष एन गणपति सुब्रमण्यम ने कहा, 'हमें गर्व है कि हमने भारत को दुनिया के उन कुछ मुट्ठी भर देशों की सूची में शामिल कर दिया है, जिन्होंने एक व्यापक, विश्वसनीय और सॉफ्टवेयर अपग्रेडेबल दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक विकसित किया है। बीएसएनएल में सफल तैनाती देश के सभी कोनों में एक शक्तिशाली डेटा और वॉयस नेटवर्क के लाभों को आगे बढ़ाने में ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण है। यह एक बार फिर भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण और देश की डिजिटल आकांक्षाओं का लगातार समर्थन करने के लिए टीसीएस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। xGPP मानकों के अनुपालन में निर्मित यह स्टैक मानकों में भारत के आगे के योगदान की नींव रखता है।'

# सोलन में बनेंगे दो पार्किंग स्थल


## देरी को लेकर लोक निर्माण मंत्री ने लिया संज्ञान, दिए टेंडर लगाने के निर्देश

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** शहर में पार्किंग की समस्या के समाधान को लेकर नगर निगम 5.50 करोड़ खर्च कर राजगढ़ रोड स्थित अग्निशमन विभाग के समीप व नगर निगम कार्यालय के साथ खाली पड़ी जमीन पर मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण करेगा। इसका मुख्यमंत्री ने करीब एक वर्ष पहले शिलान्यास किया था पर इसका टेंडर लगने में विभाग ने देरी कर दी।

लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इसका संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को तुरंत टेंडर लगाने के आदेश दिए हैं। यह टेंडर निगम ने लोक निर्माण विभाग को सौंपा है। जानकारी के मुताबिक लोक निर्माण विभाग की ओर से पार्किंग निर्माण के लिए टेंडर भी लगा दिए हैं। इससे अब लोगों को राजगढ़ रोड पर भी सुविधा मिल सकेगी। नगर निगम की ओर से पार्किंग बनाने के लिए सभी कागजात लोक निर्माण विभाग को सौंप दिए हैं। इसके बाद विभाग की ओर से आगामी कार्रवाई भी शुरू कर दी है। शहर में नगर निगम व अग्निशमन विभाग के कार्यालय के पास पार्किंग का निर्माण होगा। दमकल विभाग के समीप बनने वाली पार्किंग में 2.70 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसी के साथ नगर निगम के बैडमिंटन हॉल के साथ 2.80 करोड़ रुपए की लागत से पार्किंग बनेगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू करीब एक वर्ष वर्ष पहले यहां पार्किंग का शिलान्यास कर चुके हैं, लेकिन कागजी कार्रवाई में देरी होने से कार्य लटक गया था, अब सभी कागजात लोक निर्माण विभाग को सौंपने के बाद निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है।



सोलन में रोड साइड पार्किंग, जिससे लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा।

### सड़कों पर पार्क हो रहे सैकड़ों वाहन

**शहर** में नगर निगम की ओर से पार्किंग स्थल न बनाने से सड़क पर रोजाना सैकड़ों वाहन खड़े हो रहे हैं। पार्किंग की समस्या हर दिन बढ़ती जा रही है, ऐसे में लोगों को मजबूर होकर सड़क किनारे वाहन पार्क करने पड़ रहे हैं। इससे जहां राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। वहीं, जाम की समस्या भी बढ़ रही है। हालांकि, नगर निगम ने समस्या से निजात दिलवाने के लिए पार्किंग सुविधा देने का प्रस्ताव पारित किया है। साथ ही रेलवे स्टेशन के पास पार्किंग का निर्माण कार्य भी हो रहा है, लेकिन यह कार्य भी काफी समय से धीमी गति से चल रहा है। इसका खामियाजा सीधे तौर पर लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### ड्राइंग में किया बदलाव

**अग्निशमन** विभाग के कार्यालय के पास बनने वाली पार्किंग में कुछ बदलाव भी किए हैं। यह बदलाव अग्निशमन विभाग की ओर से करवाए गए हैं। ड्राइंग में बदलाव कर इसे लोक निर्माण विभाग को दे दिया है। पहले नगर निगम की ओर से ड्राइंग तैयार की गई थी। इस पर अग्निशमन विभाग की ओर से आपत्ति जताई थी। इसको लेकर बदलाव किए गए।

**नगर** निगम ने दो पार्किंग के निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को दिया है। विभाग की ओर से कार्य शुरू कर दिया है। लोगों को पार्किंग सुविधा देने के लिए नगर निगम और अग्निशमन विभाग के कार्यालय के पास निर्माण करवाया जा रहा है। इससे काफी हद तक पार्किंग का समाधान होगा।

**उषा शर्मा, महापौर, नगर निगम, सोलन**

# पुलिस की क्यूआरटी ने जमटा में कुचली तीन मोटरसाइकिलें, खूब हुआ हंगामा

**अनंत ज्ञान, नाहन**



शहर से महज 13 किलोमीटर दूर नावणी पंचायत के जमटा में मंगलवार देर रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) के एक वाहन ने सड़क किनारे खड़ी तीन मोटरसाइकिलों को कुचल दिया। इस घटना से तीनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा और इसके बाद सड़क पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए, जिसके चलते काफी देर तक हंगामा भी होता रहा। जमटा में अष्टमी नवरात्र मेले को लेकर मंगलवार को भारी भीड़ उमड़ी थी।

कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की टीमें तैनात की गई थी और रात के समय गश्त के लिए क्यूआरटी भी मौके पर मौजूद थी। शाम के समय भारी बारिश के कारण कल्चरल एक्टिविटी नहीं हो पाई थी, जिसके चलते मेले में आए लोग रात को अपने घरों के लिए निकल रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात पौने 11 बजे के आसपास क्यूआरटी वाहन पंजाहल जाने वाले रोड की तरफ से नाहन-ददाहू सड़क पर बैक हो रहा था। बताया जा रहा है कि पहली बार बैक करते हुए चालक ने वाहन को नियंत्रित कर लिया था, लेकिन दूसरी बार जैसे ही इसे बैक किया गया, यह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिलों से टकरा गया। वाहन पीछे आकर पहाड़ी से टकराया और इस दौरान मोटरसाइकिलें उसके नीचे आ गईं। स्थानीय लोगों ने इस हादसे का कारण क्यूआरटी वाहन के चालक की लापरवाही बताया और इसे लेकर भारी रोष प्रकट किया। इस दौरान कोई भी व्यक्ति वाहन की चपेट में नहीं आया और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। बाइकें क्षतिग्रस्त होने से उनके मालिकों और स्थानीय लोगों में खासा गुस्सा है। हादसे की वास्तविक वजह क्या रही, यह पुलिस जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। उधर, इस घटना के संबंध में जब एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि फिलहाल उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है और इसका पता लगाने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# जमटा नौणी पंचायत को विधायक सोलंकी ने दी लाखों की सौगात

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने दुर्गा अष्टमी मेले के समापन अवसर पर जमटा नौणी पंचायत को 35.5 लाख रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न भवनों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया।

विधायक अजय सोलंकी ने पंचायत घर के ऊपर बने मल्टीपर्पज हॉल (8 लाख), एससी बस्ती में सामुदायिक भवन (8 लाख), पंचायत भवन के साथ सीएससी भवन (7.5 लाख) और पटवार सर्किल भवन (12 लाख) जनता को समर्पित किए। अजय सोलंकी ने कहा कि यह मेला केवल आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और खेल भावना का संगम है। उन्होंने मेला कमेटी को युवाओं को नशे से दूर रखने के प्रयासों व कबड्डी जैसे खेलों को मंच देने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की हर पंचायत में विकास कार्य योजनाबद्ध तरीके से हो रहे हैं। हाल ही में आई भारी बरसात से हुए नुकसान के टेंपरेरी रेस्टोरेशन का काम युद्ध स्तर पर जारी है और हर प्रभावित परिवार को सरकार से उचित सहायता मिलेगी। मेला कमेटी अध्यक्ष जगदीश पुंडीर ने बताया कि कबड्डी चैंपियनशिप में 18 टीमों ने भाग लिया।

विजेता को 51,000 और उपविजेता को 21,000 का नकद इनाम दिया गया। समापन समारोह में कलाकार दिलीप सिरमौरी की नाटियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान सत्यराम चौहान, सड़क सुरक्षा क्लब अध्यक्ष नरेंद्र तोमर, एसडीएम नाहन राजीव संख्यान, अधिशाषी अभियंता आलोक जवनेजा और मेला कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# धूमधाम के साथ मनाई दुर्गाष्टमी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** दुर्गाष्टमी पर आठयो का पारंपरिक पर्व राजगढ़ क्षेत्र में बीती रात धराड़ी की पूजा के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पहाड़ी क्षेत्रों में असोज माह के नवरात्र की अष्टमी को धराड़ी पूजा का विशेष महत्व है। धराड़ी एक जंगली सफेद रंग का फूल है, जिसकी अष्टमी के दिन कालांतर से दुर्गा के रूप में पूजा की जाती है। वरिष्ठ नागरिक दया राम वर्मा व दौलत राम मेहता का कहना है कि धराड़ी का त्योहार नवरात्र के समापन और शरद् ऋतु के आगमन का सूचक है, जिसे लोग सुख व समृद्धि के लिए बड़े श्रद्धा व आस्था के साथ मनाते हैं।

धराड़ी पूजन की परंपरा कालांतर से चली आ रही है। अष्टमी के दिन लोग जंगलों से धराड़ी के फूलों को चुनकर लाते हैं और उसके गुच्छ बनाकर घर में पूजा के स्थान पर फूलों की माला पहनाकर सजाया जाता है।

# कंडाघाट नगर पंचायत बहाल रहने का संकेत दे गया शांडिल का दौरा

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** पिछले काफी समय से कंडाघाट नगर पंचायत को भंग करके इसे ग्राम पंचायत बनाने और नगर पंचायत यथावत रहने की मांग को लेकर कंडाघाट के लोगों के दो धड़े प्रदेश सचिवालय में दस्तक देते रहे हैं।

इसके इलावा विभिन्न स्तर पर अपनी मांग उठाते रहे हैं। कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक कर्नल शांडिल ने नगर पंचायत के एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान कुछ विकास योजनाओं को बजट देने का आश्वासन भी दिया। इस दौरे से सरकार की राय से संकेत साफ है कि नगर पंचायत यथावत ही रहेगी। नगर पंचायत कंडाघाट का गठन पिछली भाजपा सरकार के समय करीब साढ़े चार साल पहले हुआ था। उस समय इसमें सीरिनगर और क्वारग के क्षेत्र मिलाए गए। गठन के समय से स्थानीय लोग दो धड़ों में बंट गए। एक धड़ा नगर पंचायत के खिलाफ है, वह इसे हटाकर ग्राम पंचायत रखने की मांग पर अड़ा है, तो दूसरा धड़ा इसे नगर पंचायत को यथावत रखने के पक्ष में अड़ा है। दोनों धड़ों में भाजपा व कांग्रेस के लोग शामिल हैं।

हिमाचल में वर्तमान कांग्रेस सरकार के गठन के बाद नगर पंचायत को हटाने बारे मांग बुलंद हुई। कई बार मुख्यमंत्री को स्वागत के बहाने कंडाघाट में रोककर उन्हें एक धड़ा इसे हटाने और एक धड़ा इसे यथावत रखने की मांग करता रहा। इसके बाद प्रदेश सचिवालय में नगर पंचायत के विरोध में स्थानीय नेता रमेश ठाकुर के नेतृत्व में करीब 250 लोगों का प्रतिनिधिमंडल और इसको यथावत रखने के लिए कांग्रेस नेता संजीव ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुक्खू से मिला। उन्होंने दोनों को आश्वासन दिया कि अधिकारियों से रिपोर्ट लेकर इस बारे फैसला किया जाएगा। इसके बाद अभी तक नगर पंचायत हटाने बारे कोई सरकारी निर्देश नहीं हुए। शांडिल ने नगर पंचायत के एक लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत के लिए कई विकास कार्यों की घोषणा भी की।

### मंत्री के दौरे से कई कांग्रेस नेता नदारद

**कंडाघाट** में मंत्री के दौरे के दौरान कई स्थानीय कांग्रेस नेता नदारद रहे, जो नेता नगर पंचायत को हटाने के पक्ष में हैं, उनमें से कोई भी कार्यक्रम में हाजिर नहीं हुआ। पिछले करीब साढ़े चार सालों से कंडाघाट की ग्राम पंचायत सीरिनगर, क्वारग और नगर पंचायत में भाजपा-कांग्रेस नहीं नगर पंचायत के पक्ष व विरोध की राजनीति चल रही है।

# हरियाणा में MIS पोर्टल बंद करना शिक्षा पर ताला : कुलभूषण शर्मा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (NISA) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा MIS पोर्टल बंद करना अवैधानिक है, जिससे 2,800 से अधिक विद्यालय प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कदम से बच्चों का स्कूल में प्रवेश ही रुक गया है और हरियाणा देश का पहला प्रदेश बन गया है, जो खुद बच्चों की पढ़ाई पर ताला लगा रहा है। यह न केवल शिक्षा व्यवस्था पर सीधा आघात है बल्कि राज्य की सकारात्मक छवि को धूमिल भी कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पहली बार ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाते हुए बच्चों के पोर्टल पर सीट दिखाने का काम शुरू किया, लेकिन न तो स्कूल संचालकों को इसकी कोई ट्रेनिंग दी गई और न ही दस्तावेजों में सुधार का विकल्प उपलब्ध कराया गया। इसके विपरीत, विभाग विद्यालयों पर यह आरोप लगा रहा है कि उनके दस्तावेज अपूर्ण या गलत हैं। श्री शर्मा ने इसे शिक्षा विभाग की अक्षमता बताया और कहा कि जब मान्यता पत्र जारी करना स्वयं सरकार का कार्य है, तो मान्यता प्राप्त स्कूलों से बार-बार दस्तावेज मांगना और उनके नाम पर भारी-भरकम जुर्माने (30,000 से 70,000 तक) थोपना सर्वथा अन्यायपूर्ण है तथा यह जजिया कर के समान है और शिक्षा के मंदिरों पर इस प्रकार का जुर्माना इतिहास में कभी भी नहीं लगा होगा।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जहां एक ओर सरकार बच्चों को स्कूलों में लाने के लिए नई-नई योजनाएं बनाती है और प्रवेश उत्सव मनाती है, वहीं दूसरी ओर MIS पोर्टल बंद कर बच्चों के प्रवेश पर ताले जड़ दिए गए हैं। यह स्थिति न केवल शिक्षा के अधिकार (RTE) की भावना के खिलाफ है, बल्कि बच्चों को उनके मौलिक अधिकार से वंचित करना है।

# वैश्विक युवा नेतृत्व के मंच पर चंडीगढ़ में दिखा उत्साह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




18वें ग्लोबल यूथ पीस फेस्ट (GYPF) के दूसरे दिन चंडीगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, सेक्टर 42 में कई प्रेरणादायक गतिविधियां आयोजित की गईं। दुनियाभर से आए युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों ने शांति, स्वास्थ्य समानता और लैंगिक न्याय के मुद्दों पर संवाद किया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत 'देशवार जमीनी कहानियां और श्रेष्ठ अभ्यास' सत्र से हुई। इस दौरान पद्मश्री अगुस इंद्र उदयाना (इंडोनेशिया), डॉ. कृष्णा अथाल (मॉरीशस), श्री कलाईचेलवन पी. दोरैराज (मलेशिया), हैली ब्लेक (अमेरिका), निस्सी लयम (नाइजीरिया) और प्रमोद शर्मा (भारत) जैसे विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। इन्होंने बताया कि कैसे युवाओं के नेतृत्व में समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं।

इसके बाद पारंपरिक फैशन शो का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न देशों के युवाओं ने अपनी पारंपरिक पोशाकों के जरिए सांस्कृतिक विविधता और एचआईवी/एड्स जागरूकता का संदेश दिया। इस सत्र की अध्यक्षता संदीप मित्तल और टीनू खन्ना (चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी) ने की। दिन का मुख्य आकर्षण 'यूथ एंड एसडीजी 3 - 2030 तक एचआईवी/एड्स समाप्त करना' विषय पर संवाद रहा।

इसकी अध्यक्षता मलेशिया के युवा एवं खेल मंत्रालय के फादजिल हदरी ने की। इस सत्र में युवाओं ने विशेषज्ञों के साथ मिलकर वे फॉरवर्ड चार्टर तैयार किया, जिसमें रोकथाम, कलंक निवारण, स्वैच्छिक जांच और लैंगिक समावेशन जैसी सिफारिशें शामिल थीं। प्रतीकात्मक रूप से एकजुटता और आशा का संदेश देने के लिए प्रतिभागियों ने एचआईवी/एड्स के प्रतीक वाले हीलियम गुब्बारे आकाश में छोड़े। बाद में '1 बिलियन राइजिंग' वैश्विक अभियान के तहत लैंगिक समानता पर संवाद हुआ, जिसकी अध्यक्षता अहमद फारिस अमीर (मलेशिया) ने की। इस सत्र में महिला नेतृत्वकर्ताओं जैसे जूलियट ओलेरे (नाइजीरिया) और जैकलीन केलेहर (अमेरिका) ने भी भाग लिया।

दूसरे दिन की समापन गतिविधियों ने युवाओं की वैश्विक एकजुटता और सामाजिक बदलाव की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। कार्यक्रम का समापन 2 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर 'यूथ 2030 डायलॉग' से होगा।

**जायजा** हरियाणा में विकास, स्वच्छता और सुशासन की दिशा में नई पहलें

# मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में योजनाओं की श्रृंखला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण को केंद्र में रखते हुए विभिन्न योजनाएं आरंभ की गई हैं। राज्य सरकार का जोर 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ सभी क्षेत्रों में संतुलित प्रगति पर है।

**स्वच्छता और जनभागीदारी :** अंब स्थित महाराणा प्रताप गवर्नमेंट कॉलेज में आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के तहत एनसीसी कैडेट्स ने सफाई अभियान, पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य व एनसीसी अधिकारी ने स्वच्छता को जीवनशैली बनाने का आह्वान किया।

**मुख्यमंत्री का दौरा और तैयारियां :** मुख्यमंत्री सैनी ने रोहतक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आगामी कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। साबर डेयरी संयंत्र के उद्घाटन और खादी कारीगर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए गए।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रोहतक में 3 अक्तूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

**सांस्कृतिक जुड़ाव और सामाजिक समरसता :** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने गुरुग्राम में दुर्गा पूजा में भाग लेकर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने रोहतक में स्वामी आत्मानंद समिति को 51 लाख की सहायता दी, जबकि सहकारिता मंत्री व सांसदों ने भी सहयोग की घोषणा की।

**किसानों को राहत और पारदर्शी खरीद :** 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत 36,980 किसानों से अब तक 3.77 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई, जिसके एवज में 108.74 करोड़ सीधे खातों में स्थानांतरित किए गए हैं।

**पंचायती संस्थाओं को सशक्तिकरण :** मुख्यमंत्री ने पंचायतीराज संस्थाओं को 404.79 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता जारी की, जिससे 5719 ग्राम पंचायतों सहित कुल 5866 इकाइयों को लाभ मिलेगा। बीते चार वर्षों में 3700 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान दिया गया है।

**उद्योग, निवेश और विदेश दौरा :** उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि गुरुग्राम में 600 से अधिक जापानी कंपनियों की उपस्थिति से क्षेत्र को वैश्विक औद्योगिक हब का दर्जा मिला है। मुख्यमंत्री सैनी 5-11 अक्तूबर को जापान दौरे पर जाकर निवेशकों को हरियाणा में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे।

**आयुष चिकित्सा का संवर्धन :** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जानकारी दी कि राज्य में 497 आयुर्वेदिक, 24 होम्योपैथिक व 16 यूनानी औषधालय संचालित हैं। कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना भी प्रगति पर है।

**पारदर्शिता और सुशासन पर जोर** सरकार ने सभी एसपीआईओ को आरटीआई आवेदनों को समय पर स्वीकारने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग ने 11 राजनीतिक दलों से खर्च का ब्यौरा मांगा है, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# भाजपा पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से की भेंट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



जितेंद्र पाल के नेतृत्व में नड्डा से मुलाकात करते गणमान्य।

भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन, प्रदेश महामंत्री रामबीर भट्टी एवं प्रदेश महामंत्री संजीव राणा के साथ एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस भेंट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को चंडीगढ़ भाजपा संगठन की गतिविधियों और चल रहे अभियानों की विस्तृत जानकारी दी।

बताया गया कि चंडीगढ़ में भाजपा लगातार जनता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। हाल ही में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हेल्थ चेक-अप कैंप, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। संगठन बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है और प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए सक्रिय है। प्रदेश पदाधिकारियों ने इस अवसर पर चंडीगढ़ के हेल्थ इश्यूज को लेकर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष से बातचीत की और स्थानीय नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से अवगत कराया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने चंडीगढ़ इकाई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यहां संगठन का उत्साह और सक्रियता पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने पदाधिकारियों से अपील की कि वे जनता से निरंतर जुड़ाव बनाए रखें और आने वाले चुनावी परिदृश्य में संगठन को और अधिक मजबूत करें। नड्डा ने इस अवसर पर चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला को रूस में मिले अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड के लिए बधाई दी और उनके कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह अवॉर्ड न केवल हरप्रीत कौर बबला की व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि चंडीगढ़ भाजपा संगठन और यहां की जनता के लिए भी गर्व की बात है।

## राज्यपाल शुक्ल और मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दशहरा उत्सव की पावन बेला पर हिमाचल प्रदेश उल्लास से सराबोर हो उठा है। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और इसे पूरे देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि दशहरा पर्व न केवल नैतिक मूल्यों और परंपराओं को सुदृढ़ करता है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि बुराई का अंत निश्चित है। उन्होंने प्रार्थना की कि यह पर्व प्रदेशवासियों के जीवन में प्रसन्नता, शांति और खुशहाली लेकर आए।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल में कांग्रेस का 'वोट चोर' अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** कांग्रेस ने हिमाचल में भी देशभर की तरह वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर दी है। इस अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने बुधवार को महत्वपूर्ण नियुक्तियां कीं। प्रदेश स्तर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को संयोजक और ठियोग विधायक कुलदीप राठौर को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस ने 12 जिलों के लिए भी पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। इनमें लाहौल-स्पीति की जिम्मेदारी विधायक अनुराधा राणा को, किन्नौर में मंत्री जगत सिंह नेगी, शिमला में विधायक हरीश जनार्था, सोलन में विनोद सुल्तानपुरी, ऊना में विवेक शर्मा, हमीरपुर में सुरेश कुमार, कांगड़ा में किशोरी लाल, चंबा में नीरज नायर, मंडी में चंद्रशेखर, कुल्लू में भुवनेश्वर गौड़, बिलासपुर में मंत्री राजेश धर्माणी और सिरमौर में अजय सोलंकी को जिम्मेदारी दी गई है। इस अभियान का मकसद प्रदेश भर में कांग्रेस को मज़बूत करना और जनता के बीच 'वोट चोर, गद्दी छोड़' नारे को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। कांग्रेस का कहना है कि इस आंदोलन को हर स्तर तक पहुंचाकर सरकार के खिलाफ माहौल तैयार किया जाएगा।

### डीएवी के छात्रों ने जीते 14 स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी रामपुर के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए धूम मचा दी। क्लस्टर-6 की ओर से विभिन्न इवेंट्स में प्रतिभाग करने वाले इन छात्रों ने योग, मुक्केबाजी और कराटे जैसे खेलों में प्रतिभा का परिचय देते हुए 14 स्वर्ण, 14 रजत और कई कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रिशा डोगरा, अदिति, अखिला भक, मनमीत कन्नैया और अन्य खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अकलू महाजन ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि सभी के कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ उन्होंने क्लस्टर प्रभारी मुक्ता चौहान का भी धन्यवाद किया।

### सर्टिफिकेट कोर्स में अंजली प्रथम

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** फैशन डिजाइनिंग विभाग में स्पार्क ऑफ क्रिएटिविटी प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. दिल कुमारी के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. ललिता रावत, डीन स्टूडेंट्स प्रो. रवि किरण आदि विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता व सजावट से भरपूर डिजाइन प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया और नए विचारों, कल्पनाओं एवं नवाचारों को भरपूर सराहना मिली। प्राचार्या डॉ. ललिता रावत ने छात्रों की इस रचनात्मकता की खूब तारीफ की और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। सर्टिफिकेट कोर्स में अंजली प्रथम, स्मृति व दीप्ति द्वितीय, भारती तृतीय, डिप्लोमा कोर्स में श्रुति प्रथम, प्रिया द्वितीय, रचना तृतीय स्थान पर रही। वंही यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की प्रतिभा, मौलिकता और सजावट कौशल को मंच प्रदान करने में अत्यंत सफल रही।

# सीएम सुक्खू ने 14 अग्निशमन वाहनों को दिखाई हरी झंडी

## बोले-हिमाचल में 700 होमगार्ड पदों पर जल्द होगी भर्ती

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए 700 होमगार्ड पदों को जल्द भरा जाएगा। उन्होंने शिमला के चौड़ा मैदान से 14 नए अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों की खरीद पर 6.70 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगजनी की घटनाओं से निपटने में यह बेड़ा प्रदेश की क्षमता को और मजबूत करेगा।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला में नए अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि ये वाहन जिला शिमला के बलदेयां, देहा, उबादेश, नेरवा और ठियोग, मंडी के धर्मपुर व थुनाग, लाहौल-स्पीति के काजा, कांगड़ा के शाहपुर व इंदौरा तथा हमीरपुर के नादौन अग्निशमन केंद्रों के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि घनी आबादी और दूरदराज क्षेत्रों में इनकी तैनाती से राहत व बचाव कार्यों में तेजी आएगी। अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत करने के लिए 25 करोड़ रुपए अतिरिक्त आवंटित किए गए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में नए और उन्नत अग्निशमन उपकरणों के लिए 4.24 करोड़ रुपये तथा नादौन और इंदौरा में विभागीय भवनों के निर्माण के लिए सात करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर और सक्षम बना रही है। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक अग्निशमन सेवाएं सतवंत अटवाल त्रिवेदी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## विक्रमादित्य ने घानवी क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रामपुर उपमंडल के घानवी क्षेत्र में बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों और ढांचागत नुकसान का जायजा लेने पहुंचे लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि घानवी परियोजना से जुड़े क्षेत्र में बहा हुआ पुल जल्द ही लोक निर्माण विभाग द्वारा एचपीएसईबी के सहयोग से पुन: स्थापित किया जाएगा और इसे उचित ऊंचाई पर बनाया जाएगा। मंत्री ने बताया कि क्षेत्र की क्यों कोट, लूंचा धारला और मोलगी सड़क समेत लगभग 20 किलोमीटर सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में शामिल कर लिया गया है और अगले 15-20 दिनों में इसकी अनुमति केंद्र से मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और नुकसान की भरपाई प्राथमिकता से की जाएगी। क्षेत्र की कनेक्टिविटी बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तैयार किए जाएंगे ताकि लोगों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

## आधार फेस ऑथेंटिकेशन नवाचार में हिमाचल बना देश का पहला राज्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हैदराबाद में आधार दिवस समारोह पर हिमाचल प्रदेश को मिला राष्ट्रीय सम्मान।

हिमाचल प्रदेश को आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन के अभिनव उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने यह पुरस्कार हैदराबाद में आयोजित आधार दिवस समारोह में प्रदान किया। प्रदेश को यह सम्मान सार्वजनिक वितरण प्रणाली में आधार प्रमाणीकरण तकनीक लागू करने वाला देश का अग्रणी राज्य बनने के लिए दिया गया है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा यह नवाचार डिपार्टमेंट ऑफ डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस और आधार के परामर्श से तैयार किया गया। इस पहल से राज्य की पारदर्शी, कुशल और डिजिटल समाधान आधारित सेवाओं को नई पहचान मिली है। वरिष्ठ नागरिकों और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लाभार्थियों के लिए यह तकनीक बेहद सरल और उपयोगी साबित हुई है।

### अंगुलियों से चेहरे तक आसान हुआ सत्यापन

अब उचित मूल्य की दुकानों पर राशन वितरण फेस ऑथेंटिकेशन से होगा। इस तकनीक ने फिंगरप्रिंट और ओटीपी जैसे पुराने तरीकों की कठिनाइयों को खत्म कर दिया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उच्च सफलता दर और किफायती तकनीक के कारण हिमाचल की यह पहल सुशासन का नया मानक बन गई है।

## नगर परिषद ने प्रभात फेरी निकाल दिया स्वच्छता का संदेश





नगर परिषद रामपुर द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली में उपस्थित स्कूली बच्चे।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** नगर परिषद रामपुर द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में बुधवार को सुबह 9 बजे कार्यकारी अधिकारी बाबू राम नेगी एवं सहायक अभियंता अनिल गौतम की अध्यक्षता में प्रभात फेरी निकाली गई। फेरी का आरंभ बॉयज स्कूल मैदान से हुआ और बाज़ार होते हुए परिषद कार्यालय में इसका समापन किया गया।

इस आयोजन में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, स्व सहायता समूह की महिलाएं, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी सहित करीब 400 से अधिक लोग शामिल हुए। इस प्रभात फेरी के माध्यम से आम जनता में सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

## वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ शिमला में सीपीएम का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी जिला की कमेटी शिमला ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय शिमला पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को पार्टी जिला सचिव विजेंद्र मेहरा, जगमोहन ठाकुर, बालक राम और अनिल ठाकुर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को दबाने के लिए केंद्र सरकार ने कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का सहारा लिया है, जो लोकतांत्रिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। प्रदर्शनकारियों ने चार लोगों की मौत और कई के घायल होने की घटनाओं के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

सीपीएम नेताओं ने सोनम वांगचुक की तत्काल रिहाई, सभी मामलों की बिना शर्त वापसी और लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन को दबाने के लिए दमनकारी कदम उठाए जा रहे हैं, जबकि पिछले छह वर्षों से लद्दाख के लोग राज्य का दर्जा और संवैधानिक सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। सीपीएम नेताओं ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि दमनकारी उपायों को बंद कर आंदोलन के प्रतिनिधियों से सार्थक बातचीत की जाए, ताकि लद्दाख के लोगों की वास्तविक आकांक्षाओं का सम्मान हो सके।

## भाजपा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र से दिलाए राहत फंड : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया है कि वह राजनीतिक द्वेष के चलते आपदा प्रभावित प्रदेश के पुनर्निर्माण व राहत कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने चिंता जताई कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपए की आपदा सहायता अभी तक जारी नहीं हुई है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिन-रात आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए काम कर रही है।

प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह रोजाना अनाप-शनाप बयानबाजी कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रदेश के साथ भेदभाव कर रही है और वित्तीय सहायता देने से पीछे हट रही है। बावजूद इसके प्रदेश सरकार अपने सीमित संसाधनों से राहत और पुनर्निर्माण कार्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन कर रही है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी से हिमाचल प्रदेश को होने वाले राजस्व घाटे की भरपाई के लिए विशेष राहत दी जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि पहाड़ी राज्यों के लिए अलग नीति बनाई जाए, क्योंकि यहां निर्माण और पुनर्निर्माण कार्यों में मैदानी क्षेत्रों की तुलना में अधिक लागत आती है।

प्रतिभा सिंह ने प्रदेश के भाजपा सांसदों से भी आग्रह किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र से विशेष आर्थिक सहायता दिलाने में सहयोग करें, ताकि आपदा प्रभावित प्रदेश को राहत मिल सके।

## नड्डा का आरोप, हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने बढ़ाया टैक्स का बोझ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि पूरे देश में नवरात्र और दशहरे की उमंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 22 सितंबर से जीएसटी बचत उत्सव मनाया जा रहा है। दैनिक जरूरत के अधिकतर सामानों पर जीएसटी घटा दिया गया है, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिली है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने जनता को राहत देने की बजाय उन पर टैक्स का बोझ और बढ़ा दिया है। नड्डा ने शिमला से जारी बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश आपदा से उबरने की कोशिश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने सीमेंट पर जीएसटी घटाकर 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत किया, जिससे प्रति बोरी 30 रुपए तक सस्ता होना चाहिए था। मगर कांग्रेस सरकार ने राहत देने के बजाय एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाकर प्रति बोरी 16 रुपए अतिरिक्त वसूल लिए। नतीजा यह कि हिमाचल में बनने वाला सीमेंट पड़ोसी राज्यों में सस्ता और प्रदेश में महंगा बिक रहा है।



### प्रदेश सरकार ने पानी, बिजली और स्टांप भी किए महंगे

**भाजपा** अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सीमेंट ही नहीं, बल्कि पानी के बिल, स्टांप ड्यूटी शुल्क, ग्रामीण जलापूर्ति और बिजली बिल तक बढ़ा दिए हैं, जबकि केंद्र सरकार जनता को राहत देना चाहती है, राज्य सरकार टैक्स और शुल्क बढ़ाकर जनता की जेब काट रही है। यह अमानवीय और असंवेदनशील रवैया है।

### झूठी गारंटियों से बदहाल स्थिति

**झूठी** गारंटियों से बदहाल स्थिति नड्डा ने आरोप लगाया कि सुखू सरकार झूठी गारंटियों के नाम पर प्रदेश की आर्थिक स्थिति बदहाल कर चुकी है। टैक्स के बोझ तले दब रही जनता अब इस जनविरोधी सरकार को समय आने पर सबक सिखाएगी।

## गोसेवा सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर : डिप्टी सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल के साथ राजस्थान के जिला डीग (पहलवारा) स्थित प्रसिद्ध श्रीजड़खोर गोधाम का भ्रमण किया और श्रीकृष्ण-दूबलराम गोआराधन महोत्सव में भाग लिया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गोसेवा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि इसका संरक्षण और संवर्धन हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने गोधाम की अनुशासित व्यवस्था और समर्पण भाव की सराहना की तथा इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। श्रीजड़खोर गोधाम में 10,000 से

### श्रीजड़खोर गोधाम में गोआराधन महोत्सव में हुए शामिल

अधिक गोमाताओं को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। यहां उन्हें तस्करों और सड़कों से बचाकर सुरक्षित आश्रय दिया गया है। लगभग 80 एकड़ भूमि में फैली पांच गोशालाएं अत्याधुनिक सीसीटीवी निगरानी से सुसज्जित हैं। प्रतिदिन सबसे सुशील और सुलक्षणा गो को 'प्रधान गो' घोषित कर विशेष पूजन भी किया जाता है। उपमुख्यमंत्री ने महोत्सव के दौरान कहा कि सरकारें भले बातें करती रहें, लेकिन महाराज जी ने जो कार्य यहां कर दिखाया है, वह अद्वितीय और प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि यह गोधाम आध्यात्मिक और सामाजिक चेतना का जीवंत केंद्र है। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला प्रबंधन, सेवादारों और परम पूज्य स्वामी राजेंद्र दास देवाचार्य जी महाराज का आभार भी व्यक्त किया।



राजस्थान के श्रीजड़खोर गोधाम में गोमाता की सेवा एवं श्रीकृष्ण-दूबलराम गोआराधन महोत्सव में भाग लेते हुए उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री।

वहीं, उपमुख्यमंत्री ने मंत्री डॉ. शांडिल के साथ उत्तर प्रदेश स्थित कोकिला वन शनिदेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि यह मंदिर आस्था का एक प्रमुख तीर्थस्थल है, जहां पहुंचकर आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है।

## लिंबड़ा में नाबालिग की मौत मामले में आयोग ने तत्काल जांच के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

### एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज न करने पर आयोग ने पुलिस को फटकारा

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग ने रोहड़ू उपमंडल की तहसील चिड़गांव के गांव लिंबड़ा में 12 वर्षीय बालक की मौत के मामले पर कड़ा संज्ञान लिया है।

आयोग ने पुलिस विभाग को तीन दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। शिमला स्थित विल्लिज पार्क में हुई बैठक में आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि मामला शुरू से ही एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया जाना चाहिए था, लेकिन लापरवाही के चलते आरोपी को जमानत मिल गई।

आयोग ने साफ किया है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ित परिवार को अधिनियम के अनुरूप मुआवजा तथा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं और इस तरह की घटनाएं 21वीं सदी में शर्मनाक हैं। आयोग ने पुलिस से अन्य संलिप्त लोगों की गहन जांच करने को कहा है, साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा भी मामले पर संज्ञान लिए जाने की जानकारी दी गई।

### पुलिस जांच और सामाजिक संगठनों की उपस्थिति

**बैठक** में डीआईजी (कानून एवं व्यवस्था) रंजना चौहान ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है तथा डीएसपी रोहड़ू जांच कर रहे हैं। एक महिला को नामजद किया गया है और अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। बैठक में बाबा साहेब अंबेडकर सोसाइटी, सफाई कर्मचारी संगठन और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। आयोग ने लोगों से अपील की कि वे सीधे आयोग के ईमेल पर अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

## वोट चोरी अभियान पर सवाल, गारंटियों से मुकर गई कांग्रेस सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- जनता मांग रही 10 गारंटियों का जवाब, सरकार चुप्पी साधे
- आपदा राहत और मुख्य मार्गों की बहाली अधर में लटकी
- दशहरा और गांधी जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जिन नेताओं ने झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता हथियाई, वही अब वोट चोरी का अभियान चला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सड़क-चौराहों पर 10 गारंटियों का हिसाब मांग रही है, पर मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक कोई ठोस जवाब नहीं दे पा रहे हैं। आपदा प्रभावित लोगों को राहत तक नहीं मिल पाई है और मुख्य मार्गों तक की बहाली अधर में लटकी हुई है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद लाखों पद समाप्त कर दिए गए और हजारों लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया, ऐसे में सरकार के पास जनता का सामना करने का कोई आधार ही नहीं बचा।

जयराम ठाकुर ने दशहरा, गांधी जयंती और शास्त्री जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि ये पर्व सत्य, अहिंसा, सादगी और 'जय जवान, जय किसान' के सिद्धांतों की याद दिलाते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को शताब्दी वर्ष पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संघ का सेवा, संस्कार और आपदा प्रबंधन में योगदान अनुकरणीय है।

### कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद

**दुर्गा** नवमी के अवसर पर उन्होंने धर्मपत्नी डॉ. साधना ठाकुर के साथ अपने आवास पर कन्या पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण किया और प्रदेशवासियों से भी धर्म, समाज और राष्ट्र की उन्नति में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

**राहत** | शॉल, सेब और उद्योग को राहत, कांगड़ा की चाय भी हुई जीएसटी मुक्त

## जीएसटी सुधारों से हिमाचल की अर्थव्यवस्था को मिला बूस्ट

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** देश में हाल ही में हुए जीएसटी सुधारों का सबसे अधिक लाभ हिमाचल प्रदेश को मिला है। राज्य के हजारों कारीगर, किसान और श्रमिक अब सीधे तौर पर फायदा उठाएंगे। शॉल, टोपियां और हस्तशिल्प पर जीएसटी बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं कांगड़ा की खुली चाय पर अब शून्य प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। इन बदलावों से उपभोक्ताओं को सस्ते दामों पर वस्तुएं मिलेंगी और कारीगरों व किसानों की आय बढ़ेगी।

जानकारी के अनुसार कुल्लू, किन्नौर और चंबा के शॉल और ऊनी वस्त्रों के साथ किन्नौरी टोपियां अब और सस्ती होंगी। इससे बुनकरों को राहत मिलेगी और परंपरागत हस्तकला को नया जीवन मिलेगा। चंबा रुमाल, चंबा की चप्पलें, लकड़ी की नक्काशी, मिट्टी और धातु के बर्तन तथा बाँस की वस्तुएं भी अब कम कर में उपलब्ध होंगी। इससे स्थानीय कारीगरों के उत्पाद ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेंगे और उनकी बिक्री में बढ़ोतरी होगी।





कृषि और बागवानी में भी जीएसटी सुधारों का असर साफ दिखेगा। काला जीरा और चुल्ली तेल पर पांच प्रतिशत कर लागू किया गया है। कांगड़ा चाय अब पूरी तरह कर मुक्त हो गई है, जिससे करीब छह हजार छोटे उत्पादकों को लाभ मिलेगा। सेब पैकेजिंग सामग्री पर कर कम होने से बागवानों की लागत घटेगी और उन्हें बाजार में बेहतर दाम मिल पाएंगे। औद्योगिक क्षेत्र में बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को लाभ मिला है। सोलन का चिकित्सा उपकरण उद्योग भी अब कम कर की दर से काम करेगा। इन उद्योगों में लगभग बीस हजार श्रमिक जुड़े हैं जिन्हें इस सुधार से फायदा होगा। वहीं उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स पर कर को अट्ठाईस प्रतिशत से घटाकर अठारह प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों को आधुनिक सुविधाएं थोड़ी सस्ती मिलेंगी।

### राज्य की अर्थव्यवस्था में आएगा सुधार

**जीएसटी** सुधारों से हिमाचल प्रदेश के कारीगर, किसान और श्रमिक सभी को राहत मिली है। शॉल बुनने वाले, चाय उगाने वाले, सेब के बागवान और औद्योगिक मजदूर इन बदलावों से सीधे लाभान्वित होंगे। इससे हिमाचल अपनी परंपरा को सहेजते हुए अर्थव्यवस्था में नई मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा।

## कोयल स्कूल में स्टूडेंट्स ने चित्रों से दिया स्वच्छता का संदेश



कोयल स्कूल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में अपने चित्र दिखाते छात्र।

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के अंतर्गत एक अक्तूबर को राजकीय उच्च विद्यालय कोयल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 10वीं तक के 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग (6-8) में एंजल (कक्षा 8) प्रथम, यश (कक्षा 8) द्वितीय और सुर्यांशी (कक्षा 7) तृतीय रही। वरिष्ठ वर्ग (9-10) में टीना (कक्षा 10) ने प्रथम, हिमांशु (कक्षा 9) ने द्वितीय और ममता (कक्षा 10) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चार विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। सभी प्रतिभागियों को स्टेशनरी किट भेंट की गई। परियोजना प्रमुख इंजीनियर विकास मारवाह ने बताया कि यह पहल विद्युत मंत्रालय व एसजेवीएन के निर्देशों के तहत स्वच्छता के प्रति छात्रों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से की गई है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### रोस्टन चेस बोले-भारत में दोहराएंगे न्यूजीलैंड की रणनीति

**एजेंसी, अहमदाबाद।** वेस्टइंडीज की टीम टेस्ट प्रारूप में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन करने में नाकाम रही है, लेकिन उसके कप्तान रोस्टन चेस ने वीरवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व कहा कि उनकी टीम वह दोहराने की कोशिश करेगी जो न्यूजीलैंड ने पिछले सत्र में भारत पर दबदबा बनाने के लिए किया था। न्यूजीलैंड पिछले साल भारत को 3-0 से हराकर मेजबान टीम को उसकी सरजमीं पर 12 साल में हराने वाली पहली टीम बनी थी। इसके साथ ही भारत का घरेलू सरजमीं पर लगातार 18 सीरीज में अजेय रहने का क्रम भी टूट गया। यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के ट्रेनिंग सत्र से पूर्व चेस ने कहा, ''बेशक हम अपने टेस्ट दर्जे को लेकर अभी काफी अच्छी स्थिति में नहीं हैं और (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) तालिका में हम नीचे हैं, लेकिन हमें उसे पीछे छोड़ना होगा।'' उन्होंने कहा, ''न्यूजीलैंड टीम पिछले साल आई और भारत पर दबदबा बनाया इसलिए उन्होंने जो किया हम उससे सीखने का प्रयास कर रहे हैं और उन चीजों को दोहराने का प्रयास करेंगे, जिससे कि हम कुछ अच्छा क्रिकेट खेल सकें और प्रतिस्पर्धा करते हुए सीरीजा जीतने का प्रयास कर सकें।'' (अनंत ज्ञान)

### गिल का इरादा साफ: टर्निंग नहीं बैलेंस्ड पिचों पर होगा टेस्ट

**एजेंसी, अहमदाबाद।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टीम घरेलू मैदानों पर अब टर्निंग ट्रैक की बजाय ऐसी पिचों को तरजीह देगी, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण हों। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले गिल ने कहा, 'हम ऐसी विकेटों पर खेलना चाहते हैं जो संतुलित हों। भारत आने वाली टीमों के लिए स्पिन और रिवर्स स्विंग पहले से ही चुनौती हैं।' गिल ने संकेत दिया कि पिच पर घास को देखते हुए भारत तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकता है, हालांकि अंतिम फैसला मैच से पहले लिया जाएगा। एशिया कप से सीधे टेस्ट प्रारूप में आए गिल ने माना कि इस बदलाव के लिए समय कम मिला, लेकिन नेट्स में तैयारी पूरी की गई है। जसप्रीत बुमराह की प्लेइंग इलेवन में मौजूदगी पर गिल ने कहा कि यह निर्णय मैच की स्थिति और वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### महिला वनडे विश्व कप : पाकिस्तान और बांग्लादेश आज होंगे आमने-सामने

**एजेंसी, कोलंबो।** महिला वनडे विश्व कप में कमजोर टीमों में गिनी जा रही पाकिस्तान और बांग्लादेश वीरवार को यहां एक-दूसरे के आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा आईसीसी टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन करने का होगा। फातिमा सना की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम अपने सारे मैच कोलंबो में खेलेगी, जिसमें भारत के खिलाफ रविवार को होने वाला मैच भी शामिल है। दोनों टीमों ने क्वालीफिकेशन के जरिये विश्व कप में जगह बनाई है। पाकिस्तान क्वालीफिकेशन में शीर्ष रहा था, जबकि बांग्लादेश दूसरे स्थान पर था। पाकिस्तानी टीम का लक्ष्य निगार सुल्ताना की कप्तानी वाली बांग्लादेश टीम पर दबदबा बनाए रखने का होगा। वहीं, बांग्लादेश के अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार दाहिने हाथ की तेज गेंदबाज निशिता अख्तर निशी और हरफनमौला सौम्या अख्तर पर होगा जो इस साल अंडर-19 विश्व कप खेल चुकी हैं। पाकिस्तानी टीम में अनुभवी बिस्माह मारूफ और निदा दर नहीं हैं, लेकिन सना ने कहा कि उनकी कमी पूरी करने के लिए काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी टीम में हैं। (अनंत ज्ञान)

**टेस्ट क्रिकेट** खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

# गिल सेना का वेस्टइंडीज से सामना आज

**एजेंसी, अहमदाबाद**



विवादों से घिरे एशिया कप जीतने के बाद लंबा ब्रेक न मिलने के बावजूद शुभमन गिल की टीम का पलड़ा खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में भारी रहेगा। कप्तान गिल समेत टीम के ज्यादातर सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर दुबई से अहमदाबाद पहुंच चुके हैं और लाल गेंद के टेस्ट प्रारूप के लिए तैयारियों में जुटे हैं। इस टेस्ट सीरीज की खास अहमियत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अंक मिलने के कारण है। इंग्लैंड में 2-2 ड्रॉ सीरीज के बाद गिल की टीम तीसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड एक अंक पीछे है। भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ चार घरेलू टेस्ट खेलने हैं, जिनसे अधिक से अधिक अंक हासिल करने की कोशिश होगी।

अहमदाबाद की पिच इस बार हरी-भरी है और मौसम भी उमस भरा है, मैच के दौरान बारिश की संभावना भी बनी हुई है। वेस्टइंडीज टीम 2025-27 के डब्ल्यूटीसी चक्र में तीन टेस्ट हार चुकी है और कमजोर नजर आती है। इस मुकाबले में सबसे अधिक दिलचस्पी भारत की अंतिम एकादश में होगी, क्योंकि पिच पर घास होने से टीम संयोजन में बदलाव हो सकता है। पिछले सत्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ टर्निंग पिचें भारत के लिए नुकसानदेह साबित हुई थीं।

अक्तूबर 2024 के बाद से टीम में बड़े बदलाव आए हैं। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन टेस्ट क्रिकेट से विदा हो चुके हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी टीम में नहीं हैं। भारतीय टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई संतुलित है। देखना होगा कि अतिरिक्त बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को मौका मिलता है या तेज गेंदबाजी के हरफनमौला नितीश रेड्डी को। स्पिन विभाग की जिम्मेदारी रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव संभालेंगे, जबकि वॉशिंगटन सुंदर या अक्षर पटेल को भी अवसर मिल सकता है। वॉशिंगटन सुंदर ने हाल ही में हैंपशर के लिए काउंटी क्रिकेट खेला है और टीम के साथ अभ्यास किया है।

वेस्टइंडीज टीम जमैका में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिन-रात टेस्ट में महज 27 रन पर आउट हो गई थी, जो उनका न्यूनतम स्कोर है। टीम को कई क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। तेज गेंदबाज शामार जोसेफ और अलजारी जोसेफ चोट के कारण बाहर हैं, जिससे गेंदबाजी कमजोर हुई है। टीम को दो बाएं हाथ के स्पिनरों पर निर्भर रहना होगा। तेज गेंदबाज जेडेन सील्स और स्पिनर जोमेल वारिकन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। क्रेग ब्रेथवेट की अनुपस्थिति में बल्लेबाजी का दारोमदार तेजनारायण चंद्रपॉल और एलिक अथानाजे पर होगा, जो पिछली भारत सीरीज का हिस्सा थे। (अनंत ज्ञान)

**मैच : सुबह 9.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल, बी साई सुदर्शन, रविंद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

**वेस्टइंडीज:** रोस्टन चेस (कप्तान), केवलोन एंडरसन, एलिक अथानाजे, जॉन कैंपबेल, तेजनारायण चंद्रपॉल, शाई होप, टेविन इमलाच, ब्रेंडन किंग, जस्टिन ग्रीव्स, जोहान लेन, खारी पियरे, जोमेल वारिकन, जेडेन सील्स, एंडरसन फिलिप , जेडिया ब्लेड्स।

**चैपल-हैडली ट्रॉफी**

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

**एजेंसी, माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)**



शॉट खेलता मिचेल मार्श।

ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल मार्श की धमाकेदार 85 रन की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत बुधवार को चैपल-हैडली ट्रॉफी के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया। बे ओवल की कड़ाके की ठंड में खेले गए इस मुकाबले में मार्श ने 43 गेंदों में नौ चौके और पांच छक्के जड़कर ऑस्ट्रेलियाई जीत की नींव रखी।

न्यूजीलैंड के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट खोकर 185 रन बना लिए और 21 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। ट्रेविस हेड (31) और मार्श ने पहले विकेट के लिए 5.3 ओवर में 67 रन जोड़े। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट (29) के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जीत का अंतिम चौका मार्कस स्टोइनिस ने लगाया।

इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। हालांकि, शुक्रवार और शनिवार को होने वाले शेष दो मैचों के बारिश से प्रभावित होने की आशंका है। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने महज छह रन पर तीन विकेट गंवा दिए, लेकिन टिम रॉबिंसन ने 65 गेंदों में नाबाद 106 रन की पारी खेली। उन्होंने डेरिल मिचेल (34) के साथ चौथे विकेट के लिए 92 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की। रॉबिंसन ने अपनी पारी में छह चौके और पांच छक्के लगाए। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में छह विकेट पर 181 रन बनाए।

## नकवी का बीसीसीआई को एशिया कप ट्रॉफी और मेडल देने से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पीसीबी अध्यक्ष और पाकिस्तान सरकार के गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने एसीसी की मीटिंग में बीसीसीआई से माफी मांगी है। मोहसिन ने बीसीसीआई से माफी तो मांग ली, लेकिन उन्होंने अभी भी एशिया कप ट्रॉफी को भारत को वापस करने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव खुद एसीसी के ऑफिस आकर ट्रॉफी ले जाएं। इसका मतलब ट्रॉफी को लेकर चल रहा ये विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है।

दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप 2025 के फाइनल मैच में पाकिस्तान को 5 विकेट से मात दी और 9वीं बार एशिया कप का खिताब जीता। भारतीय टीम के इस खिताब के जीतने के बाद ट्रॉफी को लेकर जमकर विवाद हुआ, जो अभी तक थमा नहीं है। भारतीय टीम ने एशिया कप 2025 की ट्रॉफी पीसीबी और एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से लेने से इनकार कर दिया था। मोहसिन काफी देर तक स्टेज पर खड़े रहे और भारतीय टीम ने उनसे ट्रॉफी लेने ना लेने का फैसला किया। इसके बाद मोहसिन नकवी स्टेज से उतरे और ट्रॉफी और मेडल सीधे अपने होटल ले गए। बीसीसीआई ने बाद में पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को ट्रॉफी जल्द से वापस करने को कहा और यह तक कहा कि अगर वह ऐसा नहीं करते तो आईसीसी में इसकी शिकायत दर्ज कराएंगे। (अनंत ज्ञान)

### वैभव सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया में 78 गेंदों में लगाई सेंचुरी

**एजेंसी, ब्रिस्बेन।** 14 साल की भारतीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं. टी-20 और वनडे के बाद अब उनका टेस्ट में भी शानदार फॉर्म जारी है। बुधवार को अंडर-19 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले यूथ टेस्ट के दूसरे दिन बाएं हाथ के इस ओपनर ने सिर्फ 78 गेंदों में रिकॉर्ड शतक जड़ दिया। इयान हीली ओवल में भारत अंडर-19 टीम के इस शेर के नाम अब ऑस्ट्रेलियाई धरती पर यूथ टेस्ट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड दर्ज हो चुका है। उन्होंने जनवरी 2023 में इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ 124 गेंदों में शतक लगाने वाले ऑस्ट्रेलियाई लियाम ब्लैकफोर्ड के रिकॉर्ड को तोड़ दिया. 14 वर्षीय खिलाड़ी ने 86 गेंदों में 113 रनों की पारी खेली, जिसमें नौ चौके और आठ छक्के शामिल थे। यह युवा खिलाड़ी ब्रेंडन मैकुलम के बाद 100 गेंदों से कम समय में दो यूथ टेस्ट शतक लगाने वाला दूसरा खिलाड़ी भी बन चुका है। (अनंत ज्ञान)

## महिला विश्व कप का पहला मैच देखने आए रिकॉर्ड दर्शक

**एजेंसी, गुवाहाटी**



भारत और श्रीलंका के बीच महिला वनडे विश्व कप का पहला मैच देखने करीब 23000 दर्शक स्टेडियम आए जो आईसीसी के किसी महिला टूर्नामेंट में ग्रुप चरण के मैच के लिए एक रिकॉर्ड है। मंगलवार को इस मैच को देखने 22843 दर्शक मैदान पर आए। इससे पहले रिकॉर्ड भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में पिछले साल महिला टी20 विश्व कप के मैच का था, जिसमें 15935 दर्शक आए थे।

आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा,'' आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के पहले मैच में 22843 दर्शक आये जो आईसीसी महिला टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के मैच के लिए एक रिकॉर्ड है।'' मैच से पहले उद्घाटन समारोह में असम के महान गायक दिवंगत जुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि दी गई। गायक पोपोन, जय बरूआ और शिलांग चैंबर कोइर ने जुबीन के लोकप्रिय गीतों को स्वर दिया। वहीं, श्रेया घोषाल ने भारत का, जबकि नुवांधिका कुमारी ने श्रीलंका का राष्ट्रगीत गाया। पारी के ब्रेक में श्रेया ने टूर्नामेंट का आधिकारिक गीत और अपने हिट गीतों की मेडली सुनाई। (अनंत ज्ञान)

**देश-विदेश**

## चैतन्यानंद के कॉलेज से सेक्स टॉय और 5 पोर्न सीडी बरामद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

छात्राओं के यौन शोषण के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी जिस कॉलेज में पढ़ाता था, उसके कैंपस से पुलिस को एक सेक्स टॉय और पांच पोर्न सीडी मिली हैं। दिल्ली पुलिस बुधवार को चैतन्यानंद को लेकर कैंपस में छापेमारी करने गई थी। तलाशी के दौरान पुलिस को अश्लील सामग्री के अलावा प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और ब्रिटेन के एक अन्य नेता के साथ कथित तौर पर स्वामी की जाली तस्वीरें भी मिलीं। एक दिन पहले पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की थी। इसमें पता चला कि वह महिलाओं को आकर्षित करने के लिए उनसे कई वादे करता था। (अनंत ज्ञान)

### आगरा से हुआ था गिरफ्तार



**चैतन्यानंद** पर श्री शारदा इंस्टीट्यूट की 17 छात्राओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है। उसके खिलाफ 4 अगस्त को वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। तब से वह फरार था। चैतन्यानंद पुलिस से बचने के लिए बिना सीसीटीवी कैमरों वाले सस्ते होटलों में ठहरता था। वह उत्तर प्रदेश के धार्मिक शहरों वृंदावन, मथुरा में भी छिपा रहा। चैतन्यानंद के करीबी उसके लिए होटल चुनते थे। 27 सितंबर को वह आगरा के एक होटल में ठहरा था। 28 सितंबर की सुबह 3:30 बजे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है।

### अब सेशन कोर्ट में चलेगा यूट्यूबर ज्योति मामला

**एजेंसी, हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोपों में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। न्यायिक दंडाधिकारी सुनील कुमार की कोर्ट में सुनवाई करते हुए मामले को सत्र न्यायालय में कमिट कर दिया है। अब मामले की अगली सुनवाई 15 अक्तूबर को सत्र न्यायालय में होगी। यहां पर भी ज्योति को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही पेश किया जाएगा। इससे पहले ज्योति की 16 सितंबर को कोर्ट में पेशी हुई थी, जहां उसके वकील कुमार मुकेश को चार्जशीट सौंपी गई थी। कुमार मुकेश ने बताया था कि पुलिस ने अधूरी चार्जशीट सौंपी थी। पुलिस ने कोर्ट में एप्लिकेशन दायर कर पूरी चार्जशीट नहीं देने की बात कही थी, जिसे कोर्ट ने मान लिया था। पुलिस का कहना था कि इसमें संवेदनशील चीजें हैं जो सार्वजनिक नहीं की जा सकती। (अनंत ज्ञान)

## 8 दिन की गिरावट के बाद सेंसेक्स ने लगाई 715 अंकों की छलांग

### निफ्टी 225.20 अंक उछलकर 24,836.30 के स्तर पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**



आठ दिनों की गिरावट के बाद बुधवार को शेयर बाजार में जोरदार उछाल आया और सेंसेक्स 715.69 अंक उछल गया। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। आरबीआई द्वारा प्रमुख ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने और चालू वित्त वर्ष के लिए अपने विकास अनुमान को संशोधित कर 6.8 प्रतिशत करने के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में खरीददारी से इसमें मदद मिली।

बुधवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 715.69 अंक या 0.89 प्रतिशत उछलकर 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 800.81 अंक या 0.99% बढ़कर 81,068.43 अंक पर पहुंच गया था। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 225.20 अंक या 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,836.30 पर आ गया। वहीं, एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। चीन में राष्ट्रीय दिवस की छुट्टी के कारण बाजार बंद रहे। यूरोप के शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। (अनंत ज्ञान)

### सोने और चांदी के दाम ऑलटाइम हाई पर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 1 अक्तूबर को एक बार फिर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,983 रुपए बढ़कर 1,17,332 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले यह 1,15,349 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत भी 2,686 रुपए महंगी होकर 1,45,120 पर पहुंच गई। इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 41,170 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,17,332 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 59,103 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,45,120 रुपए प्रति किलो हो गई है।

### 5-6 दिसंबर को भारत आ सकते हैं पुतिन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और रूस के बीच कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर की शुरुआत में भारत यात्रा पर आ सकते हैं। यानी पांच से छह दिसंबर के बीच वह भारत आ सकते हैं। उनकी यात्रा से पहले रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भारत आने की संभावना है। बताया जा रहा है कि दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा और आर्थिक सहयोग पर महत्त्वपूर्ण वार्ता होगी। यह दौरा भारत-रूस संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### अस्थियां लेकर जा रहे मां-बेटे समेत 6 की मौत

**एजेंसी, मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में सड़क हादसे में एक परिवार के 5 लोगों समेत 6 की मौत हो गई। इनमें 3 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। तेज रफ्तार अर्टिगा कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें 5 की मौके पर मौत हो गई। एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक की हालत गंभीर है। दरअसल, हरियाणा के रहने वाले महेंद्र जुनेजा की कैंसर से मौत हो गई थी। उन्हीं की अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए सभी करनाल से हरिद्वार जा रहे थे। हादसे में महेंद्र की पत्नी, एक बेटा, दो बहनें, एक जीजा और ड्राइवर की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### पीओके में पाक सेना की प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सरकार के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन जारी है। इसे रोकने के लिए सिक्योरिटी फोर्सेज ने बुधवार को निहत्थे लोगों पर फायरिंग की। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। तीन दिन जारी इन प्रदर्शनों में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आज बाघ जिले के धीरकोट में 4 लोग मारे गए, मुजफ्फराबाद में 2 और मीरपुर में 2 मौतें हुईं। ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का हुजूम आज पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च कर रहा है। इन्होंने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें पीओक विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग शामिल है। (अनंत ज्ञान)

### इथियोपिया में निर्माणाधीन चर्च गिरा, 25 की मौत

**एजेंसी, अमहारा।** इथियोपिया के अमहारा क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया जब निर्माणाधीन चर्च अचानक गिर गया। हादसे में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना मेनजार शेनकोरा अरेरती मरियम चर्च में हुई, जहां श्रद्धालु सेंट मैरी के वार्षिक पर्व पर इकट्ठा हुए थे। स्थानीय अस्पताल के चिकित्सक सेयोम अल्टाए ने बताया कि मृतकों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 25 शव बरामद किए गए हैं और घायलों की संख्या सौ से अधिक है। (अनंत ज्ञान)

## राजस्थान में भारी बारिश, जयपुर में रावण के पुतले बहे

**एजेंसी, जयपुर**



देशभर से मानसून मंगलवार को खत्म हो गया, लेकिन बारिश का दौर जारी है। राजस्थान में बुधवार को तेज बारिश का अलर्ट है। कल जयपुर, सीकर सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। जयपुर में 2 घंटे की बारिश से सड़कें तालाब बन गईं। जयपुर के इलाकों में 2 से 3 फीट पानी भर गया। दशहरा पर रावण दहन के लिए तैयार पुतले भी पानी में बहते दिखे। कोटा में 221 फीट ऊंचा रावण का पुतला भीग गया। दावा है कि यह दुनिया का सबसे ऊंचा रावण का पुतला है। मौसम विभाग ने राजस्थान में दशहरे के दिन, 2 अक्टूबर को भी तेज बरसात की आशंका जताई है।

भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि इस साल देश में मानसून सीजन (जून से सितंबर तक) में सामान्य से 8% ज्यादा बारिश हुई है। भारत में चार महीने के दौरान 868.6 एमएम बारिश होती है।

इस साल 937.2 एमएम वर्षा दर्ज की गई। मौसम से जुड़ी घटनाओं में 1520 लोगों की मौत हुई। कुल मौतों में से 935 बाढ़ और भारी बारिश से हुईं, जबकि 570 लोग बिजली गिरने और आंधी-तूफान में मारे गए। मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 290 मौतें दर्ज की गईं। (अनंत ज्ञान)

## इसराइली हमलों से गाजा में 16 की मौत

### मृतकों में गाजा सिटी के अल-फलाह स्कूल में शरण लेने वाले शरणार्थी भी शामिल

**एजेंसी, गाजा सिटी**



गाजा पट्टी पर इसराइल के हवाई हमले लगातार जारी हैं। बुधवार को कम से कम 16 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है। यह हमले ऐसे समय हो रहे हैं जब पूरी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति योजना पर हमास की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है। मृतकों में वे लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने गाजा सिटी के अल-फलाह स्कूल में शरण ली थी। अधिकारियों के मुताबिक स्कूल पर दो बार हमला हुआ। अस्पतालों ने बताया कि हमलों में राहतकर्मी भी मारे गए। सुबह एक और हमले में पांच लोगों की मौत तब हुई जब वे पीने के पानी की टंकी के पास खड़े थे। नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक दंपती की मौत हुई, जबकि बुरेज शिविर में एक व्यक्ति मारा गया। मंगलवार को तुर्की चैनल टीआरटी के पत्रकार यहया बरजाक भी एक हमले में मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि अब तक इसराइली अभियान में 66,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है और करीब 1.70 लाख लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या आधी है। (अनंत ज्ञान)

### शांति के प्रस्ताव पर विचार करेगा हमास

**हमास** ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के गाजा शांति प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने से पहले इसपर विचार करेगा और अन्य फिलिस्तीनी गुटों के साथ भी चर्चा करेगा। ट्रंप का कहना है कि हमास के पास प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के लिए तीन या चार दिन का ही समय है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा, 'हमास या तो प्रस्ताव पर सहमत होगा और अगर ऐसा नहीं होता है, तो इसका अंत बहुत दुखद होगा।'

**अपराध** एक ही वर्ष में 14 फीसदी बढ़े दहेज से जुड़े अपराध, 15 हजार से ज्यादा मामले

## देश में वर्ष 2023 में दहेज अपराधों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में दहेज से जुड़े अपराधों में साल 2023 के दौरान कुल 14 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट 'क्राइम इन इंडिया 2023' के अनुसार, पूरे साल में 15 हजार 489 मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही, दहेज के कारण छह हजार 156 महिलाओं की जान भी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में दहेज निषेध अधिनियम के तहत 13,568 मामले दर्ज हुए थे। 2022 में ये संख्या थोड़ी घटी और 13,479 मामले आए। लेकिन 2023 में अचानक बढ़ोतरी हुई और 15,489 मामले दर्ज किए गए।

साल 2023 में दहेज से जुड़े कुल 83 हजार 327 मामले अदालतों में विचाराधीन थे। इनमें से 69 हजार 434 मामले पिछले वर्षों से लंबित चल रहे थे। इस दौरान 27 हजार 154 गिरफ्तारियां हुईं, जिनमें 22 हजार 316 पुरुष और 4838 महिलाएं शामिल थीं। (अनंत ज्ञान)

### मौतों का आंकड़ा भी डराने वाला

**देश** में दहेज के मामलों से जुड़ी मौतों के मामले भी बेहद गंभीर हैं। एनसीआरबी रिपोर्ट कहती है कि साल 2023 में कुल 6156 महिलाओं की जान गई। इसमें भी उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 2122 मौतें हुईं। बिहार दूसरे नंबर पर रहा, जहां 1143 मौतें दर्ज की गईं। इतना ही नहीं, 2023 में 833 हत्या के मामलों में भी दहेज को वजह बताया गया।

### किन-किन राज्यों में सबसे ज्यादा मामले

**दहेज** से संबंधित अपराध के उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं, यूपी में इसकी संख्या सात हजार 151 है। इसके बाद बिहार में 3665 और कर्नाटक में 2322 मामले दर्ज हुए। वहीं, 13 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (जैसे पश्चिम बंगाल, गोवा, अरुणाचल प्रदेश, लद्दाख और सिक्किम) ने बताया कि उनके यहां 2023 में दहेज का एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ।